

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,बुधवार 4 सितंबर 2024 ■ भाद्रपद पक्ष-1 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-157 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 5 सितंबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## अबूझमाड़ में एनआईए का छापा,4 गिरफ्तार

### घोर नक्सल प्रभावित इलाकों में छापेमारी,माड़ बचाओ मंच के नेता का नाम आया सामने

**नारायणपुर,4अगस्त।** माओवादियों द्वारा 20 मार्च 2023 को मार्ग अवरुद्ध करने मामले में एनआईए की टीम ने अबूझमाड़ के घोर नक्सल प्रभावित इलाकों में की छापेमारी की. तलाशी के दौरान नक्सलियों के शहरी नेटवर्क से जुड़े 4 माओवादी की गिरफ्तारी हुई, जो संगठन को रसद सप्लाई के साथ अन्य काम करते थे. इनके साथ 35 माओवादियों के नाम सामने आए, जिनसे पूछताछ जारी है. जांच में ओरछा में लम्बे समय से धरने पर बैठे माड़ बचाओ मंच के नेता लखमा कोर्राम के माओवादी होने का आरोप लगाया गया है. एनआईए की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि मंगलवार को मार्च 2023 के सड़क नाकाबंदी मामले के लिए जिम्मेदार सीपीआई (माओवादी) कैडरों और समर्थकों की तलाश में नारायणपुर जिले में कई स्थानों पर तलाशी ली. घटना से संबंधित मामले में कुल 35 आरोपियों को नामित किया गया है, जिसमें



प्रतिबंधित संगठन के कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने इंडिया गेट रायनार के पास नारायणपुर-ओरछा मुख्य सड़क को विभिन्न हिस्सों को खोदकर, पेड़ों को काटकर और कई स्थानों पर बड़ी-बड़ी चट्टानों को छोटे-छोटे टुकड़े करके अवरुद्ध कर दिया था, नाकाबंदी का उद्देश्य पुलिस दलों को मारना और उनके हथियार लूटना था. मामले में एनआईए की जांच के दौरान कुछ सीपीआई (माओवादी) समर्थकों/ओजीडब्ल्यू के नाम सामने आए थे. उन पर सीपीआई (माओवादी) के अग्रणी संगठन, माड़ बचाओ मंच के सदस्य होने का संदेह है, ऐसा माना जाता है कि उन्होंने अपराध को अंजाम देने में सीपीआई (माओवादी) की सहायता की थी. ओरछा में माड़ बचाओ मंच का नेता लखमा राम उर्फ लखमा कोर्रम इस मामले में आरोपपत्रित माओवादी है.जांच से पता चला है कि माड बचाओ मंच मुठभेड़ों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन आयोजित करता है, और उन्हें रसद सहायता प्रदान करने के अलावा, प्रतिबंधित संगठन के लिए नए शिविर स्थापित करने में मदद करता है. वे सीपीआई (माओवादी) विचारधारा के प्रचार-प्रसार के लिए माड़ बचाओ मंच के बैनर तले विभिन्न बैठकें भी आयोजित करते हैं. फ्रंटल संगठन के सदस्य माओवादी कैडरों तक आवश्यक सामग्री आदि पहुंचाने का भी काम करते हैं. मंगलवार को की गई तलाशी में फ्रंटल संगठन के चार संदिग्ध सदस्यों को निशाना बनाया गया और एनआईए की टीमों ने नारायणपुर जिले के कस्तूरमेटा, मदाली और मल्कल गांव के माओवाद प्रभावित संवेदनशील इलाकों में उनके परिसरों की तलाशी ली, जो सीपीआई (माओवादी) के माड डिवीजन के अंतर्गत आता है. मामले में आगे की जांच जारी है.

## केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ के लिए स्वीकृत किए 8 लाख 47 हजार पीएम आवास

**रायपुर,4अगस्त ■ तरुण छत्तीसगढ़**

केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ को 8 लाख 46 हजार 931 प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति प्रदान की है. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना गरीबों के कल्याण की योजना है. पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार में राज्य के 18 लाख परिवार वंचित हो गये थे. बघेल सरकार ने गरीबों का हक सिर्फ इसलिए छीना था, क्योंकि इस योजना में प्रधानमंत्री के नाम का जिक्र था. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव के साथ केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रदान की गई स्वीकृति को लेकर मुख्यमंत्री आवास में प्रेस को संबोधित किया. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ के लिये यह खुशी की बात है. पिछले पांच साल में कांग्रेस की सरकार में प्रधानमंत्री आवास से वंचित लोगों तक हम अपनी बात पहुँचाना चाहते हैं. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग़रीबों के कल्याण की योजना है. तत्कालीन भूपेश बघेल सरकार में राज्य के 18 लाख परिवार वंचित हो गये थे. बघेल सरकार ने गरीबों का हक सिर्फ इसलिए छीना था क्योंकि इस योजना में प्रधानमंत्री के नाम का जिक्र था. मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी ने यह



वादा किया था कि सरकार बनते ही इस पर फ़ैसला लिया जाएगा. राज्य में भाजपा सरकार के आते ही पहली कैबिनेट में ही यह फ़ैसला ले लिया गया. प्रदेश सरकार के राज्यांश जमा नहीं करने की वजह से केंद्रीय मद दूसरे राज्य को आवंटित कर दिया गया था. उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने 8 लाख 46 हज़ार आवास की स्वीकृत दी है. पिछली सरकार की निष्क्रियता की वजह से वंचित लोगों को लाभ मिलेगा. इनमें से विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों को के लिए 24 हजार आवास बनकर पूर्ण हो चुके हैं. मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि 47 हजार 90 लोगों के आवास की स्वीकृति पिछली सरकार ने एक अलग योजना बनाकर दी थी, इनमें से 25 हजार लोगों को आवास स्वीकृत किया था. हम पिछली सरकार द्वारा की गई घोषणा में कोई भेदभाव नहीं कर रहे हैं.

## संक्षेप

### सफलता पर पुलिस जवानों को बधाई

**रायपुर,4अगस्त।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में पुलिसबल के जवानों द्वारा 09 नक्सलियों के मारे जाने की खबर मिलने पर डीआरजी और सीआरपीएफ के वीर जवानों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि निश्चित ही यह सुरक्षाबल के जवानों के लिए बड़ी सफलता है। मैं इस अभियान में शामिल सभी सुरक्षा अधिकारियों, जवानों की बहादुरी को सलाम करता हूं और बधाई देता हूं। नक्सलवाद के खात्मे तक हमारी यह लड़ाई जारी रहेगी। ज्ञात हो कि पुलिस की संयुक्त टीम की नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में अब तक 09 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। इसके साथ ही बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों द्वारा 13 सक्रिय माओवादियों को गिरफ्तार किए जाने की भी खबर प्राप्त हुई है। देश के गृहमंत्री श्री अमित शाह पिछले दिनों छत्तीसगढ़ प्रवास पर आए थे। इस दौरान उन्होंने नक्सल उन्मूलन के लिए 6 राज्यों के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक लेकर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने डीआरजी और सीआरपीएफ के वीर जवानों को बधाई दी है।

### दिनदहाड़े चाकू मारकर युवक की हत्या

**बिलासपुर,4अगस्त।** न्यायधानी के तिफरा इलाके में एक युवक की दिनदहाड़े चाकू मारकर हत्या से इलाके में सनसनी फैल गई है. घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी युवक फरार हो गा है. सिरगिट्टी पुलिस जुर्म दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी हुई है. जानकारी के मुताबिक, तिफरा के बछेरापारा निवासी आकाश सूर्या सुबह करीब 9 बजे अपने काम के लिए घर से निकला. इस दौरान बछेरापारा चौक के पास उसकी मुलाकात शुभम साहू से हुई, जो उसी इलाके का रहने वाला है. पुरानी रंजिश पर दोनों के बीच हाथापाई हुई. इस बीच आरोपी शुभम साहू ने अचानक चाकू से आकाश सूर्या पर हमला कर दिया. इस हमले में आकाश गंभीर रूप से घायल हो गया. स्थानीय लोगों ने उसे सिम्स अस्पताल ले गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. घटना की सूचना मिलते ही सिरगिट्टी पुलिस पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है.

### पुलिस विभाग में बड़ी संख्या में तबादले

**दुर्ग,4 अगस्त।** ट्रासंफर का दौर जारी है. इस बीच दुर्ग पुलिस विभाग में बड़े पैमाने पर तबादला हुआ है. यह ट्रांसफर लिस्ट एसपी जितेंद्र शुक्ला ने ट्रांसफर जारी किया है, जिसमें 292 पुलिसकर्मियों है. इसमें निरीक्षक, उप निरीक्षक और सहायक उप निरीक्षक के साथ आरक्षकों का नाम शामिल है. एसपी जितेंद्र शुक्ला ने पुलिस व्यवस्था में सुधार के लिए छह निरीक्षक, एक एसआई और 12 एएसआई के साथ 273 सिपाहियों को इधर से उधर किया है. स्थानांतरण आदेश में एसपी ने सभी पुलिस कर्मियों को अपनी नई पदस्थापना पर ड्यूटी ज्वाइन करने का निर्देश दिया है. निरीक्षक अंबिका प्रसाद ध्रुव को लंबे समय से ग्रामीण इलाकों में पदस्थ थे, उन्हें वर्तमान पोस्टिंग जामगांव आर से थाना पद्माभपुर का प्रभारी बनाया गया है. वहीं पद्मनाभपुर की जिम्मेदारी संभाल रहे अंबर सिंह भारद्वाज को संवेदनशील क्षेत्र खुर्सीपार थाना भेजा गया है. खुर्सीपार थाना प्रभारी वंदिता पानिकर को स्मृति नगर चौकी की जिम्मेदारी दी गई है. स्मृति नगर चौकी प्रभारी एसआई पुरुषोत्तम कुर्रे को जेवरा सिरसा चौकी और निरीक्षक राजेश साहू को जेवरा सिरसा से भट्ठी थाना प्रभारी बनाया गया है. वहीं भट्ठी थाना प्रभारी प्रशांत मिश्रा अब भिलाई नगर के प्रभारी होंगे. वहीं राजनीति और अन्य मामलों में संवेदनशील भिलाई नगर थाने के प्रभारी राजकुमार धृतलहरे को जामगांव आर थाना भेजा गया है.

### जम्मू-कश्मीर की रैली में बोले राहुल गांधी

## पहली बार किसी स्टेट को बनाया गया केंद्र शासित प्रदेश, छीना गया आपका हक

**श्रीनगर,4 अगस्त।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी आज जम्मू-कश्मीर में चुनावी रैली को संबोधित करते पहुंचे हैं। रामबन में अपने संबोधन में राहुल गांधी ने कहा कि भारत के इतिहास में पहली बार राज्य का दर्जा छीना गया है। केंद्र शासित प्रदेश को पहले राज्य बनाया गया। उन्होंने कहा कि एक राज्य को खत्म कर दिया गया है और लोगों के अधिकार छीन लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सबसे पहले, जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा वापस करना होगा क्योंकि न केवल आपका राज्य छीना गया है, बल्कि आपके अधिकार, आपकी संपत्ति, सब कुछ आपसे छीना जा रहा है। राहुल ने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि 1947 में हमने राजाओं को हटाकर लोकतांत्रिक सरकार बनाई, देश को संविधान दिया। आज जम्मू-कश्मीर में एक राजा हैं, उनका नाम है एलजी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पूरे देश में बीजेपी और आरएसएस के लोग नफरत और हिंसा फैला रहे हैं। उनका काम नफरत फैलाने का है और हमारा काम मोहब्बत फैलाने का है। उन्होंने कहा कि वो तोड़ते हैं और हम जोड़ते हैं। नफरत को मोहब्बत से ही हराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अंत में मोहब्बत की ही जीत होती है। पहले नरेंद्र मोदी छाती फैलाकर आते थे और अब झुककर आते हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि ये लड़ाई दो विचारधाराओं के बीच में है। एक तरफ- नफरत, हिंसा, डर, दूसरी तरफ- मोहब्बत और सम्मान। उन्होंने कहा कि हम कन्याकुमारी से कश्मीर तक पैदल चले, जिसमें हमने नारा दिया- नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलनी है। उन्होंने कहा तकि हमारा पहला कदम जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा वापस दिलाना होगा।

## अंततः डीपीएस मामले में अपराध दर्ज

**भिलाई,4 अगस्त ■ तरुण छत्तीसगढ़**

शहर के बहुचर्चित डीपीएस की पांच वर्षीय छात्रा से लैंगिक छेड़छाड़ के मामले में पुलिस ने दो महीने बाद पाक्सो एक्ट में केस दर्ज किया है। प्रदर्शन और राजनीति से स्वजन इतने ज्यादा व्यथित हो गए कि उन्होंने बच्ची को स्कूल छुड़वाने के लिए टीसी का आवेदन कर दिया। इसमें उन्होंने बच्ची के साथ गलत होने की बात लिखी है। पुलिस ने उसी आवेदन के आधार पर एफआइआर की। जबकि स्वजन रिपोर्ट नहीं चाहते थे, लेकिन राजनीतिक दवाव में एफआईआर कर ली गई। इसके बाद अब स्वजन ने पुलिस से कहा है कि जब उनकी बच्ची के साथ कुछ हुआ ही नहीं है तो रिपोर्ट कैसे दर्ज कर ली गई? बता दें कि बीते पांच जुलाई को डीपीएस की पांच वर्षीय छात्रा से लैंगिक छेड़छाड़ की घटना की बात सामने आई थी। जबकि डाक्टरी





जांच में लैंगिक छेड़छाड़ नहीं, यूटीआइ (यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन) की पुष्टि हुई थी। इस मामले को लेकर काफी हंगामा हुआ। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी दुर्ग पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाया था। इसके बाद अब पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ये घटना नेवई थाना क्षेत्र की है, लेकिन पुलिस ने महिला थाना में पाक्सो एक्ट की धारा के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। सूत्र बता रहे हैं कि सोमवार को बच्ची के स्वजन महिला थाने में पहुंचे और एफआइआर पर आपत्ति करने लगे। उनका कहना था कि जब उनकी बच्ची के साथ कुछ गलत हुआ ही नहीं तो एफआइआर कैसे कर ली गई ये है पूरा मामला बीते पांच जुलाई को डीपीएस रिसाली में नर्सरी की पांच वर्षीय छात्रा की तबीयत बिगड़ी थी। उसे पेशाब में जलन, दर्द हो रहा था। इसके बाद ये बात उठी कि बच्ची से लैंगिक छेड़छाड़ हुआ है और आरोप स्कूल की एक आया पर लगा था। लेकिन डाक्टरों ने जांच में लैंगिक छेड़छाड़ नहीं, बल्कि यूटीआइ पाया था। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने स्वतः संज्ञान लेकर इसकी जांच कराई थी और लैंगिक छेड़छाड़ जैसी कोई बात नहीं पाई थी स्वजन नहीं चाहते थे। पुलिस ने टीसी के आवेदन को आधार बनाकर एफआइआर की। प्रदर्शन व राजनीति से व्यथित स्वजन मासूम बच्ची को स्कूल छुड़वाने के लिए मजबूर हुए।

## मोदी और ब्रुनेई के किंग के बीच बड़ी डील से 57 मुस्लिम देश हैरान!

**नई दिल्ली,4 अगस्त।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत और ब्रुनेई के बीच गहरे ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंध हैं। इस वर्ष हम अपने राजनीतिक संबंधों की 40वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। इस अवसर पर हमने अपने संबंधों को एन्हांस पार्टनरशिप का दर्जा देने का निर्णय लिया है। हमने अपनी साझेदारी को रणनीतिक दिशा देने के लिए सभी पहलुओं पर व्यापक चर्चा की। हम आर्थिक, वैज्ञानिक और रणनीतिक क्षेत्रों में अपने सहयोग को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमने कृषि, उद्योग, फार्मा और स्वास्थ्य के साथ-साथ फिनटेक और साइबर सुरक्षा में आपसी सहयोग पर ध्यान केंद्रित करने का निर्णय लिया है। पीएम



मोदी ने कहा कि रक्षा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए हमने रक्षा उद्योग प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण की संभावनाओं पर सकारात्मक रूप से विचार किया। अंतरिक्ष के क्षेत्र में अपने सहयोग को मजबूत करने के लिए हमने उपग्रह विकास, रिमोट सेंसिंग और प्रशिक्षण पर सहमति व्यक्त की है। दोनों देशों के बीच कनेक्टिविटी के लिए जल्द ही सीधी उड़ानें शुरू की जाएंगी। पीएम मोदी ने कहा कि मैं इस गर्मजोशी भरे स्वागत और आतिथ्य के लिए महामहिम और पूरे शाही परिवार के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। यह भारतीय प्रधानमंत्री की ब्रुनेई की पहली द्विपक्षीय यात्रा है, लेकिन हर पल हम यहां दोनों देशों के सदियों पुराने संबंधों का एहसास कर रहे हैं। इस वर्ष ब्रुनेई की स्वतंत्रता की 40वीं वर्षगांठ है, आपके नेतृत्व में ब्रुनेई ने परंपरा और निरंतरता के महत्वपूर्ण संगम के साथ प्रगति की है... 140 करोड़ भारतीयों की ओर से, मैं आपको और ब्रुनेई के लोगों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं।

## पैरालंपिक 2024 : सुहास और नित्या को मिला सिल्वर और ब्रॉन्ज

### कोच ने कहा- अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता पा सकते हैं खिलाड़ी

**रायपुर,4 अगस्त ■ तरुण छत्तीसगढ़**

भारतीय पैरा खिलाड़ियों सुहास यतिराज और नित्या ने हाल ही में हुए पैरालंपिक खेलों में सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल जीत लिया है. इन खिलाड़ियों की सफलता के पीछे उनके स्ट्रेंथ एंड कंडिशनिंग कोच राहुल पांडेय का अहम योगदान रहा है. राजधानी रायपुर के रहने वाले राहुल पांडेय को पैरा ओलंपिक में होने वाले बैडमिंटन खेल का कोच नियुक्त किया गया है. जिसने इन खिलाड़ियों को कड़ी मेहनत और समर्पण से प्रशिक्षित



किया है. राहुल पांडेय के मार्गदर्शन में सुहास और नित्या ने अपनी फिटनेस और प्रदर्शन में उल्लेखनीय सुधार किया. उनकी फिटनेस ट्रेनिंग के योगदान रहा है. जिससे ये खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सके और देश के लिए पदक जीतने में सफल रहे. राहुल पांडेय ने अपनी फिटनेस ट्रेनिंग के माध्यम से साबित किया है, कि सही मार्गदर्शन और प्रशिक्षण से खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निरंतर सफलता हासिल कर सकता है.

## सनकी तानाशाह किम जोंग उन ने अपने 30 अधिकारियों को फांसी पर लटकाया

**नई दिल्ली,4 अगस्त।** उत्तरी कोरिया के सनकी और तानाशाह शासक किम जोंग उन का क्रूर चेहरा एक बार फिर दुनिया के सामने आया है। किम जोंग उन ने अपने देश के 30 वरिष्ठ अधिकारियों को फांसी दे दी है। इन लोगों को कसूर सिर्फ ये था कि ये लोग भयानक बाढ़ में लोगों को बचाने में नाकाम रहे थे। बाढ़ ने चागांग प्रांत के कई हिस्सों को तबाह किया था, जिसमें 4000 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। बता दें कि पिछले महीने भी पार्टी के 20-30 प्रमुख व्यक्तियों को मार दिया गया था। दक्षिण कोरियाई न्यूज आउटलेट चोसुन टीवी और सेंट्रल न्यूज एजेंसी चष्ट्बद्ध की रिपोर्ट के मुताबिक किम जोंग ने उन सभी व्यक्तियों को सजा देने को कहा है, जो इस आपदा में अपनी जिम्मेदारियों को ठीक से नहीं निभा पाए थे। चागांग प्रांत के बर्खास्त पार्टी सचिव कांग बोंग हून को भी पकड़ लिया गया है। बता दें कि इस बार नॉर्थ कोरिया में बाढ़ विनाशकारी साबित हुई। भारी बारिश और भूस्खलन के कारण 4000 से ज्यादा लोग मारे गए। इतनी बड़ी त्रासदी के बाद किम जोंग ने खुद बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया था। इसके कुछ वीडियो भी वायरल हुए थे। सुप्रीम लीडर ने बाढ़ की विभिषिका को देखते हुए नॉर्थ कोरिया के कई राज्यों में आपातकाल घोषित किया है।

## नक्सलियों ने बैनर-पोस्टर लगाकर कोलकाता रेप और मर्डर का जताया विरोध

**नारायणपुर,4 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में नक्सलियों ने बैनर और पोस्टर लगाकर कोलकात के आर जी कर मेडिकल कॉलेज में महिला डॉक्टर के साथ रेप और हत्या के मामले में विरोध दर्ज कराया है. नक्सलियों ने ये बैनर-पोस्टर ओरछा मार्ग पर पिंगुण्डा नाले के पास लगाए गए हैं, जिसमें उन्होंने कोलकाता रेप और



मर्डर केस के दोषियों को जल्द से जल्द फांसी देने की मांग की है. इसके अलावा नक्सलियों ने बैनर पोस्टर के माध्यम से बस्तर में चल रहे नक्सल ऑपरेशन और अन्य बातों का उल्लेख किया है. छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त बनाने के लिए सरकार की तरफ से जारी अभियान को लेकर नक्सलियों ने सुरक्षा बलों से अपील करते हुए लिखा है कि नेता मंत्रियों और पूंजिपतियों के दबाव में आकर माओवादीयों को मारना बंद करो. इसके अलावा नक्सलियों ने सरकार पर प्राकृतिक संपत्तियों को पूंजिपतियों को सौंपने का आरोप लगाते हुए प्राकृतिक धरोहरों की रक्षा करने की अपील की है. यह पूरा मामला छोटेडोंगर थाना क्षेत्र का है. बैनर-पोस्टर्स मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने तेजी से सर्चिंग अभियान शुरू कर दिया है. मौके पर सुरक्षा बल के जवानों की तैनाती की गई है और बैनर-पोस्टर को जब्त कर लिया गया है.

## महज घंटे भर की बारिश में दुकानों में घुसा पानी, नाराज व्यापारियों ने किया चक्काजाम

**कांकेर,4अगस्त।** दुकानों में पानी घुसने से नाराज व्यापारियों ने चक्काजाम किया. बार-बार अवगत करवाने के बाद भी शासन-प्रशासन पर ध्यान नहीं देने का आरोप है. दुकानों में पानी घुसने से व्यापारियों को नुकसान



हो रहा. पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर मौजूद हैं. दरअसल, एक घंटे की मूसलाधार बारिश से नए बस स्टैंड के पास दुकानों में पानी घुस गया. नई सड़क से ऊंची नाली छोटे व्यापारियों के लिए मुसीबत बन गई. पानी भरे होने की वजह से दुकान खोलने की स्थिति में नहीं है. बीते माह भी नाराज व्यापारियों ने चक्काजाम किया था. विधायक के आश्वासन के बाद भी व्यवस्था नहीं सुधरी है.

## योग गुरु पर डॉक्टर से रेप का आरोप

### कहता था- पूर्व जन्मों से हैं संबंध; गिरफ्तार

**बेंगलुरु,4 अगस्त।** बेंगलुरु के एक प्रसिद्ध योग गुरु पर अमेरिकी डॉक्टर ने योग सिखाने के बहाने कई बार बलात्कार करने का आरोप लगाया है। आरोपी चिकमंगलूर में आश्रम चलाता है। आरोपी पर महिला डॉक्टर के साथ आध्यात्मिक संबंध बनाने के बहाने रेप करने का आरोप है। पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर चुकी है। आरोपी ने महिला को इस बात का यकीन दिलाया कि उनके पिछले जन्म से आध्यात्मिक संबंध हैं। मामले में जांच कर रहे पुलिस अधिकारी का कहना है कि उसके सैंकड़ों अनुयायी हैं और हम जांच कर रहे हैं कि क्या उसने आश्रम में पहले भी इस तरह की घटनाएं अंजाम दी हैं। फिलहाल वो न्यायिक हिरासत में है।

चिकमंगलूर पुलिस अधिकारी सचिन कुमार ने बताया कि पीड़िता 42 वर्षीय महिला डॉक्टर की आरोपी से पहली बार मुलाकात साल 2000 में किसी दोस्त के जरिए हुई थी। योग गुरु प्रदीप उल्लाल (53 वर्ष) केवला फाउंडेशन का प्रमुख है। वह इस आश्रम को दो दशकों से चला रहा है। उसे एक अमेरिकी डॉक्टर के साथ आध्यात्मिक संबंध के बहाने रेप करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने महिला डॉक्टर को इस बात यकीन दिला दिया था कि पिछले जन्म में उनके बीच आध्यात्मिक संबंध थे। डॉक्टर की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी प्रदीप के खिलाफ रविवार को आईपीसी की धारा 376 (बलात्कार) के तहत मामला दर्ज किया और मामले की जांच शुरू की। बलात्कार कथित तौर पर 2021 और 2022 के बीच हुआ था।

अमेरिका की महिला डॉक्टर ने पुलिस को बताया कि सोशल मीडिया के ज़रिए वह आरोपी के संपर्क में आई और ऑनलाइन योग कक्षाएं लेने लगी। मूल रूप से पंजाब की रहने वाली और अब कैलिफोर्निया निवासी पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसे उल्लाल की आध्यात्मिक शिक्षाओं में बहकाया गया और बाद में 2021 और 2022 के बीच कई बार उसके साथ रेप किया। शिकायत के अनुसार, महिला पहली बार 2020 में किसी दोस्त के माध्यम से उल्लाल के संपर्क में आई थी। ऑनलाइन योग क्लासेस के बाद वह मल्लेनहल्ली में उसके केंद्र पर आने लगी। 1 नवंबर 2021 को पहली यात्रा के दौरान, वह 21 दिनों तक वहीं रही। महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि इस दौरान प्रदीप ने कथित तौर पर उसे बहकाना शुरू कर दिया, उसे विश्वास दिलाया कि पिछले जन्म से उनके बीच गहरा आध्यात्मिक संबंध है।

उसने आरोप लगाया कि उल्लाल ने ऊर्जा और दिव्य प्रेम साझा करने की आड़ में उसे यौन क्रियाकलापों के लिए मजबूर किया। वह दावा करता था कि ये उसकी आध्यात्मिक प्रगति के लिए आवश्यक हैं। इस दौरान दो या तीन बार और बलात्कार किया गया। इसके बाद वह कैलिफोर्निया लौट आई और फरवरी 2022 में उसे फिर से मल्लेनहल्ली बुलाया गया, जहां वह 10 दिनों तक रही। इस अवधि के दौरान, उसने आरोप लगाया कि उल्लाल ने उसके साथ कई बार बलात्कार किया। महिला ने यह भी खुलासा किया कि वह आरोपी के इन कुकृत्यों के कारण गर्भवती हो गई और दुर्भाग्य से गर्भपात भी हो गया। शारीरिक और भावनात्मक शोषण के अलावा, महिला ने यह भी दावा किया कि उल्लाल ने उसका आर्थिक शोषण भी किया है।

### भोपाल स्टेट म्यूजियम में 15 करोड़ की चोरी

**भोपाल,4 अगस्त।** भोपाल के स्टेट म्यूजियम में मंगलवार को एक चौंकाने वाली घटना सामने आई। चोरी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। इस युवक ने म्यूजियम में विजिटर बनकर प्रवेश किया और रातभर वहीं अंदर छिपा रहा। अगले दिन सुबह म्यूजियम के कर्मचारियों ने जब म्यूजियम खोला, तो उन्हें दो कमरों में गैलरी के कांच टूटे हुए मिले और महत्वपूर्ण सामान गायब था। जब होम गार्ड्स और प्राइवेट गार्ड्स ने सर्चिंग शुरू की तो उन्हें दालान में एक युवक बेहोश मिला। उसके पैर में गंभीर चोट थी। युवक के पास एक बड़ा बैग मिला था, जिसमें 2000 साल पुराने गुप्त काल के सिक्के, ब्रिटिश और नवाबी काल के सोने के सिक्के, जेवर, बर्तन और अन्य कीमती एंटीक वस्तुएं थीं। जांच में यह पाया गया कि युवक ने म्यूजियम की ऊंची दीवार फांदने की कोशिश की, लेकिन इसी दौरान उसका पैर टूट गया और वह बेहोश हो गया। म्यूजियम में 50 से अधिक फिंगर प्रिंट्स (स्द्बद्दद्दह्लश्चह्द्बठ्ठह्लह्य) मिले हैं, जिससे यह संकेत मिलता है कि आरोपी संभवतः अकेला था। हालांकि, यह जांच की जा रही है कि क्या उसके बाहर कोई साथी था।

## एक नजर



### लूट के आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई, 4 सितंबर।** सुपेला थाना क्षेत्र गदा चौक सुपेला के पास लूटपाट करने वाले तीन आरोपियों को सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है सुपेला टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि निरंजन सिंह निवासी शांति नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 2 सितंबर की शाम 5.30 बजे अपने भांजे के इन्द्रजीत सिंह के साथ ऑटो में सुपेला गये थे देशी शराब भट्ठी सुपेला के पास तीन अज्ञात युवक ने हाथ मुक्का से मारपीट कर इन्द्रजीत के जेब में रखे 3500 रूपये को बलपूर्वक झपटमारी कर छीनकर वहां से भाग गये रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया मुखबीर सूचना के आधार पर संदेही संजय साव, सुरेन्द्र यादव एवं अनुप वासनिक को पकड़कर पूछताछ किया तो उन्होंने अपना जुर्म स्वीकारते हुए प्रार्थी से लूटे गये रकम 3000 रूपये बरामद कराया गया है।

### गांजा बेचते युवक गिरफ्तार



**भिलाई, 4 सितंबर।** भिलाई रुआबांधा बस्ती में अवैध रुप से गांजा बेचते हुए एक युवक को भिलाईनगर पुलिस ने पकड़ा है उसके कब्जे से 20 हजार रुपए का गांजा जब्त किया है इस मामले में पुलिस ने आरोपी जय प्रकाश उर्फ टोपू निर्मलकर के खिलाफ धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया है भिलाईनगर टीआई राजकुमार लहरे ने बताया कि सोमवार को मुखबीर से सूचना मिली कि जय प्रकाश उर्फ टोपू निर्मलकर नामक व्यक्ति रुआबांधा बस्ती में अवैध रुप से गांजा एक छोटे सफेद बोरी में बिक्री के लिए ग्राहक तलाश रहा है सूचना पर पुलिस शीतला तालाब के पास गार्डन गेट के पास चेक पोष्ट रुआबांधा बस्ती पहुंचकर घेराबंदी कर युवक को पकड़कर पूछताछ किया उसके कब्जे से 2.030 गांजा जब्त किया गया जब्त गांजे की कीमत 20 हजार रुपए आंकी गई है ।

### अपनी मां से मारपीट करने वाले पुत्र को पुलिस ने भेजा जेल

**कवर्धा, 4 सितंबर।** ई. क्रमांक 29 /129 धारा 170/126,135.3 बीएन एस एस अनावेदक पालन दास भारती पिता कलम दास भारती उम्र 41 साल ग्राम चंडालपुर शराबी प्रवृत्ति का है जो अपनी मां को शराब पीकर मारपीट किया था जिस पर करवाही किया गया और पौड़ी पुलिस चौकी प्रभारी त्रिलोक प्रधान ने बताया की मां से मारपीट करने वाले कलयुगी पुत्र को जेल भेज दिया गया ।

### जनपद सदस्य चुनाव कौन लड़ेगा,चर्चा शुरू







**कवर्धा, 4 सितंबर।** बोडला ब्लॉक में जनपद सदस्य का चुनाव कौन लड़ेगा चर्चा शुरू हो गई है । श्रीमती रेवती मुकेश वर्मा , रवि वर्मा , जयराम साहू की चर्चा होती हुई दिख रही है की जनपद सदस्य का चुनाव लड़ सकते है । महतारी वंदन योजना , महंगाई , विकास को लेकर मुद्दों की चर्चा भी जोरो से हो रही है ।

### निगम ने 4 कर्मचारियों को दी विदाई



**भिलाई, 4 सितम्बर।** भिलाई निगम में 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके 04 कर्मचारियों को विदाई दी गई। गौरतलब है निगम सभागार में सोमवार को 04 कर्मचारियों को विदाई दी गई। निगम प्रशासन की ओर से कर्मचारियों को स्मृति चिन्हए शाल और श्रीफल भेंट करते हुए सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना किए। इसके पूर्व सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों ने भिलाई निगम में सेवाकाल के दौरान कार्य एवं अनुभव को साझा करते हुए सभी को सामंजस्य बनाकर कार्य करने के लिए प्रेरित किए। सेवानिवृत होने वाले कर्मचारी जनगणना विभाग से सहायक ग्रेड.02 श्रीमती शोभा चैबेए जोन क्रमांक 03 से सहायक ग्रेड.02 पूरन लाल चन्द्राकरए पम्प सहायक सुनील कुमार अग्रवाल एवं सफाई कामगार श्रीमती मनटोरा बाई को निगम प्रशासन की ओर से स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। इन सभी कर्मचारियो को निगम के सभागार में 02 सितम्बर 2024 को बिदाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किये। बिदाई कार्यक्रम में स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अलीए स्थापना अधीक्षक बसंत देवांगन, युनियन के पदाधिकारी संजय शर्माए शरद दुबे, शशिभूषण मोहंती, वामन राव, नलनिश मिश्रा, पुरूषोत्तम साहू, राजसक्करए रीता चतुर्वेदी सहित निगम के अधिकारी कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# ब्राह्मणों ने संकट की हर घड़ी में राष्ट्र को बचाने का कार्य किया:प्रेमप्रकाश पांडेय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 4 सितम्बर ।** ब्राह्मणों को ज्ञान का प्रतीक माना गया है। इतिहास गवाह है कि ब्राह्मणों ने संकट की हर घड़ी में आगे आकर राष्ट्र को बचाने का कार्य किया है और बलिदान देकर राष्ट्र.रक्षा का कार्य अपने सिर माथे लिया है। उक्ताशय के उद्गार पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेम प्रकाश पांडे ने सरयूपारीय ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि की आसंदी से बोलते हुए व्यक्त किये। समाज के प्रतिभवान बच्चे.बच्चियों को सम्मानित करते हुए पांडेय ने कहा कि इस पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होकर उन्हें सुखद अनुभूति हो रही है। सम्मानित होने वाले बच्चों को समाज की बहुमूल्य पूंजी बताते हुए पूर्व विधानसभा अध्यक्ष पांडेय ने कहा कि इनके आगे बढ़ने से समाज स्वयं को



गौरवान्वित महसूस करेगा। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज सदैव सकारात्मक सोच के साथ कार्य करते चले आ रहा है। पांडेय ने बच्चों के साथ ही पालकों का भी आह्वान किया कि वे शिक्षा में और ध्यान दें। खासकर अभी की नई तकनीक पर आधारित शिक्षा पर हमारे बच्चे ध्यान दें यही समय की मांग है। प्रेमप्रकाश पांडेय ने ब्राह्मण समाज की अग्रगामी चिंतनधारा का उल्लेख करते हुए कहा कि इस समाज के कई लोगों ने अन्य समाज के विकास के लिए कार्य किया है और सहयोग भी किया है। यह समाज अपने अलावा अन्य समाज की भी चिंता करता है। उन्होंने समाज के लोगों को जागरूक किया कि हमें अन्य समाज को भी ज्ञान से परिपूर्ण करना हैए हमें जागरूक रहना हैए समाज को संगठित कर आगे ले जाना है और सशक्त माध्यम से दायित्व निभाना है। सरयूपारीण ब्राह्मण समाज द्वारा समाज के होनहार बच्चों एवं समाज के ही ऐसे व्यक्तित्व को शॉल.श्रीफलए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ भगवान ब्रह्मदेव की पूजा अर्चना कर के किया गया। समाज के ही एक बालक अनंत कुमार मिश्रा द्वारा शिव तांडव स्तोत्र पाठ की स्तुति एवं हनुमान चालीसा पाठ किया गया। समाज अध्यक्ष प्रभुनाथ मिश्रा ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को पद्मश्री सम्मान से सम्मानित कवि सुरेन्द्र दुबे ने संबोधित करते हुए कहा कि समाज द्वारा अपने बच्चों को लेकर उत्साहित करने वाला यह कार्यक्रम करना काफी सराहनीय है। स्मृति नगर गृह निर्माण समिति अध्यक्ष राजीव चौबे ने कहा कि ब्राह्मण समाज के बच्चे और आगे बढ़ें। इस अवसर पर प्रख्यात चित्रकार ललित दुबेए जिन्होंने करीबन 7 करोड़ बार राम नाम लिखकर कई महान हस्तियों के चित्र उस राम नाम पर उकेरे हैं का भी सम्मान किया गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष नागेंद्र पांडेए महासचिव रामलखन मिश्राए कार्यक्रम प्रभारी विष्णु पाठक ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित एन पी मिश्रा,चंद्रशेखर पांडे सुभाष चंद्र तिवारीए रविंद्र शुक्लाए शंकर चरण पांडेए कैलाश पाठकए राजेंद्र दुबेए संजय मिश्राए सुबोध पांडेए विजय शुक्लाए के डी त्रिपाठीए दिनेश मिश्राए सुनील मिश्राए विजय नारायण द्विवेदीए जे एन तिवारीए प्रदीप पांडेए नागेंद्र पांडेए अखिलेश त्रिपाठीए प्रीति राहुल दुबेए शशि प्रभा मिश्राए रुक्मणि मिश्राए कनक मिश्राए रीता शर्माए स्वरूप लता पांडेए लालिमा तिवारीए एकता मिश्राए रीना दुबेए अंजू तिवारीए प्रतिमा तिवारीए विमला मिश्राए किरण दुबेए अन्नू पांडेए रश्मि दुबेए अनीता पांडेए ममता मिश्राए मीना त्रिपाठीए रेखा शर्माए मंजू पांडेए आशा शर्माए प्रभा चौबेए वीना दुबे सहित समस्त सरयूपारीण ब्राह्मण समाज के पदाधिकारीए कार्यकारिणी सदस्य एवं बच्चो के अभिभावक परिवार सहित उपस्थित थे। कार्यक्रम संचालन सुनील मिश्रा आभार प्रदर्शन विष्णु पाठक ने किया।

# स्कूल में छात्र-छात्राओं को दी गई नए कानूनों की जानकारी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 4 सितंबर।** पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव के मार्गदर्शन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, पुष्पेन्द्र बघेल एवं उप पुलिस अधीक्षक मोनिका सिंह परिहार के निर्देशानुसार महिला सेल कबीरधाम द्वारा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला स्कूल समनापुर में उपस्थित छात्र-छात्राओं को सउनि विजया कैवर्त के द्वारा नये कानून के बारे में बताया गया, एवं अपराधिक कानुनो की मुख्य विशेषताओं के बारे मे बताया गया व अभिव्यक्ति एप के बारे में बताया गया, एवं घरेलू हिंसा, साईबर क्राईम, पोक्सो एक्ट, दहेज प्रथा,, छेड़छाड़, यातायात नियमों का पालन, गुड टच,बैड टच, के बारे में बताया गया, एवं स्कूल के शिक्षिकाओं को अभिव्यक्ति एप के बारे में व महिलाओं के ऊपर हो रहे घटनाओं के बारे में बताया गया व अभिव्यक्ति एप डाउनलोड कराया गया कार्यक्रम में महिला सेल कबीरधाम से सउनि विजया कैवर्त,आर चंद्रशेखर चंद्राकर, महिला आरक्षक थलेशवरी निषाद, रुकमणी व स्कूल के प्रधान पाठक हेमलता सोनी, कुमारी जयश्री झा, श्रीमती हेमलता मानकर, भारती धुर्वे उपस्थित रहे।

# हिंदी में काम करना हमारा राष्ट्रीय कर्तव्य है:दिनेश



**भिलाई, 4 सितम्बर ।** भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग में राजभाषा विभाग के सहयोग से राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भिलाई इस्पात संयंत्र के महाप्रबंधक दिनेश कुमार थे। उन्होंने अपने उद्बोधन में प्रतियोगिता के समस्त विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि उन्हें अन्य समस्त कार्मिकों को भी हिंदी में शत.प्रतिशत कार्यालयीन कार्य करने के लिए सहायता करना होगा। उन्होंने कहा किए नगर सेवाएँ विभाग को संयंत्र स्तर पर हिंदी में सराहनीय कार्यों के लिये लगातार वार्षिक राजभाषा वैजयंती पुरस्कार मिलता रहा हैए हमें उत्कृष्टता का यह क्रम लगातार बनाए रखना है साथ ही इसे और भी उच्च स्तर पर लेकर जाना है। हिंदी में काम करना हमारा राष्ट्रीय कर्तव्य हैए हिंदी में कार्यालयीन कामकाज तथा संपूर्ण कार्य व्यवहार करना हमें गर्व तथा आत्म संतुष्टि देता हैए हिंदी बोलने.लिखने से कार्यों में सरलता होती है तथा सहकर्मियों से हिंदी में बात करने से हमें आत्मीयता की अनुभूति होती है। विभागीय प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए सहायक महाप्रबंधक एवं विभागीय राजभाषा समन्वय अधिकारी यशवंत कुमार साहू ने बताया कि विभाग द्वारा शत.प्रतिशत पत्राचार तथा समस्त कार्यालयीन कामकाज हिंदी में किया जा रहा है। कार्यक्रम में राजभाषा विभाग द्वारा पर्यावरणए सामान्य ज्ञान एवं सुरक्षा पर आधारित प्रतियोगिता का आयोजन हिंदी भाषा में किया गयाए जिसमें उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार मुकुंद दास मानिकपुरीए द्वितीय पुरस्कार डॉ शीतल चंद्र शर्मा एवं तृतीय पुरस्कार राजेश कुमार गुहा तथा प्रोत्साहन पुरस्कार विवेक मिश्रए सुश्री श्रुति तिवारी एवं वाय उमाशंकर ने प्राप्त किया। संचालन मुकुंद दास मानिकपुरी तथा डॉ शीतल चंद्र शर्मा ने आभार प्रदर्शन किया।

### शिक्षक दिवस पर बीएसपी करेगा शिक्षकों को सम्मानित

**भिलाईए 4 सितम्बर ।** सेल.भिलाई इस्पात संयंत्र के शिक्षा विभाग द्वारा 5 सितम्बर को भिलाई निवास के बहुउद्देशीय सभागार में संध्या 5 बजे से शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया है। महान दार्शनिक एवं शिक्षाविद डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। शिक्षक दिवस समारोह में संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। शिक्षक दिवस के अवसर पर संयंत्र एवं संबद्ध निजी विद्यालयों के प्रतिभावान शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। शिक्षकों के योगदान को सम्मानित करने के लिए इस दिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। हमारे जीवन में शिक्षकों का महत्व केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं है। वे हमारे जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और हमें अच्छा इंसान बनने में मदद करते हैं। शिक्षक दिवस हमें यह अवसर प्रदान करता है कि हम अपने शिक्षकों का आभार व्यक्त कर सकें और उनके द्वारा दिए गए ।

# अमेजन आफिस में चोरी के मामले में दो गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई,4 सितंबर।** जेवरा सिरसा दुर्ग में अमेजन कोरियर सर्विस पार्सल आफिस में चोरी करने वाले दो चोर पकडे गए। पुलिस ने त्रिनयन सीसीटीवी ऐप के माध्यम से संदिग्ध काले रंग की कार का पीछा कर बालाघाट के दो आरोपियों तक पुलिस पहुंची दुर्ग सीएसपी चिराग जैन ने बताया कि अर्पित बरनवाल निवासी कर्मचारी नगर सिकोला भाठाए करहीडीह जेवरा सिरसा दुर्ग स्थित अमेजन कोरियर सर्विस पार्सल ऑफिस में मैनेजर पद पर काम करता है। उन्होंने चौकी जेवरा सिरसा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 23 अगस्त को अमेजन कोरियर सर्विस पार्सल आफिस का कर्मचारी लव देवागंन फोन पर बताया कि आफिस के शटर का ताला टूटा हुआ है। अंदर रखी आलमारी का भी ताला टूटा हुआ था जिसमें रखी नगदी रकम चोरी हो गई। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफधारा 331ए 305 बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। एसीसीयू प्रभारी निरीक्षक तापेश्वर नेताम व चौकी प्रभारी जेवरा सिरसा




निरीक्षक राजेश साहू के नेतृत्व में टीम गठित की।रास्तों में लगे सीसीटीवी कैमरों का त्रिनयन ऐप के माध्यम से फूटेज खंगाला। घटना स्थल पर एक संदिग्ध काले रंग की हुंडई एसेंट कार दिखा। जिसके आधार पर सीसीटीवी के माध्यम से लगातार कार का पीछा किया गया। इससे संदिग्ध कार का नंबर स्पष्ट हुआ। कार के नंबर के आधार पर वाहन मालिक का पता लगाया गया। वाहन मालिक से पूछताछ पर 23 अगस्त को उनके परीचित बालाघाट ;मण्प्रण्द्ध निवासी सुनील कावडे ;35 वर्ष द्ध ने कार का इस्तेमाल करना पता चला। जिसें टीम ने आरोपी के निवास स्थान जागपुर थाना भरवेली जिला बालाघाट मप्र व संतोष लिल्हारे 46वर्ष निवासी बालाघाट में घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ करने पर बालाघाट से भिलाई अपने परिचित के घर आना बताया।आरोपियों के कब्जे से 98 हजार रूपये नगद एवं घटना में प्रयुक्त काले रंग की हुंडई एसेंट कार जब्त किया है।

# परिवार का कोई भी सदस्य प्राप्त कर सकता है राशन



भिलाई, 4 सितम्बर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र राशन कार्ड का नवीनीकरण किया गया है। हितग्राही अपने पुराने राशन कार्ड को राशन दुकान में जमा कर नवीनीकृत राशन कार्ड प्राप्त कर सकते हैं। सभी राशन दुकानों को हितग्राही के राशन कार्ड का पीडीएफभी वितरण करने दिया गया है। जहां पर जाकर परिवार का कोई भी सदस्य जिसका नाम राशन कार्ड में दर्ज है। अपना पुराना राशन कार्ड जमा कर नवीन राशन कार्ड प्राप्त कर सकते हैं । आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर राशन कार्ड वितरण करने कर्मचारियों की डयूटी भी लगाई गई है। जिससे निगम भिलाई क्षेत्र में राशन कार्डधारियों को राशन कार्ड आसानी से वितरण किया जा सके। निगम भिलाई क्षेत्र के राशन कार्ड धारक अपने वार्ड एवं क्षेत्र के नजदीकी राशन दुकान जाकर अपना नवीन राशन कार्ड प्राप्त कर सकते हैं। यह राशन कार्ड पुरी तरह से निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। जिससे उन्हे पुराने राशन कार्ड के जगह नवीन राशन कार्ड वितरण किया जा सके। इसके लिए निगम के कर्मचारियो के साथ आंगनबाड़ी कार्यकता एवं मितानीनो की डयूटी लगाई गई है। महापौर नीरज पाल ने क्षेत्र के नागरिको से अपील की है कि नागरिक अपना नवीन राशन कार्ड जल्द से जल्द प्राप्त कर ले। जिससे उन्हे राशन की दुकानो में जाकर राशन छुड़ाने में किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो। यह राशन कार्ड उनके सुविधा के लिए ही दिया जा रहा है।



**कवर्धा, 4 सितंबर।** पोड़ी में मूर्तिकार शिवा कुंभकार और राकेश कुंभकार गणेश की मूर्ति बनाने में व्यस्त

# ईएमएमएस सेक्टर-9 स्पेलिंग का सरताज स्पर्धा में रहा प्रथम



भिलाई, 4 सितम्बर । 03 सितम्बरए 2024 को सेल.भिलाई इस्पात संयंत्र के शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित बीएसपी इंटर स्कूल स्पेलिंग का सरताज 2024.25 प्रतियोगिता में इंग्लिश मीडियम मिडिल स्कूलए सेक्टर.9 ने अंग्रेजी और हिंदी दोनों श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता महाप्रबंधक ;शिक्षाद्ध श्रीमती शिखा दुबे तथा प्रधानाध्यापिका सुश्री संगीता सागर के मार्गदर्शन में आयोजित की गई थी। अंग्रेजी श्रेणी में प्रथम स्थान ईएमएमएसए सेक्टर.9 के वैदिक साहू एवं आर्यन मसीह की टीम नेए द्वितीय स्थान बीएसपी ईएमएमएस 1 विद्यालय के जोया मोइन और शेख अयान अहमद की टीम ने तथा तृतीय स्थान भिलाई इस्पात विकास विद्यालय ;बीआईवीवीद्ध . सेक्टर 6 के गरिमा निसाद और चंचल निर्मलकर की टीम ने प्राप्त किया। इसी प्रकार बीएसपी इंटर स्कूल स्पेलिंग का सरताज 2024.25 प्रतियोगिता के हिन्दी श्रेणी में प्रथम स्थान ईएमएमएसए सेक्टर.9 के नुपूर कौशिक नेए द्वितीय स्थान ईएमएमएसए सेक्टर.6 के चैतन्य निर्मलकर ने तथा तृतीय स्थान ईएमएमएसए सेक्टर.7 के मोहित निगम ने प्राप्त किया। इंग्लिश मीडियम मिडिल स्कूलए सेक्टर.9 में इंटर स्कूल स्पेलिंग का सरताज 2024.25 कॉम्पिटिशन का आयोजन 2 श्रेणियों अंग्रेजी और हिंदी में किया गया था। स्पेलिंग का सरताज 2024.25 कॉम्पिटिशन में हिंदी माध्यम के लिए व्याख्याताए ईएमएमएस सेक्टर.9 एस के तम्बोली ने ;स्पेल.बी मास्टरद्ध निर्णायक की भूमिका निभाई। हिंदी माध्यम के लिए समन्वयक के रूप में सुश्री सुपर्णा रुद्र ने अपना योगदान दिया। स्पेलिंग का सरताज कॉम्पिटिशन में अंग्रेजी माध्यम हेतु सहायक महाप्रबंधक ;जनसंपर्कद्ध सुश्री अपर्णा चंद्रा ने ;स्पेल.बी मास्टरद्ध निर्णायक की भूमिका निभाई। कॉम्पिटिशन में सुश्री सुनीता अनिल ने अंग्रेजी माध्यम की समन्वयक के रूप में अपना योगदान दिया।

### बागेश्वर कसौधन वैश्य समाज का तीज मिलन समारोह आयोजित



**भिलाई, 4 सितम्बर।** श्री बागेश्वर कसौंधन वैश्य महिला समाज द्वारा आयोजित तीज मिलन समारोह धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। समारोह में भिलाई की अतिथि दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल की धर्मपत्नी श्रीमती रजनी बघेलए श्रीमती डॉ मानसी गुलाटीए उपासना साहू पूर्व पार्षदए छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती आशा गुप्ताए सचिव श्रीमती प्रभा गुप्ताए कोषाध्यक्ष श्रीमती आशा गुप्ता एवं साधारण सदस्यों की उपस्थिति में सफल बनाया। गणेश वंदना श्रीमती पूजा श्रीमती राधिका द्वारा गायन करके कार्यक्रम का आरंभ किया गया। प्रभा नेहा अर्चना नीतू अलका गीता योगिता रीना गगन पल्लवी सुमन रमन अनीता मीरा माया नंदकिशोर प्रभा गुप्ता उपस्थित थे।



### टमाटर और करेला हुआ महंगा , कैसे मनाएंगे त्योहार

**कवर्धा।** पोड़ी गांव में बाजार में टमाटर का पचास रुपया सुनकर ग्राहक हुए परेशान । त्योहार समीप है लेकिन टमाटर अचानक पचास रुपया होने के कारण टमाटर चटनी कैसे बनाएंगे । करेला भी 80 रुपया किलो हो गया है कैसे अच्छे से तीजा ज्योहार मनाएंगे। बसों में भारी भीड़ थी और महिलाओं ने कहा अचानक टमाटर बीस से चालीस और पचास रुपया कैसा हो जाता है । करेला खरीदना जरूरी है क्या करे शायद महंगाई गिफ्ट बन गई है ।

## एक नजर

### तालाब में डूबने से बच्चे की मौत



**डोंगरगढ़ 4 सितंबर।** विकासखंड के ग्राम अछोली में 13 साल के बच्चे के तालाब में डूबने से मौत हो गई है प्राप्त जानकारी अनुसार गुलशन साहू पिता सुखचैन साहू निवासी पुराना अछोली उम्र 13 साल अपने मित्र विनोद साहू के साथ सुबह 9ः00 बजे अछोली के स्टाफ डैम नहाने के लिए गया था दोनों ही स्टाफ डैम में नहा रहे थे की गुलशन का पैर गहरे पानी में स्लिप हो गया जिससे कि डूबने से उसकी मौत हो गई, डूबने के पश्चात उसके मित्र विनोद साहू ने घर जाकर मोहल्ले के पारस साहू एवं धनेश को बताया दोनों ने आकर डैम से गुलशन की बॉडी बाहर निकाल ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस प्रशासन को दी जिसे अस्पताल ले जाकर उसका पोस्टमार्टम कर बॉडी घर वालों को सौंप दिया गया।

### आगामी गणेशोत्सव एवं त्योहारों के पूर्व ड्राई रन अभ्यास



**राजनांदगांव 4 सितंबर।** आज दिनांक 03.09.2024 को पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति0 पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑपरेशन श्री मुकेश ठाकुर, अति0 पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में गणेशोत्सव एवं आगामी त्योहारों के मद्देनजर शहर में कानून एवं यातायात व्यवस्था बनाये रखने हेतु यातायात प्रभारी निरीक्षक श्री अजय कुमार खेस की उपस्थिति में शहर के गौरव पथ से प्रारंभ होकर मानव मंदिर चौक, सिनेमा लाईन, भारत माता, कामठी लाईन, सुरजन गली, रामाधीन मार्ग, तिरंगा चौक, गंज चौक, कुआँ चौक, बसंतपुर थाना तिराहा, सदर लाईन, भारत माता चौक, मानव मंदिर चौक मार्ग में एम्बुलेंस, फायर बिग्रेड, क्रेन एवं यातायात पेट्रोलिंग का ड्राई रन अभ्यास कराया गया। यातायात पुलिस की आम जन से अपील है कि आगामी त्योहारों के मद्देनजर कानून एवं यातायात व्यवस्था बनाये रखने में राजनांदगांव पुलिस का सहयोग करें, एवं असुविधा से बचे।

### आदतन बदमाश पर कार्रवाई



**राजनांदगांव 4 सितंबर।** प्रार्थी चौकी चिखली उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 02.09.2024 को अपने दोस्त के साथ बोरी चौक गया था तभी ग्राम बोरी का रहने वाला बादल ताम्रकर और उसका भाई गुलशन ताम्रकर आया और डरा धमका कर शराब पीने के लिए अवैध रूप से रूपये पैसो की मांग करने लगे मना करने पर दोनो एक राय होकर मां बहन की अश्लील गाली गुप्तार कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का, डण्डा से मारपीट कर चाकू से वार किया मारपीट होते देख प्रार्थी के दोस्त बीच बचाव करने आया तो उसे भी गुलशन ताम्रकर हाथ मे रखे गाड़ी की चाबी से सिर के पीछे मारकर घायल कर दिया कि रिपोर्ट पर चौकी चिखली मे धारा 296,115,351(2),119(1),3(5) भा.न्या.सं., 25,27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया मामले की सूचना वरिष्ठ अधिकारियो को दिया गया। श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहूल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में चौकी चिखली स्टाफ द्वारा आरोपीयो की पतासाजी कर विश्वस्त सूचना पर घेराबंदी कर आरोपी 01. बादल उर्फ विश्वा ताम्रकर पिता शिवा ताम्रकर उम्र 20 साल, 02. गुलशन ताम्रकर पिता शिवा ताम्रकर उम्र 22 साल दोनो साकिनान ग्राम बोरी पुलिस चौकी चिखली जिला राजनांदगांव छ.ग. का रहने वाला आदतन बदमाश को पकड़ा गया । घटना मे प्रयुक्त डण्डा और चाकू को जप्त कर वैधानिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। आरोपीयो के विरूद्ध पूर्व मे आर्म्स एक्ट, आबकारी अधिनियम अनेक अपराध दर्ज है। असमाजिक तत्वो, गुण्डा बदमाशो के विरूद्ध सतत् अभियान कार्यवाही जारी रहेगी । उपरोक्त कार्यवाही में उनि नरेश कुमार बंजारे, म0प्र0आर0 वंदना पटले, आर0 मनोज जैन, मिर्जा असलम बेग, सिन्धु सिन्हा, देवेन्द्र ब्रम्हणकर, किशोर मार्बल चौकी चिखली स्टाफ का महत्वपूर्ण भूमिका एवं सराहनीय योगदान रहा है।

### सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिये 9 सितम्बर तक वार्डो में शिविर

**राजनांदगांव 4 सितम्बर।** नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा प्रति माह पेंशन का भुगतान वार्डो में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कडी में हितग्राहियों को माह जून 2024 का पेंशन भुगतान के लिये वार्डो में 16 अगस्त 2024 से 9 सितम्बर 2024 तक प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 5 सितम्बर को सुभाष वार्ड नं. 27 व तिलक वार्ड नं. 28 के लिये कन्या प्राथमिक शाला भरका पारा में, विवेकानंद वार्ड नं. 29 के लिये मठपारा सामुदायिक भवन में व कैलाश वार्ड नं. 30 के लिये पार्षद कार्यालय कैलाश नगर में एवं 7 सितम्बर को जनता कालोनी वार्ड नं. 31, संजय वार्ड नं. 32, लखोली वार्ड नं. 35 व सेठी नगर वार्ड नं. 36 के लिये यादव भवन गौठान लखोली में तथा 9 सितम्बर को लखोली वार्ड नं. 33 के लिये कबीर भवन बैगापारा लखोली में व कन्हारपुरी वार्ड नं. 34 के लिये शंकर भवन कन्हारपुरी में शिविर का आयोजन किया गया है। निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से वार्डो में आयोजित शिविर में प्रातः 11ः30 बजे से दोपहर 4 बजे तक उपस्थित होकर माह जून 2024 की पेशन का लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने शिविर में लगे कर्मियों से कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देवे एवं कोई भी हितग्राही पेंशन लेने से वंचित न रहे।

# शक्तिवाहिनी के कार्यक्रमों में लोगों ने लिया उत्साह से हिस्सा

## महावीर मंदिर परिसर में दही हांडी लूट एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 4 सितंबर।** शक्ति वाहिनी डोंगरगढ़ के द्वारा स्थानीय महावीर मंदिर प्रांगण में दहीहंडी लूट एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें झूला सजाओ प्रतियोगिता एवं मटकी सजाओ प्रतियोगिता भी रखी गई जिसमें बड़ी संख्या में शहर के बच्चों और महिलाओं ने भाग लिया । सबसे पहलेसे कान्हा जी की आरती के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई उसके पश्चात छोटे-छोटे बच्चों की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता रखी गई जिसमें छोटे-छोटे बच्चे राधा कृष्ण, सीता जी ,फौजी, श्रवण कुमार, ऐसे अनेक रूपों में अपनी प्रस्तुति दिए तथा सभी का मन मोह लिये ।इसके अलावा युवतियों और महिलाओं ने भी बड़ी संख्या में धार्मिक गानों पर अपनी शानदार प्रस्तुति दी । तथा दही हांडी लूट का प्रथम पुरस्कार थाना चौक की टीम ने प्राप्त किया । उसके बाद सभी को समिति के द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया । जिसे अतिथियों के द्वारा प्रदान किया गया । सभी अतिथियों को भी समिति की ओर से प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विश्व हिंदू परिषद के प्रांत सह मंत्री नंदू राम साहू ,विहिप जिला कार्यकारी अध्यक्ष तरुण हत्तेल, जिला संयोजक बजरंग दल सुनील सेन, सांसद प्रतिनिधि परविंदर सिंह मोंटी , बजरंग दल जिला सहसंयोजक हनी गुप्ता,सनातन सेवा से अनिल पांडे ,बजरंग दल नगर संयोजक ऋषभ डकहा, शुभम परिहार , नगर साहू समाज अशोक साहू,सनातन जागृति सेवा संस्थान से बालमुकुंद तराने ,महाकाल भक्त समिति से कुश मालेकर ,मारुति नंदन भक्त समिति से अभिषेक साहू, प्रयास एक छोटा सा की अध्यक्ष अनुराधा शर्मा ,कर्तव्य फाउंडेशन की अध्यक्ष पलक जैन यह सभी विशेष अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित हुए । इस शुभ अवसर पर शक्ति वाहिनी की बहने एवं नगर की मातृशक्ति कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शामिल हुए । जिसमें प्रमुख रूप से वैशाली देशकर,निशा चावड़ा, ज्योति बड़वाईक, बरखा सोनी ,पूनम ठाकुर ,सीमा मिश्रा ,पूजा सिंह राजपूत, शारदा भोंडे, शारदा अग्रवाल, हर्षा देवांगन ,निर्मला त्रिपाठी ,अंजू चौधरी नमिता चौबे ,सविता साहू, बिंदु जेठवा, मंजू बघेल, रीना रगड़े ,गुलशन खांडेकर ,सुनीता बघेल , सौम्या भारद्वाज ,नम्रता सिसोदिया ,वंदना सिसोदिया, श्रद्धा अग्रवाल, इंदु यादव नीता तराने, अमिता गुमास्ता ,स्मृति वर्मा ,कृष्णा शर्मा ,नवनीत कौर, ,सीता शर्मा ,वंदना सोनी ,कविता बघेल, कविता नामदेव, प्रीति पाल, सपना सिन्हा, मधु महोबिया, प्रीति गौतेल, ज्योति गौतेल शाहिद शक्ति वाहिनी की सभी सदस्य एवं नगर की मातृ शक्ति बड़ी संख्या में मौजूद रही ।

### विधायक ने छत्तीसगढ़ यादव समाज भवन के लिए दस लाख रुपए की स्वीकृति दी

**रायपुर 4 सितंबर।** पं, क्रं,181/90 के समस्त यादव समाज के प्रति मण्डल के मांग किए जाने पर छत्तीसगढ़ यादव समाज पं क्रं,,181/90 के श्री कृष्ण मंदिर यादव समाज सेवा समिति ईकाई यादव पारा श्याम नगर ईकाई के लिए माननीय श्री पुरंदर मिश्रा विधायक रायपुर उत्तर विधानसभा ने दस लाख रुपए विधायक निधि से स्वीकृति किए हैं। माननीय विधायक जी द्वारा यादव समाज के विकास के लिए सहयोग प्रदान किए हैं। जो कि सराहनीय है। माननीय विधायक जी आपके द्वारा इस प्रकार महान कार्य किए जाने से समस्त यादव समाज में हर्ष व्याप्त है। तथा हम आपका आभार एवं धन्यवाद व्यक्त करते हैं। तथा आगामी कार्यक्रम समाज के बैठक लेकर एवं सर्वसहमति से निर्णय लेकर माननीय विधायक जी का जल्द ही नागरिक अभिनंदन समारोह कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर यादव समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उपस्थिति दर्ज कराई है।



# सेवानिवृत्त होने पर मंडावी को ससम्मान दी गई विदाई

■ 37 वर्ष के लंबे सेवाकाल में अपने सरल-सहज स्वभाव के साथ कर्तव्यनिष्ठा के लिए समर्पित रहे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 4 सितंबर।** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ में 37 वर्षो की लंबी सेवा कर अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर वनस्पति विज्ञान विभाग में प्रयोगशाला तकनीशियन के पद पर कार्यरत बी.एस. मंडावी 31 अगस्त को सेवानिवृत्त हुए। उनकी सेवा निवृत्ति अवसर पर उन्हे महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती के निर्देशन में समस्त महाविद्यालय परिवार द्वारा उनका बिदाई समारोह आायोजित कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में श्री मंडावी के साथ कार्य कर चुके अन्य महाविद्यालयों में स्थानांतरिक, पदोन्नत एवं पूर्व में सेवा निवृत्त हुए समस्त कर्मचारियों को भी आमंत्रित कर उन्हे तिलक लगाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका महाविद्यालय परिवार द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने श्री मंडावी के साथ अपने अनुभव का साझा करते हुए उनके सरल, सहज एवं मिलनसार एवं कर्मठ कार्यशैली की प्रशंसा की। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई.व्ही. रेवती ने कहा कि श्री मंडावी अपने सरल-सहज स्वभाव के साथ-साथ अपने पूरे सेवाकाल में समय के पाबंद रहे। साथ ही महाविद्यालय द्वारा समय-समय पर दिये गये दायित्वों एवं शुल्क काउंटर में उनकी सेवा की सराहना की। इसी प्रकार वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष अविनाश सिंह ने भी उनके साथ अपने 2 साल के कार्यकाल के दौरान उनके साथ कार्य के अनुभव साझा करते हुए उनकी कार्यशैली की प्रशंसा की। इसी प्रकार नेहरू महाविद्यालय से ही सेवानिवृत्त हुए सहा.ग्रेड नानकलाल परिहार, प्रयो.तक. कामताराम साहू, सहित महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्या. डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर, क्रीड़ा अधिकारी डॉ. एम.एल. नंदेश्वर, सहा.प्राध्या. ओ.पी वर्मा, प्रयो.तक. सजय तिवारी, हिन्दी विभाग अतिथि व्याख्याता डॉ. नीता राजपूत, अर्थशास्त्र विभाग से मनीषा भेड़िया सहित वनस्पति विज्ञान विभाग के छात्र-छात्राओ ने श्री मंडावी के साथ अपने अनुभव साझा करते हुए उनके सहज सरल स्वभाव के साथ उनकी अपने कर्तव्य के प्रति निष्ठा की प्रशंसा करते हुए उनके स्वस्थ्य जीवन व दीधार्यु की कामना की।

कार्यक्रम के अंत मे श्री मंडावी ने अपने 37 वर्षो के अनुभव को साझा करते हुए कहा कि जो व्यक्ति जीवन में आया है उसे एक दिन मरना है, उसकी प्रकार शासकीय सेवा आने पर एक दिन सेवा निवृत्त होना पड़ता है। उन्होने उक्त सम्मान आयोजित करने के लिए महाविद्यालय की प्राचार्य समस्त महाविद्यालय परिवार को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय परिवार की ओर मोमेन्टो, शाल एवं श्रीफल देकर श्री मंडावी को सम्मानित किया गया साथ ही पूरे महाविद्यालय ने उनको उनकी सेवानिवृत्ति के अवसर पर ढोल बाजे के साथ पूरे सम्मान के साथ उनके घर तक छोड़कर उन्हे बधाई दी। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त अधिकारी, कर्मचारी, अतिथि व्याख्याता एवं वनस्पति विज्ञान के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ा अधिकारी डॉ. एम.एल. नंदेश्वर एवं आभार प्रदर्शन सहा.प्राध्या. जी.के. यादव ने किया।

## समाचार संक्षेप

### अवैध शराब बिक्री पर पुलिस लगातार कर रही है कार्रवाई



**राजनांदगांव 4 सितंबर।** श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग, अति पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा व एसडीओपी महोदय डोंगरगढ़ श्री आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देश में डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा क्षेत्र में अवैध गतिविधियों, शराब कोचियों, सटोरियों, संदिग्ध व्यक्तियों, पॉकेटमार, चाकुबाज एवं अन्य असमाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखकर लगातार कार्यवाही की जा रही है इसी कड़ी में दिनांक- 03.09.2024 को अवैध शराब बिक्री की सूचना पर आरोपी द्वारका प्रसाद राउत पिता सुखदेव राउत उम्र- 38 साल साकिन बम्लेश्वरी वार्ड, राजीव नगर डोंगरगढ़, थाना डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ0ग0) को उसके घर के पास अवैध रूप से शराब बिक्री हेतु रखे हुये शराब के साथ पकड़कर आरोपी के कब्जे से 100 नग च्वाईस व्हीस्की अंग्रेजी शराब, मात्रा- 18.000 बल्क लीटर किमती- 13000/-रू0 एवं 50 नग देशी मदिरा प्लेन शराब मात्रा- 9.000 बल्क लीटर किमती- 4500/-रू0 कुल- 150 पौवा अंग्रेजी/देशी शराब कुल मात्रा- 27.000 बल्क लीटर कुल किमती- 17500/-रू0 जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा- 34(2) आबकार एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।उक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक शंकर गिरी गोस्वामी, आरक्षक प्रयंश सिंह, म0आर0- श्रद्धा बाघमारे का विशेष योगदान रहा है।

### मनरेगा कार्य का भुगतान 10 दिनों में नहीं हुआ तो मेट संघ करेगा हड़ताल

**नगरी 4 सितंबर।** छत्तीसगढ़ राज्य के प्रशिक्षित मनरेगा मेट महासंघ के द्वारा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम अनुविभागीय अधिकारी नगरी को ज्ञापन सौंपा है। बता दें प्रशिक्षीत मनरेगा मेट महासंघ द्वारा अपनी मांग पर समस्त जिलों में भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी के अंतर्गत लिए गए कार्यो का मजदूर एवं मेट का पारिश्रमिक राशि नही मिला है। मेट संघ ने पूर्व में भी भुगतान राशि के सबंध में अवगत कराने के साथ ही तत्काल कार्यवाही हेतु मांग किया गया था, लेकिन आज तक इस संबंध में कोई कार्यवाही नही हुई है। ऐसे विषम परिस्थिति में मनरेगा मजदूरों और मेटों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है।जिसके संबंध में नगरी एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। पदाधिकारीयों ने बताया कि यह ज्ञापन प्रदेश संगठन के आवाह्न पर सभी जिलों मे ज्ञापन दिया जा रहा है, सभी मजदूरों एवं मेटों का लंबित भुकतान पारिश्रमिक राशि तत्काल दस दिवस के भीतर किए जाने की मांग प्रदेश संघ के द्वारा की गई है। अगर दस दिवस के भीतर भुगतान नही होता है तो मेट और मजदूर छत्तीसगढ़ के सभी जिला मे अनिश्चित कालीन हड़ताल पर उतरने की बात कह रहे हैं। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रदेश मनरेगा मेट संघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष डीके यादव, लोकेश पटेल,उत्तम यादव,ब्लॉक सचिव मनोज कश्यप,सुरेश नाग जीवन ध्रुव रहेश मराई अमन राज दानेश सोरी कलस्टर,अध्यक्ष रमेश ध्रुव, विनोद मंडावी कलस्टर अध्यक्ष ठाकुर राम साहू, जागेश्वर नेताम,अनूप कुमार नेताम,अग्रचंद नेताम शिव कुमार,गोपाल राम कावडे,जागेश्वरी टेकाम कलस्टर,अध्यक्ष मंजू लता मरकाम, ज्योति मंडावी सभी मनरेगा पदाधिकारी मेट उपस्थित रहे।

### इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर में अफसरों ने मां के नाम पर पौधे लगाए

**रायपुर, 4 सितम्बर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के परिसर में ''एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने वृक्षारोपण किया और अभियान की शुरूआत की।



वृक्षारोपण कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव श्री जी.के. निर्माम, संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. विवेक कुमार त्रिपाठी, निदेशक विस्तार सेवाएं डॉ. एस.एस. टुटेजा, निदेशक प्रक्षेत्र एवं बीज डॉ. राजेन्द्र लाकपाले एवं विश्वविद्यालय के अन्य प्रशासनिक अधिकारी, प्राध्यापक, वैज्ञानिक एवं एन.एस.एस. की छात्र-छात्राओं द्वारा 300 से अधिक पौधों का रोपण किया गया। उल्लेखनीय है कि ''एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा संचालित किया जा रहा है। देश भर में आयोजित इस वृहद वृक्षारोपण अभियान का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण में सन्तुलन बनाये रखना, ग्लोबल वार्मिंग को कम करना, स्वच्छ वायु, मृदा व जल की गुणवत्ता में सुधार व जैव विविधता में वृद्धि के साथ अगली पीढ़ी के लिये सुरक्षित वातावरण तैयार करना है। इस अभियान के तहत इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित समस्त महाविद्यालयों, कृषि विज्ञान केन्द्रों एवं अनुसंधान केन्द्रों में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

# तेंदुए के हमले में ग्रामीण चरवाहा घायल

**डोंगरगढ़ 4 सितंबर।** सप्ताह में दूसरी बार जंगली जानवर के द्वारा हमला करने का मामला प्रकाश में आया है। तेंदुवें के हमले में एक चरवाहा गंभीर रूप से जख्मी हो गया जिसको ईलाज के लिए शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगढ़ में ईलाज के लिए लाया गया। बताया जाता है कि खरखाटोला निवासी लक्षन पिता प्रीतम गोड उम्र लगभग 45 वर्ष निवासी खरखाटोला 02 सितम्बर को रोज की तरह जानवर चराने खरखाटोला खार के पास के जंगलो में गया था कि दोपहर लगभग 3.30 बजे के आसपास तेंदुए ने हमला कर दिया। चरवाहे की माने तो अपने पास रखे टंगीया का उपयोग कर तेंदुए से संघर्ष कर अपनी जान बचाया फिर भी तेंदुए ने पीठ व हाथ में गंभीर चोट पहुँचा दिया। इसकी सूचना मिलते ही खरखाटोला सहित आसपास के ग्रामीणों में हड़कंप मच गया व वन विभाग को सूचना दे जानकारी दी गई। इसकी सूचना मिलने के बाद वन विभाग के उप वन मंडलाधिकारी पूर्णिमा सिंह राजपूत व वन परिक्षेत्र अधिकारी पुष्पेंद्र गोस्वामी के निर्देश पर डिप्टी रेंजर डेरहाराम सिन्हा,वनपाल रवि कुमार, नंद कुमार गौवार्य सहित टीम मौके पर पहुँचकर पीड़ित के परिवार को ईलाज के लिए विभाग के द्वारा दिये जाने वाले राहत राशि देकर पीड़ित को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगढ़ लाया गया। गंभीर रूप से घायल चरवाहे लक्षन को पीठ व हाथ में खरोज के जख्म पाए गए है। इसको लेकर डिप्टी रेंजर डेरहाराम सिन्हा का कहना है कि तेंदुए ने चरवाहे पर हमले की जानकारी मिली परंतु जंगल में जाने पर कोई पदचिन्ह नहीं मिला। हो सकता है कि जंगल में पानी पीने के लिए आए जंगली जानवर ने खतरा देख हमला कर दिया होगा। वन विभाग में संविदा कर्मचारीयों के अनिश्चित कालीन हड़ताल में जाने से कार्यालय पड़ा सुना पड़ा हुआ है और जंगलो की सुरक्षा व देखरेख के अभाव में जंगली जानवर घटना को अंजाम दे रहे है। जिससे वन विभाग व सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे है।



# बी.टेक कृषि अभियांत्रिकी एवं खाद्य प्रौद्योगिकी में 12वीं पास भी ले सकेंगे प्रवेश

**रायपुर, 4 सितम्बर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के अंतर्गत संचालित बी.टेक (कृषि अभियांत्रिकी) अथवा बी.टेक (फूड टेक्नोलॉजी) स्नातक पाठ्यक्रम में ''नवीन शिक्षा नीति 2020'' के तहत रिक्त सीटों पर सत्र 2024-25 के प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया ओपन कर दी गई है। छत्तीसगढ़ के मूल निवासी पी.ई.टी. - 2024, जे.ई.ई. मैन्स - 2024 तथा 12वीं कक्षा (गणित समूह - गणित, भौतिकी, रसायन विज्ञान, अंग्रेजी) से उत्तीर्ण हो वे इस आनलाईन काउंसलिंग प्रक्रिया में भाग लेने हेतु योग्य होंगे। कृषि अभियांत्रिकी और फूड टेक्नोलॉजी का क्षेत्र कृषि और खाद्य प्रौद्योगिकी में नवाचार और उन्नत तकनीकों के उपयोग के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है। कृषि अभियांत्रिकी का उद्देश्य छात्रों को कृषि मशीनीकरण, सिंचाई प्रणाली, खाद्य प्रसंस्करण, और पर्यावरण संरक्षण में विशेषज्ञता प्रदान करना है। वहीं, फूड टेक्नोलॉजी के तहत छात्रों को खाद्य प्रसंस्करण, गुणवत्ता नियंत्रण, और खाद्य सुरक्षा में विशेषज्ञता प्राप्त होती है, जिससे वे खाद्य उद्योग में अहम भूमिका निभा सकते हैं। हाल ही में छत्तीसगढ़ राज्य में कृषि अभियांत्रिकी निदेशालय की स्थापना की योजना बनाई गई है, जिससे कृषि अभियांत्रिकी और फूड टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में नए रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है। ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया 4 सितंबर, 2024 से 08 सितंबर, 2024 तक (दोपहर 12:00 बजे तक) चलेगी। इस अवधि में पंजीकरण करने वाले अभ्यर्थियों को वरीयता सूची के आधार पर नियमानुसार प्रवेश दिया जाएगा। छत्तीसगढ़ के मूलनिवासी अभ्यर्थी जिन्होंने पी.ई.टी. - 2024, जे.ई.ई. मैन्स - 2024 अथवा 12वीं कक्षा (गणित समूह) उत्तीर्ण की है, वे इस प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं। सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 12वीं कक्षा में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों की आवश्यकता है, जबकि आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए यह न्यूनतम सीमा 40 प्रतिशत निर्धारित की गई है।

## धर्म नगरी में पिछले 139 वर्षों से बैल जोड़ी सजावट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा

# स्पर्धा में 21 बैलजोड़िया शामिल हुई,प्रथम पुरस्कार पुष्कर साहू को मिला

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 4 सितंबर।** पोला पर्व के अवसर पर धर्म नगरी में बैल जोड़ी सजावट प्रतियोगिता का आयोजन कचहरी मैदान स्वर्गीय श्रीमती भूली बाई के शिव मंदिर में संपन्न हुआ। धर्मनगरी में विगत 139 वर्षों से पोला पर्व का आयोजन तराने परिवार द्वारा किया जा रहा है। मोहन तराने द्वारा इष्ट देव व साड़ा देव के मंदिर में पूजा अर्चना करने के पश्चात सभी बैल जोड़ी व बच्चों द्वारा सजावट कर लाये गये मिट्टी के बैल जोड़ी की पूजा अर्चना की गई। लगभग शहर व ग्रामीण के 21 बेल जोड़ियां ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और लगभग 200 बच्चों ने भी अपने मिट्टी के बैल के साथ पहुंचे।

प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार स्वर्गीय श्रीमती भूली बाई की स्मृति में एक रनिंग शील्ड व 1101 रुपए नगद एवं एक धोती श्रीफल पुष्कर साहू ग्राम कुरुभाट को दिया गया। द्वितीय पुरस्कार स्वर्गीय श्री नाथूलाल तराने की स्मृति में रनिंग शील्ड 501 नगद व श्रीफल श्री सोमेश्वर साहू ग्राम कुरूभाट को और तृतीय पुरस्कार 201 रू नगद धोती व श्रीफल राजेंद्र कुमार गजमर्रा को दिया गया। चतुर्थ पुरस्कार 101 रुपए अच्छी नस्ल की बैल जोड़ी के रूप में नरेंद्र कुमार कुरुभाट को दिया गया। सांत्वना पुरस्कार के रूप में 51 रुपए नगद गमछा व श्रीफल श्री पूनाराम चौथना श्री संतोष धुर्वे चौथाना व श्री दुर्गेश कुरूभाट को दिया गया। इस आयोजन के निर्णायक समिति ने भी प्रोत्साहन राशि भी प्रदान किया गया। पुरस्कार वितरण श्री मोहन तराने पूजन कार्य पंडित युवराज शर्मा श्याम वैष्णव व दीपक बैगा किया गया । आयोजन में निर्णायक समिति विश्वनाथ यादव कमल राम देवांगन रामकृष्ण कनौजिया बबलू शांडिल्य जितेंद्र सिंह भाटिया के साथ विशेष रूप से बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल उपाध्यक्ष अनिल गट्टानी हरीश भंडारी मनमोहन अग्रवाल रामभाऊ पाटिल जी घनश्याम तराने हरिश्चंद्र तड़स समाज के अध्यक्ष श्रवण गभने मनोज गुप्ता अरविंद सिंह राठौड़ संजीव गोमास्ता कन्हैया महाराज कैलाश शर्मा पारस चौरडिया शिशुपाल भारती घनश्याम तराने पूनाराम बावनकर राजेश आखरे आदि सहित बड़ी संख्या में नागरिक गण उपस्थित रहे। मंच संचालन कन्हैया अग्रवाल किया। उक्त जानकारी देते हुए रामजी तराने ने कहा कि जनसहयोग और पुलिस प्रशासन के सहयोग से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ ।

## संपादकीय

# भाजपा का सदस्यता अभियान एक मिसाल है

हमारे देश में लोकतंत्र है, इसलिए हमारे देश में विविधता है। यह विविधता राजनीतिक क्षेत्र में देखने को मिलती है। कई तरह के राजनीतिक दल हैं। कोई राष्ट्रवादी है तो कोई जातिवादी, कोई किसी समाज का राजनीतिक चेहरा है तो कोई समाजवादी है, कोई हिंदूवादी है तो कोई मुस्लिमपरस्त है। कोई अल्पसंख्यकों की पार्टी है तो कोई बहुसंख्यकों की पार्टी है। कोई दल पार्टी को परिवार की प्रापर्टी मानता है तो किसी दल के लिए परिवार का हित ही सर्वोपरि है। कहीं पार्टी को परिवार माना जाता है तो कहीं परिवार को पार्टी माना जाता है। कहीं परिवार के लोग ही पार्टी के सारे फैसले करते हैं तो कहीं पार्टी ही पार्टी के सारे फैसले करती है। हमारे देश की जनता इतनी उदार है कि वह लाख बुराई के बाद सभी को कहीं न कहीं शासन करने का मौका देती है। उसे सब स्वीकार है, वह ईमानदार नेता की पार्टी को भी पसंद करती है और भ्रष्ट नेता के परिवार को भी नकारती नहीं है। परिवारवाद में लाख बुराई हो लेकिन जनता उसे अनिवार्य बुराई मान कर स्वीकार कर लेती है। हमारे देश में भ्रष्टाचार जितना स्वीकार है, परिवारवाद भी उतना ही स्वीकार है। ज्यादातर राजनीतिक दल एक परिवार के हैं इसलिए यहां बहुत कुछ छिपाया जाता है। उसे पारदर्शी नहीं बनाया जाता है। खासकर पार्टी की सदस्य संख्या सब बढ़ाचढ़ाकर बताते हैं। हमारे देश में किसी राजनीतिक दल की सदस्य संख्या को नापने का कोई उपाय नहीं है, इसलिए मान लिया जाता है कि वह जो सदस्य संख्या बताते हैं, वही सही है। ज्यादातर राजनीतिक दल सदस्यता अभियान चलाते जरूर हैं लेकिन वह पारदर्शी नहीं होता है। किसी दल में यह हिम्मत नहीं होती है कि वह अपने पुराने सदस्यों की सदस्यता पांच साल में समाप्त कर नई सदस्यता लेने को कहे। होता यह है कि पुरानी सदस्यता बनी रहती है तथा जो नए सदस्य बनाए जाते हैं, बाद में उनकी संख्या जोड़कर बता दिया जाता है कि अब पार्टी की सदस्य संख्या कितनी है। ऐसे में भाजपा ने अपने सदस्यों की पुरानी सदस्यता समाप्त कर नए सिरे से सदस्यता अभियान शुरू कर देश के राजनीतिक दलों के सामने मिसाल पेश की है। भाजपा ऐसा कर सकती है तो दूसरे दल भी ऐसा करके दिखाएं। भाजपा का सदस्यता अभियान भी उसके चुनाव अभियान की तरह है। सारे लोग इस काम में जुटने वाले हैं, अगले 51 दिनों तक भाजपा का यह सदस्यता अभियान देश में चलाया जाएगा। पार्टी ने इस बार दस करोड़ नए लोगों को जोड़ने का लक्ष्य तय किया है। पिछली बार हुए सदस्यता अभियान में सात करोड़ लोगों को जोड़ा गया था, यानी पिछली बार भाजपा के सदस्य 18 करोड़ थे इस बार के सदस्यता अभियान के बाद यह संख्या बढ़कर 28 करोड़ हो जाएगी। पीएम मोदी ने पार्टी की सदस्यता के नवीनीकरण के बाद भाजपा का सदस्यता अभियान सोमवार से शुरू हो गया है। उन्होंने इस मौके पर जो बात कही है, वह सारे दलों के लिए अनुकरणीय है, खासकर परिवारवादी दलों के लिए। मोदी ने कहा है कि हम राष्ट्र प्रथम की भावना से काम कर रहे हैं।हम सिर्फ चुनावी मशीन नहीं है। हम तो खाद पानी हैं,जो देश के सपनों को सींचा करते हैं,हम अपने आप को खपाकर देश के सपनों को साकार करने का प्रयास करते हैं। राजनाथ सिंह ने इस मौके पर कहा कि पीएम मोदी ने राजनीति में विश्वनीयता के संकट को समाप्त किया है। आज भाजपा को सबसे विश्वसनीय पार्टी के रूप में देखा जा रहा है। अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि भाजपा देश की एकमात्र पार्टी है जो लोकतांत्रिक तरीके से चलती है, भाजपा किसी नेता के घर से गुपचुप काम नहीं करती है। वह पारदर्शी तरीके से हर काम करती है। शाह ने इस मौके पर सदस्यता अभियान के बारे में कहा कि भाजपा का सदस्य बनना एक अंक नही हैं। भाजपा का कार्यकर्ता एक जीवंत इकाई है,विचारधारा का वाहक है,कार्यसंस्कृति का पोषक है,सरकार व सगंठन के बीच की मजबूत कडी है। वह सरकार को हमेशा जनता से जोड़कर रखता है। भाजपा का सदस्यता अभियान एक उत्सव है, परिवार के विस्तार का । भाजपा के परिवार ने नए सदस्यों का जुड़ना एक उत्सव का मौका है और पार्टी के लिए सदस्यता अभियान एक उत्सव की तरह है। देश के राजनीतिक दलों के लिए भाजपा का सदस्यता अभियान एक मिसाल है, वह चाहें तो खुद भी ऐसा कर सकते हैं।

शिक्षक दिवस

# भारतीयता के अनुरूप शिक्षा से ही नया भारत संभव

ललित गर्ग



शिक्षक उस माली के समान है, जो एक बगीचे को अलग अलग रूप-रंग के फूलों से सजाता है। जो छात्रों को संकटों में भी मुस्कुराकर चलने के लिए प्रेरित करता है। आज शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र-निर्माण एवं शिक्षा को हर घर तक पहुंचाने के लिए तमाम सरकारी प्रयास किए जा रहे हैं। इसकी सफलता के सशक्त माध्यम शिक्षक ही है। भारत के राष्ट्रपति, महान दार्शनिक, चिन्तक, शिक्षाशास्त्री डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस को 5 सितम्बर को पूरे देश में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 घोषित की गयी, इसको लेकर देश में शिक्षा एवं शिक्षक पर व्यापक चर्चा आरंभ हो गई है। भारत की नई शिक्षा नीति में शिक्षा व्यवस्था के अलावा शिक्षकों की योग्यता एवं गुरुता पर विशेष ध्यान दिया गया है। पूरे देश में ह्यएक जैसे शिक्षक और एक जैसी शिक्षाह्न पॉलिसी पर काम किया जा रहा है। इसके लिये अपेक्षित है कि केवल शिक्षा क्रांति ही नहीं, बल्कि शिक्षक क्रांति का शंखनाद हो। किसी भी राष्ट्र एवं समाज की बहुत बड़ी शक्ति होती है- शिक्षक वर्ग। इस वर्ग के कंधों पर राष्ट्र के भविष्य-निर्माण यानी नये भारत-सशक्त भारत-विकसित भारत का गुरुतर दायित्व है। यदि इस दायित्व में थोड़ी-सी भी भूल रह जाती है तो समाज के निर्माण की नींव खोखली रह सकती है।वैदिक काल से ही भारत शैक्षणिक स्तर पर समृद्ध रहा है। इसी शिक्षा के आधार पर भारत विश्वगुरु कहलाता रहा है। गुरुकुल आधारित शिक्षा प्रणाली भारतीय परंपरा का प्रमुख अंग है। नालंदा और तक्षशिला की स्थापना तथा इसके प्रभाव से भारतीय शिक्षा व्यवस्था की समृद्ध परंपरा को जाना जा सकता है। लेकिन आजादी के बाद से हमारी वर्तमान शिक्षा प्रणाली ब्रिटिश ढांचे पर अग्रसर हुई है, जिसके कारण शिक्षा मिशन न होकर, व्यवसाय बन गयी है। तमाम शिक्षक एवं शिक्षालय अपने ज्ञान की बोली लगाने लगे हैं। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में देखें तो गुरु-शिष्य की परंपरा कहीं न कहीं कलंकित हो रही है। आए दिन शिक्षकों द्वारा छात्रों एवं छात्रों द्वारा शिक्षकों के साथ दुव्यर्वहार, मारपीट एवं अनुशासनहीनता की खबरें सुनने को मिलती हैं। इसे देखकर हमारी संस्कृति की इस अमूल्य गुरु-शिष्य परंपरा पर प्रश्नचिह्न लगने लगे है। शिक्षक दिवस एक अवसर है जब हम धुंधली होती शिक्षक की आदर्श परम्परा एवं शिक्षा को परिष्कृत करने और जिम्मेदार व्यक्तियों का निर्माण करने की दिशा में नयी शिक्षा नीति के अन्तर्गत ठोस कार्य करें। वैश्वीकरण के इस दौर में हमारा समाज एक अज्ञात भविष्य की ओर अग्रसर दिखाई देता है। बढ़ती जनसंख्या और सीमित संसाधनों के साथ हमारे देश को नई समस्याओं का सामना करना है। भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए हमें ऐसे ज्ञान, कौशल और दक्षता की आवश्यकता होगी जो हमारी समस्या समाधान में योगदान कर सके। हजारों की संख्या में उच्च शैक्षणिक, शोध संस्थानों तथा मानव संसाधन की प्रचुरता के बावजूद भारत में अभी ?ज्ञान संस्कृति का विकास और विस्तार तीव्र गति से नहीं हो पाया है। हमारी बौद्धिक संपदा का व्यावहारिक उपयोग भी नाकाफी है। आज प्रतिभा पलायन भारत की एक बड़ी समस्या है। 2011 की जनगणना के अनुसार 26 प्रतिशत से अधिक भारतीय अभी भी निरक्षर हैं जो कि बेहद डरावना आंकड़ा हैं क्योंकि एक राष्ट्र के रूप में हमारी महत्त्वकांक्षाएं इससे ज्यादा की मांग करती है।

नई शिक्षा नीति में पारंपरिक से आधुनिक शैक्षणिक प्रतिमानों में गहरा बदलाव करके पूर्ण मानवीय क्षमता को प्राप्त करने, एक समतापूर्ण समाज विकसित करने और राष्ट्रीय विकास को बढ़ावा देने के व्यापक प्रयत्न हो रहे हैं। अब अनुभवात्मक शिक्षा और समग्र छात्र विकास की दिशा में एक आदर्श बदलाव की शुरूआत हो रही है। इस समकालीन शैक्षिक परिदृश्य में, क्या सीखना है से लेकर



कैसे सीखना है, इस पर जोर दिया जाता है। आलोचनात्मक सोच, निर्णय लेने और समस्या-समाधान के कौशल को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, यह उद्यमशीलता, नवाचार और अनुकूलनशीलता जैसे गुणों को विकसित करने के महत्व को रेखांकित करती है। भारत अब विज्ञान और प्रौद्योगिकी के युग का गवाह बन रहा है। भारत में शिक्षा ने अब खुद को पुनर्गठित किया है ताकि इस बात पर जोर दिया जा सके कि हमारे दैनिक जीवन में प्रौद्योगिकी कितनी आवश्यक है। इसी शिक्षा के कारण भारत का भाल आज भी गर्व और गौरव से उन्नत है। भारत की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए एफ. डब्ल्यू. टॉमस ने लिखा है- ह्यभारत में शिक्षा विदेशी पौधा नहीं है। संसार का कोई भी ऐसा देश नहीं है, जहां ज्ञान के प्रति प्रेम का इतने प्राचीन समय में आविर्भाव हुआ हो या जिसने इतना चिरस्थायी और शक्तिशाली प्रभाव डाला हो। महात्मा गांधी के अनुसार सर्वांगीण विकास का तात्पर्य है- आत्मा, मस्तिष्क, वाणी और कर्म-इन सबके विकास में संतुलन बना रहे। स्वामी विवेकानंद के अनुसार सर्वांगीण विकास का अर्थ है- हृदय से विशाल, मन से उच्च और कर्म से महान। सर्वांगीण व्यक्तित्व के विकास हेतु शिक्षक आचार, संस्कार, व्यवहार और विचार- इन सबका परिमार्जन करने का प्रयत्न करते रहते थे। इन्हीं सब चचाओं के मध्य हम देखेंगे कि 1986 की शिक्षा नीति में ऐसी क्या कमियाँ रह गई थीं जिन्हें दूर करने के लिये नई राष्ट्रीय शिक्षा नति को लाने की आवश्यकता पड़ी। साथ ही क्या यह नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति उन उद्देश्यों को पूरा करने में सक्षम होगी जिसका स्वप्न महात्मा गांधी और स्वामी विवेकानंद ने देखा था? यह स्वप्न है जिसके माध्यम से मनुष्य की आंतरिक शक्तियों का विकास, व्यवहार को परिष्कृत करना तथा ज्ञान एवं कौशल में वृद्धि कर मनुष्य को योग्य नागरिक बनाना।

शिक्षकों पर इस दुनिया में सबसे प्रेरक काम और एक बड़ी जिम्मेदारी है। शिक्षक ज्ञान का भंडार हैं जो अपने शिष्यों को अपना ज्ञान देने में विश्वास करते हैं जिससे उनके शिष्य भविष्य में दुनिया को बेहतर बनाने में सहायता कर सकेंगे। इससे ऐसी पीढ़ी निर्मित होगी जो उज्ज्वल और बुद्धिमान हो तथा वह जो दुनिया को उसी तरीके से समझे जैसी यह है और जो भावनाओं से नहीं बल्कि तर्क और तथ्यों से प्रेरित हो। हर शिक्षक अपने विद्यार्थी के व्यक्तित्व को तराशकर उसे महनीय और सुघड़ रूप प्रदान करते हैं। हर पल उनकी शिक्षाएं प्रेरणा के रूप में, शक्ति के रूप में, संस्कार के रूप में जीवंत रहती हैं। महान् दार्शनिक आचार्य महाप्रज्ञ के शब्दों में -ह्यव्यक्तित्व-निर्माण का कार्य अत्यन्त कठिन है। निःस्वार्थी और जागरूक शिक्षक ही किसी दूसरे व्यक्तित्व का निर्माण कर सकता है।ह्न हमने सुपर-30 फिल्म में एक शिक्षक के जुनून को देखा। इस फिल्म में प्रो. आनन्द के शिक्षा-आन्दोलन को प्रभावी ढंग से प्रस्तुति दी गयी है। आजादी के अमृतकाल यानी पिछले 75 वर्षों में शिक्षा के क्षेत्र में हमने ऐतिहासिक उपलब्धियां प्राप्त की हैं तो कई ऐसे प्रश्न हैं जो हमारी शिक्षा व्यवस्था के समक्ष गंभीर चुनौती हैं। वैश्वीकरण और बाजारीकरण के दौर में हमारी शिक्षा व्यवस्था को भारतीयता के अनुकूल बनाने की जरूरत है। वर्तमान समय में विद्यार्थियों के संदर्भ में एक शिक्षक की भूमिका और भी महत्त्वपूर्ण होती जा रही है क्योंकि उसे न केवल बच्चों का बौद्धिक, नैतिक, मनोवैज्ञानिक तथा शारीरिक विकास करना है बल्कि सामाजिक, चारित्रिक, नैतिक एवं सर्वांगीण विकास भी करना है।

नई शिक्षा नीति का प्रमुख उद्देश्य बच्चों को सिर्फ साक्षर नहीं बनाना है बल्कि उनमें सामाजिक और भावनात्मक कौशल का समुचित विकास करना है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में 2030 तक स्कूली शिक्षा के सर्वव्यापीकरण का लक्ष्य रखा गया है।

इसमें पाठ्यक्रम की संरचना के साथ-साथ अध्यापन के तौर तरीकों और आकलन व्यवस्था में भी बदलाव को इंगित किया गया है। यह एक वृहद दस्तावेज है जिस पर विमर्श जारी है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर यह आरोप भी है कि संसाधनहीनता की स्थिति में हम कैसे अपने शैक्षणिक ढांचे में आमूलचूल परिवर्तन ला सकते हैं? प्राचीन काल में शिक्षा का उद्देश्य ह्यसा विद्या या विमुक्तयेह्न रहा अर्थात विद्या वही है, जो मुक्ति दिलाए। आज शिक्षा का उद्देश्य सा विद्या या नियुक्तये हो गया है अर्थात विद्या वही जो नियुक्ति दिलाए। इस दृष्टि से शिक्षा के बदलते अर्थ ने समाज की मानसिकता को बदल दिया है। यही कारण है कि आज समाज में लोग केवल शिक्षित होना चाहते हैं, सुशिक्षित यानी गुण-सम्पन्न नहीं बनना चाहते। मानो उनका लक्ष्य केवल बौद्धिक विकास ही है। इन स्थितियों से शिक्षकों को बाहर निकलने में नई शिक्षा नीति से बहुत अपेक्षाएं हैं।

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आपको व्यवसाय में अच्छा धन मिलने की संभावना है, क्योंकि आपकी रुकी हुए योजना शुरू होंगी, जो आपको अच्छा लाभ देंगी। आपका किसी पैतृक संपत्ति को लेकर यदि कोई विवाद लंबे समय से चल रहा था, तो वह भी सुलझता दिख रहा है। आपको काम को लेकर कहीं की यात्रा पर भी जाना पड़ सकता है। परिवार में सदस्यों में आपसी मतभेद बना रहेगा, जिससे कोई लड़ाई झगड़े की स्थिति उत्पन्न भी होगी, तो वह भी बातचीत के जरिए दूर हो जाएगी।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। भाग्य का आपको पूरा साथ मिलेगा और आप जिस भी काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको अच्छा लाभ मिलने की संभावना है। संतान पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन करेगी, जिसे देखकर आपको खुशी होगी। आप कार्यक्षेत्र में अपने कामों से अपने साथियों व अपने बॉस को खुश रखेंगे। आपको किसी बेवजह के काम में पड़ने से बचना होगा। कोई निवेश आप लंबे समय के लिए करेंगे, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। मित्रों के साथ आप कुछ समय मौज मस्ती करने में व्यतीत करेंगे।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। आपको अपने कामों को समय रहते निपटने की आवश्यकता है। आपकी माता जी की सेहत में कुछ गिरावट आ सकती है। यदि आपका कोई जमीन जायदाद से संबंधित मामला आपको परेशान कर रहा था, तो उसके लिए आपको किसी अच्छे वकील से बातचीत करनी होगी। आप किसी के मामले में बेवजह ना बोले, नहीं तो वह लड़ाई झगडा आपके ऊपर आ सकता है। किसी नए घर को खरीदने का सपना आपका पूरा होगा। आप किसी काम को लेकर मनमानी न चलाएं।

कर्क- आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से यदि आप कोई मदद मांगेंगे, तो वह भी आपको आसानी से मिल जाएगी। कार्यक्षेत्र में कोई बेहतर फैसला ले सकते हैं, जिससे आपके बॉस भी प्रसन्न रहेंगे। वाहनों का प्रयोग आपको सावधान रहकर करना होगा। यदि आपकी किसी नए काम को करने के प्रति रुचि जागृत हो, तो आप उसके बारे में पूरी जानकारी ले, तभी आप बिजनेस में कदम बढ़ाएं। वरिष्ठ सदस्यों का सहयोग व सानिध्य आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा।

सिंह- आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। परिवार का कोई सदस्य आपके लिए किसी पार्टी का आयोजन कर सकता है। आपको किसी काम को लेकर यदि कोई समस्या चल रही थी, तो वह भी दूर होगी और आप दिल से लोगों का भला सोचेंगे। आप अपने मन में नकारात्मक विचारों को न रखें। आपकी किसी नए काम के प्रति रुचि जागृत हो सकती है, जो विद्यार्थी विदेश जाकर शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं, उन्हें कोई बेहतर अवसर हाथ लगेगा। आज आप एनर्जी से भरपूर रहेंगे।

कन्या- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको शीघ्रता व भावुकता में कोई निर्णय लेने से बचना होगा। परिवार में किसी सदस्य के स्वास्थ्य में गिरावट होने के कारण आपको भागदौड़ अधिक करनी होगी। आप अपने सहयोगियों से किसी मन की बात को लेकर बातचीत कर सकते हैं। परिवार में किसी सदस्य के विवाह की बात पक्की हो सकती है, जो लोग रोजगार की तलाश में इधर-उधर भटक रहे हैं, उन्हे आज कोई अच्छा अवसर हाथ लग सकता है।

तुला- आज का दिन आपके लिए साझेदारी में किसी काम को करने के लिए रहेगा। आप शेयर मार्केट में निवेश करें, तो आप मार्केट की चाल को समझकर निवेश करें, तो बेहतर रहेगा। आप अपने परिजनों के साथ किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। आपकी किसी नए काम के प्रति रुचि जागृत हो सकती है, जो जातक सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे हैं, उन्हें अपनी मेहनत को और बढ़ाना होगा, तभी उन्हें कोई अच्छा मुकाम हासिल होता दिख रहा है।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए तनावग्रस्त रहने वाला है। आपकी सेहत में उतार-चढ़ाव रहेंगे, क्योंकि आपको कोई एलर्जी, इन्फेक्शन आदि होने की संभावना है, इसलिए आप सेहत पर पूरा ध्यान दें। कार्यक्षेत्र में आपके शत्रु भी आपको परेशान करने की पूरी कोशिश करेंगे, लेकिन आपको अपनी चतुर बुद्धि का प्रयोग करके उन्हें आसानी से मात दे पाएंगे। नौकरी में कार्यरत लोगों को पदोन्नति व वेतन वृद्धि जैसी कोई सूचना सुनने को मिल सकती है। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा।

धनु- आज का दिन आपके लिए अपने कामों में बदलाव करने के लिए रहेगा। आप एनर्जी से भरपूर रहेंगे, लेकिन आपको अपनी एनर्जी को सही कामों में लगाना होगा। परिवार में किसी सदस्य की ओर से आपको कोई शुभ सूचना सुनने को मिल सकती है। आपको अपनी आय को ध्यान में रखकर व्यय करना बेहतर रहेगा। यदि आपको कोई शुभ सूचना सुनने को मिले, तो आप उसे तुरंत आगे ना बढ़ाएं। आप अपनी जिम्मेदारियों में कोई ढील ना दें। यदि आपको किसी बात को लेकर तनाव चल रहा था, तो उसके लिए आप अपने पिताजी से बातचीत कर सकते हैं।

मकर- आज का दिन आपके लिए कुछ खास रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोग अपने साथी के व्यवहार के कारण थोड़ा परेशान रहेंगे। आप अपना कोई महत्वपूर्ण डिसीजन लेने में ज्यादा सोच विचार न करें। जीवनसाथी की सेहत में यदि कुछ समस्या चल रही है, तो आपको उसे नजरअंदाज करने से बचना होगा। संतान की पढ़ाई लिखाई को लेकर आप कोई महत्वपूर्ण कदम उठा सकते हैं। आपके मन में कुछ उथल-पुथल रहेगी, जो आपके कामों में कुछ अड़चनें लेकर आएगी। आप अपने घर किसी पूजा पाठ आदि का आयोजन भी कर सकते हैं।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए मिले जुले परिणाम लेकर आएगा। यदि आपका धन बिजनेस में फंसा हुआ था, जिसके आपको मिलने की संभावना नहीं थी, तो वह आपको मिल सकता है। आप किसी यात्रा पर जाएं, तो उसमें अपनी कीमती चीजों पर पूरा ध्यान दें और आप अपने किसी जिम्मेदारी को दूसरे के भरोसे न छोड़ें। माता-पिता आपकी किसी बात को लेकर आपसे नाराज हो सकते हैं। यदि ऐसा हो, तो आपको उन्हे मानने की पूरी कोशिश करनी चाहिए। कार्यक्षेत्र में आपको अपने कामों पर पूरा ध्यान न देने के कारण अधिकारियों से भी शिकायत सुनने को मिलेगी।

मीन- आज का दिन आपके लिए सोच समझकर कामों को करने के लिए रहेगा। आपको किसी कानूनी मामले को लेकर भागदौड़ अधिक रहेगी और आपकी संतान के मनमाने व्यवहार के कारण आप परेशान रहेंगे। परिवार में किसी सदस्य को कोई दिल से संबंधित समस्या हो सकती है, जिसमें आप ढील बिल्कुल न दें। आपके जीवनसाथी आपके कामों में आपका पूरा साथ देंगे।

## शिक्षक दिवस विशेष ...

# शिक्षा के अनवरत स्त्रोत ,राष्ट्र निर्माण के शिल्पी शिक्षक

संजीव ठाकुर, स्तंभकार



वैसे तो हर बालक की प्रथम शिक्षिका माता ही होती है पर जीवन के संसार में प्रवेश के बाद शालाओं, पाठशालाओं और विश्वविद्यालय के शिक्षको की भूमिका उसके संपूर्ण जीवन में बालकों,छात्रों के लिए दिग्दर्शक और श्रेष्ठ नागरिक निर्मित करने की होती है' डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने कहा ₹कि शिक्षक वह नहीं है जो विद्यार्थी के दिमाग में तथ्यों को बोझ बनाएं बल्कि वास्तविक शिक्षक वह है जो उसे आने वाले कल की चुनौतियों के लिए तैयार करें₹ द फिलॉसफी ऑफ ऑफ उपनिषद, ईस्ट वेस्ट सम रिफ्लेक्शंस, इंडियन फिलासफी, हिंदी व्यू ऑफ लाइफ जैसी गूढ किताबों की रचना करने वाले 40 वर्ष तक शिक्षक का कार्य सफलतापूर्वक निर्वहन करने वाले भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस 5 सितंबर को पूरे भारत में शिक्षक दिवस के रूप में हम बड़े आदर श्रद्धा पूर्वक मनाते हैं' पर वर्तमान में शिक्षा के निजीकरण के बाद शिक्षा एक व्यवसाय का रूप लेती नजर आ रही है, इसलिए शिक्षकों को व्यवहार में भी काफी परिवर्तन देखा गया है और यही कारण है कि शिक्षकों के सम्मान एवं आधार में कुछ वर्षों से काफी कमी आई है ।शिक्षकों के सम्मान में आई इस कमी के लिए केवल छात्र, वर्तमान का भौतिक युग और अभिभावक ही दोषी नहीं है बल्कि शिक्षक भी इस में समान रूप से कहीं न कहीं दोषी पाए गए हैं। शिक्षक दिवस मनाने के उद्देश्य न केवल विद्यार्थियों शिक्षकों के महत्व को बताते हुए उन्हें सम्मान देने के लिए प्रेरित करना है बल्कि शिक्षकों को उनकी भूमिका एवं उत्तरदायित्व का आभास भी करवाने के लिए शिक्षक दिवस मनाया जाता है। वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन ने कहा है विद्यार्थियों में आनंद का भाव और ज्ञान के आनंद को पैदा करना शिक्षकों का सर्वाधिक महत्वपूर्ण गुण और कार्य है' वैसे तो यह सर्वविदित है कि शिक्षक महोदय का कार्य अध्यापन करना होता है किंतु अध्यापन के उद्देश्य की पूर्ति तब ही हो सकती है जब इसके अतिरिक्त विद्यालय महाविद्यालय की अनुशासन व्यवस्था में सहयोग करके शिष्टाचार का पालन अपने सहकर्मियों के साथ सकारात्मक व्यवहार एवं पाठ्यक्रम के अन्य क्रियाकलापों में भी अपनी सहभागिता एवं सहयोग रखना भी होता है' शिक्षकों से यह अपेक्षा की जाती है कि वह एक आदर्श रूप सदैव धारण किए रहे और अनुशासन ,समय की प्रतिबद्धता एवं जितने भी कार्य का दायित्व उसे सौंपा जाए वह उसे 100% निष्ठा और कर्तव्य परायणता के साथ संपादित करें ।आज हम यह भूल जाते हैं कि शिक्षक भी एक इंसान ही होता है वह हर कार्य में संपूर्ण रूप से खरा नहीं उतर सकता फिर ऐसे में किसी व्यक्ति से संपूर्ण रुप से आदर्श व्यक्ति होने की अपेक्षा रखना बेमानी होता है.। राष्ट्र निर्माण में जिन शिक्षकों की भूमिका इतनी महत्वपूर्ण होती है और नवोदित बालकों को प्राथमिक शिक्षा से लेकर डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक एवं राजनेता बनाते तक शिक्षक इन्का दिग्दर्शन करते हैं को केवल एक दिन सम्मान देकर भूल जाना कतई उचित नहीं है. वैसे शिक्षक दिवस अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 5 अक्टूबर को मनाया जाता है और इसकी शुरूआत 1994 में यूनेस्को में की गई थी अमेरिका ,चीन ,इजराइल एवं अन्य यूरोपीय देशों में शिक्षक दिवस अलग-अलग दिवसों में मनाया जाता है' शिक्षक और शिक्षा एवं ज्ञान का बुनियादी स्वरूप किसी भी राष्ट्र की शक्ति एवं विकास का आधार स्तंभ होते हैं' किसी भी राष्ट्र की उन्नति के लिए शिक्षा और शिक्षकों के महत्व को आत्मसात करते हुए शिक्षा के कार्य को सभी कार्यों से श्रेष्ठ समझ कर उसे सर्व कालीन सम्मान दिया जाना चाहिए ,जबकि विकासशील देशों में भारत सहित शिक्षकों को वह स्थान नहीं दिया जा रहा है जिसके वह मूल हकदार हैं उन्हें उचित वेतनमान एवं आर्थिक सहायता भी उच्च स्तर की प्राप्त होनी चाहिए जिससे वह अपना शत-प्रतिशत छात्रों को समर्पित कर सकें' यूरोपीय देशों में शिक्षकों के महत्व को दर्शाते हुए वहां उनका वेतन डॉक्टर, इंजीनियर, एवं अन्य प्रशासनिक सेवाओं के अधिकारियों से अधिक प्रदान किया जाता है जिससे शिक्षक अपने परिवार और आने वाली पीढ़ी के लिए समुचित आर्थिक व्यवस्था कर सके. पर भारतीय परिपेक्ष में प्राथमिक कक्षाओं के शिक्षकों को न्यूनतम वेतन में संविदा नियुक्ति पर रख उनका अवमूल्यन कर दिया गया है। उनको सम्मानीय शिक्षक का पद ना बोलते हुए शिक्षा कर्मी का पद दे दिया गया है जो कि न सिर्फ शिक्षक की गरिमा के विरुद्ध है बल्कि उनके सम्मान को भी ठेस पहुंचाती है' शिक्षकों के लिए 5 सितंबर का दिवस मना कर हम इतिश्री कर लेते हैं जबकि एक आदर्श शिक्षक से उम्मीद करते हैं कि वह वह प्रशासनिक तौर पर कक्षा में आशावादी दृष्टिकोण रखने वाला एक विद्वान व्यक्ति हो, मनोविज्ञान का ज्ञान भी उसे सामाजिक आवश्यकताओं के अनुरूप विनोदी स्वभाव के साथ हो, दूरदर्शिता एवं मिलनसार सद्गुण उसके गुणों में समाहित होना चाहिए' यदि इस तरह आप संपूर्ण रुप से शिक्षित, परिपक्व एवं अनुशासन प्रिय ,ईमानदार व्यक्ति को किसी की शिक्षा में नियुक्त करते हैं तो उसे उचित सम्मान उचित आर्थिक धनराशि एवं समाज में उचित स्थान देने की आवश्यकता होगी' गुरुदेव रविंद्र नाथ ठाकुर, चाणक्य ,सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों में माने जाते हैं .डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन 40 वर्षों तक शिक्षक की कार्य किया एवं 10 वर्षों तक देश के उपराष्ट्रपति रह कर फिर राष्ट्रपति बने' किसी भी शिक्षक को सम्मान एवं समाज में एक प्रतिष्ठित स्थान दिया जाना चाहिए तब जाकर किसी भी देश समाज और व्यक्ति के लिए समर्पित होकर शिक्षक अपना संपूर्ण निछावर कर सकता है' शिक्षक दिवस का आयोजन तभी सार्थक एवं सफल हो सकता है शिक्षकों को अपने दायित्व का ज्ञान हो तथा विद्यार्थियों एवं उनके वालों को शिक्षकों के महत्व को सम्मान देने की आदत होनी चाहिए. शिक्षक दिवस शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए एक संकल्प लेने का दिवस होता है ताकि संपूर्ण इमानदारी के साथ शिक्षक एवं छात्र मिलकर अपने राष्ट्र को उन्नति के पथ पर ले जाकर एक महान राष्ट्र का निर्माण करना चाहिए और हमें देश के वैदिक काल से लेकर आधुनिक काल तक सर्वकालिक महान शिक्षकों का अनुसरण कर समाज का दिग्दर्शन करना चाहिए'

(5 सितंबर शिक्षक दिवस विशेष)

# गुरु कुम्हार शिष्य कुंभ है !

सुनील कुमार महला



सभी जानते हैं कि 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। शिक्षक का मतलब है-₹ विद्या या ज्ञान देने वाला।₹ या दूसरे शब्दों में कहें तो शिक्षा देने वाले को शिक्षक कहते हैं। सर्वप्रथम यही कहना चाहूंगा कि -₹अज्ञान तिमिरान्धस्य ज्ञानाञ्जन शलाकया । चक्षुरुन्मीलितं येन तस्मै श्री गुरवे नमः।₹यानी कि ज्ञान के अज्ञान रूपी अंधकार से अंधे लोगों की आंखें खोलने वाले गुरु को नमस्कार। वास्तव में, देखा जाए तो एक शिक्षक ही देश के भाग्य का निमार्ता होता हैं। वह शिक्षकों को नयी दिशा, नया मोड़ देने की क्षमता रखता है। हम यूं भी कह सकते हैं कि

शिक्षक ही वह व्यक्ति है जो बालक के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास कर उसमें अच्छे मूल्यों, संस्कृति, संस्कारों और आदर्शों को विकसित करता है जिससे कि वो आगे चलकर देश के उत्तम नागरिक बनें और देश की उन्नति एवं विकास में अपना योगदान दे सकें। शिक्षकों के कंधों पर बहुत बड़ा उत्तरदायित्व होता है। वास्तव में शिक्षक ही गुरू है। मतलब अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाला। वह तो नारायण रूप है। शायद इसीलिए कहा भी गया है-₹बंदउँ गुरु पद कंज कृपा सिंधु नररूप हरि। महामोह तम पुंज जासु बचन रबिकर निकर।।₹ इन पंक्तियों का भावार्थ यह है कि गुरु को नारायण का रूप माना गया हैं। हमेशा हमलोग अपने गुरु के चरण कमलों की वंदना करते हैं। ऐसा कहा जाता है, कि सूरज के उगने से फैला सारा अँधेरा नष्ट हो जाता हैं। इसी तरह गुरु हमारे मोहरूपी सभी अंधकार को खत्म कर देता हैं। गुरू या शिक्षक के बिना ज्ञान मिलना मुश्किल है, क्योंकि गुरू ही ज्ञान की ओर ले जाता है, वह हमें जीवन के सही मार्ग की ओर अग्रसर करता है, एक गुरु ही अपने शिष्य का भला बुरा जानता है और शिष्य को बुरे मार्ग पर जाने से रोकता है और अच्छे मार्ग, अच्छे संस्कारों से जोड़ता है। हम करोड़ों शास्त्र पढ़कर भी ज्ञानवान नहीं बन सकते, बहुत ज्यादा बोलकर जीवन में आगे नहीं बढ़ सकते। गुरु हमारे जीवन में एक सेतु है जिसके सहारे हम अपनी नैय्या को पार लगा सकते हैं, जीवन पथ पर आगे बढ़ सकते हैं। संस्कृत में बड़े ही सुंदर शब्दों में यह कहा गया है कि - ₹किमत्र बहुनोक्तेन शास्त्रकोटि शतेन च । दुर्लभा चित्त विश्रान्तिः विना गुरुकृपां परम् ।।₹ संस्कृत में लिखी गई इन पंक्तियों का भावार्थ यह है कि बहुत ज्यादा बोलने से क्या? करोड़ों शास्त्रो को पढने से क्या? चित की शाति ही परम शांति है, और यह सब गुरु के बिना मिलना मुश्किल होता है। वास्तव में एक शिक्षक सदैव अपने शिष्यों के हित व कल्याण की बात करते हैं। वे अपने शिष्यों को सदैव आगे बढ़ा हुआ देखना चाहते हैं। वे हमें तत्वबोध करवाते हैं, जीवन की सच्चाइयों से रूबरू करवाते हैं। तभी तो कहा गया है कि हे गुरुदेव, आप मेरे माता-पिता के समान हैं, आप मेरे भाई और साथी हैं, आप ही मेरा ज्ञान और मेरा धन हैं। हे प्रभु तू ही सब कुछ है। यानी कि- ₹त्वमेव माता च पिता त्वमेव, त्वमेव बन्धुश्च सखा त्वमेव। त्वमेव विद्या द्रविणं त्वमेव, त्वमेव सर्वं मम देव देव ।।₹ आज संस्कृत का यह चिर-परिचित श्लोक इसीलिए सभी स्कूलों, प्रार्थना स्थलों, मंदिरों में वाचन किया जाता है, क्यों कि गुरु या शिक्षक की महिमा अपरंपार है और गुरु ही देव समान है, हमारा भाग्य



विधाता है। वास्तव में एक गुरु ही होता है जो हमें प्रेरित करता है, प्रोत्साहित करता है, विपरीत परिस्थितियों से लड़ना सिखाता है, हमारे में साहस को भरता है, हमें हौंसला देता है। संस्कृत में यूं ही नहीं कहा गया है कि - प्रेरकः सूचकश्वैव वाचको दर्शकस्तथा ।

शिक्षको बोधकश्चैव षडेते गुरवः स्मृताः ॥ यानी कि वह जो प्रेरित करता है, सूचित करता है, सच बताता है, मार्गदर्शन करता है, सिखाता है और ज्ञान देता हैः ये सभी एक ही गुरु हैं। एक शिक्षक ज्ञान, योग्यता, शिष्टता, सहानुभूति, अनुनय, विवेक और प्रसन्नता जैसे गुणों से युक्त होता है, तभी संस्कृत में कहा गया है-₹विद्वत्त्वं दक्षता शीलं सङ्क्रान्तिरनुशीलनम् ।शिक्षकस्य गुणाः सप्त सचेतस्त्वं प्रसन्नता ।।₹ शिक्षक हमें पढ़ाता है, हमारा मार्गदर्शन करता है, हमें जीवन बोध कराता है, हमें जीवन के उद्देश्य बताता है, सच तो यह है कि शिक्षक केवल अपने विद्यार्थियों को हर तरह से खुश और सफल देखना चाहते हैं। एक अच्छा शिक्षक कभी अपना धैर्य नहीं खोता और हर विद्यार्थी के अनुसार पढ़ाता है। वह अपने शिष्यों की समस्याओं, परेशानियों को बखूबी समझता है। एक विद्यार्थी के जीवन में शिक्षक एक ऐसा महत्वपूर्ण इंसान होता है जो अपने ज्ञान, धैर्य, प्यार और देख-भाल से उसके पूरे जीवन को एक मजबूत आकार देता है। एक कुंभकार की भांति वह अपने शिष्यों को मनचाहे आकार में ढ़ालने की क्षमता रखता है। वह अपने शिष्यों को परिष्कृत करता है, मांजता है। एक शिक्षक किसी के जीवन को बनाने में निस्वार्थ भाव से अपनी सेवा देते हैं। उनके समर्पित कार्य की तुलना किसी अन्य कार्य से नहीं की जा सकती।एक शिक्षक ईश्वर की तरह है क्योंकि ईश्वर पूरे ब्रह्माण्ड का निमार्ता होता है जबकि एक शिक्षक को एक अच्छे राष्ट्र का निमार्ता माना जाता है। एक अच्छा शिक्षक अपने विद्यार्थियों का अच्छा दोस्त भी होता है जो उन्हें सही रास्ता प्राप्त करने में मदद करता है। एक अच्छा शिक्षक वो होता है जो अपने पूरे जीवन में विद्यार्थियों को केवल देता है लेकिन कुछ भी लेता नहीं है बल्कि वो अपने विद्यार्थियों की सफलता से बहुत खुश हो जाता है। विद्यार्थियों की सफलता ही एक शिक्षक की गुरू दक्षिणा है, उपहार है। एक बेहतरीन शिक्षक वो होता है जो अपने राष्ट्र के लिये एक बेहतरीन भविष्य की पीढ़ी उपलब्ध कराता है। ये शिक्षक ही होते हैं जो अपने ज्ञान की ज्योति से हमें प्रकाशित करते हैं और हमारा मार्गदर्शन करते हैं। किसी भी समाज को विकसित करने के लिये, यह महत्वपूर्ण है कि वहां के लोग शिक्षित हों और एक शिक्षक ही ऐसे समाज,देश का निर्माण कर सकता है अर्थात शिक्षक को हम किसी देश के प्रगति का सूचकमान सकते हैं। कबीर दास जी ने शिक्षक के बारे में क्या खूब कहा है -ह्नगुरु कुम्हार शिष्य कुंभ है, गढ़ि गढ़ि काढ़ै खोट, अंतर हाथ सहार दै, बाहर बाहै चोट।ह्व यानी कि इन पंक्तियों में कबीर दास जी कहते है कि शिक्षक एक कुम्हार की तरह है और छात्र पानी के घड़े की तरह जो उनके द्वारा बनाया जाता है और इसके निर्माण के दौरान वह बाहर से घड़े पर चोट करता है और इसके साथ ही सहारा देने के लिए अपना एक हाथ अंदर भी रखता है। अतः आइए हम इस शिक्षक दिवस हमारे शिक्षकों को नमन करें, उनसे आशीर्वाद लें और अपने जीवन को सफल बनायें। आप सभी को शिक्षक दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। जय जय।

एक नजर

## सरकारी की कल्याणकारी योजनाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित करें:कलेक्टर



**सुकमा, 4 सितंबर ।** कलेक्टर श्री हरिस एस. ने मंगलवार को कलेक्टोरेट के सभागार में आयोजित समय-सीमा की बैठक के दौरान शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, विभागीय कार्यों सहित जिले में नियद नेल्लानार योजनांतर्गत कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को सुनिश्चित करने के साथ ही राशन कार्ड बनाने हेतु लम्बित प्रकरणों को निराकरण करने के निर्देश दिए। किसान सम्मान निधि एवम् किसान क्रेडिट कार्ड बनाने के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने आवास योजनांतर्गत स्थाई प्रतीक्षा सूची में हितग्राहियों के आवश्यक दस्तावेज सप्ताह के अंत तक शीघ्र जमा कराने के निर्देश दिए। साथ ही जानकारी पोर्टल में नियमित रूप से अपडेट करने पर जोर दिया।कलेक्टर ने संपूर्णता अभियान के अंतर्गत जिले में चल रहे रहे गतिविधियों की समीक्षा की और स्वायल टेस्टिंग 2 सप्ताह के भीतर पूर्ण कर कृषकों को स्वायल हैल्थ कार्ड वितरण करने के निर्देश दिए। शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए ग्रामीणों के आधार कार्ड आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु कार्योजना बनाकर ग्रामीणों को मॉबलाइज़ कर लाभान्वित करने के निर्देश दिए। तहसील कर्मचारियों को कार्यालय संबन्धित कार्यशाला आयोजन करने के और जाति निवासी प्रमाण पत्र हेतु आवश्यक निर्देश दिए। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना हेतु पात्र महिलाओं का चिन्हांकन कर, पंजीयन करने के निर्देश दिए। बैठक में पीडीएस भंडारण, नक्सल पुनर्वास समिति, पीडीएस एवं आंगनवाडी निर्माण कार्यों की सहित विभागीय कार्यों की समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नम्रता जैन, अपर कलेक्टर श्री गजेन्द्र सिंह ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर श्री सूरज कश्यप, एसडीएम तहसलीदार, जनपद सीईओ सहित जिला स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## ग्राम व्यासकोंगेरा में 5 सितंबर को जनसमस्या निवारण शिविर

**कांकेर, 4 सितंबर ।** कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार जिले के आम नागरिकों की आवश्यकताओं, शिकायतों एवं समस्याओं के समाधान के लिए जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 05 सितंबर को कांकेर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत व्यासकोंगेरा में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित होगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त शिविर पंचायत भवन व्यासकोंगेरा में सुबह 10.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक लगाया जाएगा, जिसमें अंजनी, पुसावण्ड, पुसवाड़ा, पटौद, बेवरती, दसपुर,मोहपुर, आतुरगांव, सिंगारभाट, कोदाभाट, कुलगांव, गढ़पिछवाड़ी, मर्दापोटी, इच्छापुर, मनकेशरी और ईरादाह के ग्रामीण शामिल होंगे। कलेक्टर ने उक्त शिविर में ब्लॉक स्तरीय एवं क्लस्टर स्तर के अधिकारी-कर्मचारी के अलावा सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को भी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए हैं।

## जल जीवन मिशन के कार्यों की कलेक्टर ने की समीक्षा

**कांकेर, 4 सितंबर ।** कलेक्टर श्री निलेश महादेव क्षीरसागर ने आज जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक लेकर जल जीवन मिशन के निर्माण कार्यों के अब तक की प्रगति की जानकारी ली तथा अधूरे निर्माण कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण कराने के निर्देश कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को दिए। इस दौरान कार्यपालन अभियंता ने बताया कि योजना के तहत् अधूरे एवं अपूर्ण स्थिति में कार्य को छोड़ने वाले ठेकेदारों एवं फर्मों का अनुबंध निरस्त किया गया है।जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आज दोपहर को आयोजित बैठक में कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के तहत् विभिन्न जल प्रदाय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए लंबित कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी श्री बी.एन. भोयर ने बताया कि पिछले दो माह में एफएचटीसी के कार्यां में 5 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि जिले में भौतिक उपलब्धि का प्रतिशत 64 (69774 कनेक्शन) है। इसी तरह 72.22 प्रतिशत घरों में घरेलू नल कनेक्शन प्रारंभ हो चुके हैं। इसके अलावा उच्च स्तरीय जलागार निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान बताया गया कि 192 टंकी निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि 191 कार्य प्रगतिरत है। इस पर कलेक्टर ने स्रोतविहीन योजनाओं को शुरू करने शीघ्रता से नवीन स्रोत विकसित करने के निर्देश दिए। बैठक में यह भी बताया कि मिशन के तहत् सोलर पंप स्थापित करने क्रेडा द्वारा 2209 कार्यों में से 1520 पूर्ण हो चुके हैं।

कार्यपालन अभियंता श्री भोयर ने बताया कि जलजीवन मिशन के तहत् जिन अनुबंधित ठेकेदारों ने लंबी अवधि तक कार्यां को पूर्ण नहीं किया, उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कर उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया था तथा जवाब नहीं मिलने पर संबंधित फर्म को पुनः कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। तदुपरांत कार्य प्रारंभ करने में रूचि नहीं लेने वाली सभी 10 फर्मों का अनुबंध निरस्त कर उनके व्यय एवं जोखिम पर अन्य एजेंसियों से कार्य कराए जाने का आदेश जारी किया गया।

इन फर्मो में मेसर्स अरिहंत इंटीरियर केशकाल, मेसर्स अविनाश एसोसिएट धमतरी, निरंजन सिंह ठाकुर कांकेर, मेसर्स ध्रुवा कंस्ट्रक्शन कांकेर, मेसर्स स्वेपटेक इन्फ्रा दुर्ग, अमित यादव दुर्ग, मेसर्स शिल्पी कंस्ट्रक्शन दुर्ग, मेसर्स के.आर. इंटरप्राईजेस रायपुर, मेसर्स ए.वाय.वी इन्फ्रास्ट्रक्चर कांकेर तथा मेसर्स विजय व्ही. सालुंके रायपुर शामिल हैं।

बैठक में कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के सभी प्रगतिरत कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण कराने और आम जनता को स्वच्छ पेयजल एवं निस्तारी जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी को दिए। इस अवसर पर समिति के सदस्य एवं संबंधित विभाग के अधिकारीगण मौजूद थे।

# विष्णु के राज में महादेव भी सुरक्षित नहीं

- कुलेश्वर महादेव मंदिर में दान पेटी चोरी, देवालय सुरक्षित नहीं
- मंदिरों में चोरी वा तोड़फोड़ की घटनाएं बढ़ी
- कुछ दिन पहले ग्रामीणों ने शिवलिंग तोड़-फोड़ मामले में राजिम एसडीएम का घेराव किया था

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजिम, 4 सितंबर।** छत्तीसगढ़ के प्रयागराज राजिम त्रिवेणी संगम में स्थित कुलेश्वर महादेव मंदिर में हुई चोरी की घटना से अंचल में रोष व्याप्त है आरोपियों को जल्द पकड़ने की मांग उठने लगी है ऐसे में पूरे राज्य में कहा जाय फिर जिले में मंदिर में तोड़फोड़ और मंदिर में दान पेटी में पैसे की चोरी की घटनाएं दिनों दिन बढ़ती जा रही है इसी के तहत बीती रात कुलेश्वरनाथ मंदिर राजिम के में भी दान पेटी को चोरी कर पैसा निकाल कर नदी में फेंकने की घटना सामने आई है सुबह जब पुजारी मंदिर खोलना गया तब देखा कि मंदिर से दान पेटी गायब है तो वहीं कुछ दूरी पर नदी में दान पेटी पड़ा मिला है जिसमें से पूरा पैसा निकाल कर दान पेटी को फेंक दिया था तो वही इस मामले में संबंधित धमतरी जिले के बड़ी करेली थाना में रिपोर्ट दर्ज कर दी गई है जानकारी के मुताबिक डुप्लीकेट चाबी के सहारे मंदिर के ताला को खोला गया है। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है।बता दे यह वही प्रसिद्ध मंदिर है जिसे वनवास काल में भगवान श्री राम लक्ष्मण और माता सीता जब राजीम पहुंचे थे तो माता सीता द्वारा रेत से शिवलिंग निर्माण पर माता सीता पूजा की थी और यहां 15 दिनों का प्रसिद्ध मेला भी लगता है।और इसी कुलेश्वर महादेव तक पहुंच के लिए सरकार ने करोड़ों रुपए खर्च का लक्ष्मण झूला भी बनाया है और सुरक्षा पर रखरखाव नहीं होने की वजह से इतनी बड़ी घटना का अंजाम दिया गया तो दूसरी तरफ गरियाबंद जिले में जतमई मंदिर में भी लगभग तीन से चार बार दान पेटी चोरी हो चुका है । और आज भी हमेशा की चोर पुलिस के गिरफ्त से बाहर है साथ ही राजीम अंचल के बोरसी गांव में भी मंदिर में तोड़फोड़ का मामला हाल ही में सामने आया था जिसे लेकर बोरसी के ग्रामीणों ने राजिम एसडीएम कार्यालय का घेराव किया था तो वही लगभग दो माह पहले दूतकैया गांव में शिवलिंग की तोड़फोड़ की घटना हुई थी इस प्रकार यह कहा जाए की सरकार धर्म की बात तो करती है पर धार्मिक स्थलों देवी देवताओं की सुरक्षा को लेकर संवेदनशील नहीं है वही कुलेश्वर महादेव में हुई इस घटना को लेकर एक बार फिर श्रद्धालुओं में रोष है साथ भक्तो के आस्था और उनके विश्वास पर गहरा आघात लगा है भगवान के मंदिर सुरक्षित नहीं है तो ऐसे में आने वाले समय में लोग अपनी जानमाल के सुरक्षा को लेकर चिंतित हो रहे हैं तो हमेशा की तरह पुलिस के हाथ भी खाली ही साबित हो रहे हैं। बता दे कि आसपास में चोरी की घटनाएं बढ़ने का मुख्य कारण अंचल में चल रहे शराब, गांजा ,सट्टा अवैध कारोबार है क्योंकि राजिम सहित आसपास के गांवों में जिस तरह से अवैध रूप से शराबी बेची जा रही है और सट्टा खेलाया जा रहा है इससे असामाजिक तत्व के लोगो की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ते जा रहे हैं।युवा बेरोजगार चोरी कर अपने नशे के सामान खरीदने के लिए ऐसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं समय रहते इन अवैध शराब ,गांजा बिक्री और सट्टा पर रोक नहीं लगाया जाए तो अशांति की स्थिति दिन-दिन बढ़ती जाएगी गांव-गांव में जिस प्रकार से सट्टा खेलाया जा रहे हैं इससे युवा बेरोजगारो का भविष्य बिगड़ रहा हैं और घर-घर में कलह भी बढ़ रहा है।

## डीईओ ने पोटा केबिन गुमड़ा का किया निरीक्षण



**गीदम, 4 सितंबर।** बाला (बिल्डिंग अज लर्निंग ऐड) अवधारणा के तहत किए जा रहे शैक्षिक एवं भौतिक विकास कार्यों के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी एस के अंबस्ता ने पीएम श्री स्कूल पोटा केबिन गुमडा का निरीक्षण किया। ज्ञात हो कि इस अवधारणा के माध्यम से स्कूल की भौतिक संरचनाओं को शैक्षणिक संसाधनों के रूप में उपयोग किया जा रहा है, जिससे छात्रों के सीखने की प्रक्रिया को और अधिक रोचक और प्रभावी बनाया जा सके। निरीक्षण के दौरान डीईओ ने स्कूल की कक्षाओं, दीवारों, आंगन एवं अन्य संरचनाओं पर ''बाला'' कॉन्सेप्ट के अंतर्गत की गई रचनात्मक गतिविधियों जैसे खेल खेल में शिक्षण एवं सीखने संरचनाओं को सराहा। उक्त पोटा केबिन में छात्रों द्वारा स्कूल की दीवारें, फर्श, आंगनों तथा अन्य स्थान पर गणितीय और भाषा से संबंधित जानकारी दी गई थी। इस प्रकार छात्र खेल-खेल में ही सीखने की प्रक्रिया में शामिल हो रहे हैं। उल्लेखनीय है कि ''बाला'' अवधारणा के अंतर्गत स्कूल की दीवारों को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि बच्चे उन्हें खोजने और सीखने के अवसर के रूप में उपयोग कर सकें। डिजाइन में स्थानीय और सांस्कृतिक तत्वों का समावेश किया गया है, जिससे बच्चों को अपनी परिवेशी दुनिया से जोड़कर सीखने का अवसर मिलता है। विशेष रूप से गणित और भाषा की दीवारें डिजाइन की गई हैं, जिनमें गिनती, जोड़, घटाव, गुणा, और भाग के साथ-साथ भाषा के खेल-आधारित शिक्षण जैसे कि क्रॉसवर्ड, साँप-सीढ़ी के खेल और कार्यशील मॉडल शामिल हैं। इन मॉडलों के माध्यम से बच्चे अक्षर पहचान, कहानी निर्माण और अन्य महत्वपूर्ण कौशल सीखते हैं। इस निरीक्षण के दौरान पीएम श्री विद्यालय नोडल अधिकारी कमल कर्मकार, वी एस ताती, विकासखंड स्रोत समन्वयक गीदम जितेंद्र सिंह चौहान, संकुल समन्वयक गया प्रसाद नाग, शिक्षार्थ ट्रस्ट समन्वयक सुमन और विद्यालय के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

## तीन बाइक की जबरदस्त भिड़ंत में एक की मौत

**भोपाल पटनम, 4 सितंबर।** नेशनल हाईवे 63 पर बी.टी.आई चौक और गोलागुड़ा के बीच हुए एक भीषण सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई हादसा इतना जबरदस्त था कि युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार मद्देड निवासी निखिल नीलम अपने साथियों के साथ पल्सर एन एस बाइक पर तिमेड़ की तरफ जा रहा था सामने से आ रही टीवीएस अपाचे बाइक के साथ उसकी बाइक की जबरदस्त टक्कर हो गई दोनों बाइक सवार तेज रफ्तार में गाड़ी चला रहे थे टक्कर के बाद पीछे से आ रही है डिलक्स बाइक भी इन दोनों बाइक से भीड़ गई हादसे में निखिल को सर पर गंभीर चोट आई और वहां मौके पर ही दम तोड़ दिया एक अन्य घायल का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भोपालपटनम में चल रहा है।

## एसडीएम पर पूर्व जनपद उपाध्यक्ष ने जनदर्शन में लगाए गंभीर आरोप




तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**चारामा, 4 सितंबर।** छत्तीसगढ़ राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी व चारामा के नवपदस्थ अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के उपर जनपद पंचायत चारामा के पूर्व उपाध्यक्ष नरेंद्र साहू ने बेहद गंभीर आरोप लगाया है । उन्होनें जिला मुख्यालय कांकेर मे मंगलवार 3 सितंबर को आयोजित कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में मामले की शिकायत भी कर दी है । उन्होने अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए अपने शिकायत पत्र में लिखा है कि उन्हें 2 सितंबर को अधिकारी के द्वारा अपने सरकारी कार्यालय में बुलवाकर उस पर एफआईआर दर्ज करवाकर पुलिस से पिटवाने, जेल भेज देने और देख लेने तक की धमकी दी गई है । उन्होनें कहा है कि अधिकारी के द्वारा इस तरह की धमकी देकर उसे मानसिक रुप से प्रताड़ित किया जा रहा है । घटना के बाद से वे और उनका परिवार पूरी तरह से भयभीत हैं । इसलिए उन्होने कलेक्टर कांकेर से जनदर्शन कार्यक्रम में शिकायत करते हुए घटना से अवगत कराया है । वहीं उनके साथ निकट भविष्य में किसी भी प्रकार की घटना दुर्घटना होती है तो उसके लिए उक्त अधिकारी को दोषी करार देने का आग्रह किया गया है और अधिकारी की धमकी व इस शिकायत पत्र की गंभीरता को देखते हुए शीघ्र कार्यवाही करने की मांग की गई है । वहीं 7 दिवस के भीतर कार्यवाही नही की जाती है तो ऐसी स्थिति में धरना प्रदर्शन करने की भी बात कही गई है । जिसकी समस्त जवाबदेही शासन-प्रशासन की मानी जाएगी ।

## सिंगपुर के मुख स्वास्थ्य जांच शिविर में 59 लोगों ने कराया पंजीयन

**मगरलोड, 4 सितंबर।** कलेक्टर नम्रता गांधी के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग धमतरी तथा शासकीय दंत महाविद्यालय रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन जिलें के पिछड़ी जनजाति वाले क्षेत्रों किया जा रहा है। इसी कड़ी में बीते दिन मगरलोड़ के ग्राम सिंगपुर में कमार जनजाति एवं अन्य पिछड़ी जनजातियों का मुख स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 59 लोगों का पंजीयन किया गया, जिसमें से 46 लोग कमार जनजाति वर्ग के मौजूद थे। इनमें दंत फ्लोरोसिस के 14, एक्सट्रेक्शन के 03, कैल्कुलस के 13, डेंचर आरपीडी 6, रेस्टोरेशन 6 और ओरल प्रोफी के 16 मरीज मिले है। उक्त शिविर में दंत महाविद्यालय रायपुर के डॉ. महेन्द्र कुमार अनंत, डॉ. सोपान सिंह, डॉ. शुभम सेठी, डॉ. शशांक अग्रवाल द्वारा शिविर में उपस्थित मरीजों का मुख संबंधी जांच कर उन्हें परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया गया। साथ ही जरूरतमंद मरीजों को डेंचर और स्केलिंग सुविधा दी जा रही है।



# कांग्रेसियों ने काली पट्टी बांधकर किया मौन प्रदर्शन



**बीजापुर, 4 सितंबर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी बीजापुर ने जिला मुख्यालय बीजापुर में प्रदेश की माता बहनों की सुरक्षा और लचर कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने की माँग को लेकर कांग्रेसियों ने काली पट्टी बाँधकर एक दिवसीय मौन प्रदर्शन किया है। कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर आरोप लगाया है कि जब से प्रदेश में भाजपा और विष्णु देव साय की सरकार बनी है तब प्रदेश में महिलाओं के प्रति 3094 अपराध और 600 से अधिक दुष्कर्म की घटनाएं हुई है लेकिन भाजपा सरकार मौन है प्रदेश की माता, बहनों और बेटियों को सुरक्षा देने में भाजपा की सरकार पूरी तरह विफल है।

मौन प्रदर्शन के बाद बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार माता, बहनों और बेटियों को सुरक्षा देने में नाकाम है इसलिए कांग्रेस पार्टी ने प्रदेश की माता, बहनों और बेटियों को सुरक्षा देने और प्रदेश की लचर कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने की मांग को लेकर काली पट्टी बांधकर मौन प्रदर्शन किए है। यदि भाजपा सरकार प्रदेश में माता, बहनों और बेटियों को सुरक्षा नहीं देती है और लचर कानून व्यवस्था को सुदृढ़ नहीं करती है तो आने वाले समय में माता, बहनों और बेटियों की सुरक्षा व लचर क़ानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने की मांग को लेकर भाजपा सरकार के ख़िलाफ़ कांग्रेस पार्टी उग्र आंदोलन करेगी। इस दौरान जिला कॉंग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर, जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम, जिला पंचायत सदस्या श्रीमती नीना रावतिया उद्दे, जिला पंचायत सदस्या श्रीमती संत मण्डावी, नगर पालिका अध्यक्ष बेनहुर रावतिया, जनपद अध्यक्षा श्रीमती बोधि ताती, जनपद उपाध्यक्ष सोनू पोटाम, युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव मनोज अवलम, कांग्रेस कमेटी महामंत्री जितेंद्र हेमला,पार्षद कविता यादव, पार्षद कलाम खान, पार्षद सोनमती ताती, रितेश दास, नगर अध्यक्ष संतोष गुप्ता, पुरुषोत्तम खत्री, रेंगा नागेश, युवा नेता एजाज सिद्दीकी, श्यामू गुप्ता, इदरीस खान, बाबूलाल राठी,ममता पांडे, शेख सकीना,संगीता पोयाम,रमिला हपका,विमला बेंजाम,सुंदरी तेलम,सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौन प्रदर्शन में शामिल हुए।

## 150 सोलर स्ट्रीट लाइट 15 गांवों में लगाए गए



**सुकमा, 4 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** एचडीएफसी बैंक और आरोह फाउंडेशन द्वारा आज सुकमा जिले में समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अंतर्गत 15 चयनित गांवों में 150 सोलर स्ट्रीट लाइट्स को लगाने का काम पूर्ण किया गया । यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिरता और सुरक्षित वातावरण प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।इस परियोजना के तहत स्थापित की गई सोलर स्ट्रीट लाइट्स से गांवों की रात की सुरक्षा और सुरक्षा को मजबूत किया जाएगा। इन लाइट्स की मदद से अंधेरे में आवाजाही सुरक्षित होगी, जिससे सड़क दुर्घटनाओं और जंगली जानवरो के खतरे में कमी आएगी। सोलर तकनीक का उपयोग ग्रामीणों को स्वच्छ ऊर्जा प्रदान करेगा और बिजली की निर्भरता को कम करेगा, साथ ही पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान देगा।आरोह फाउंडेशन से परियोजना प्रबंधक श्री कुलदीप जोसफ ने इस अवसर पर बताया कि समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम का उद्देश्य केवल बुनियादी सुविधाओं को प्रदान करना ही नहीं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, कृषि विकास और महिला सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में भी व्यापक सुधार करना है। यह परियोजना सुकमा जिले के समग्र विकास की दिशा में एक नई पहल है, जो स्थानीय समुदायों के जीवन स्तर को उन्नत करने के लिए समर्पित है।ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना की और उल्लेख किया कि सोलर स्ट्रीट लाइट्स से रात के समय की सुरक्षा और समुचित रोशनी प्राप्त होगी, जिससे सामाजिक और आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि होगी। यह पहल ग्रामीण विकास की दिशा में एक नई उम्मीद और अवसर का संचार करती है।एच.डी.एफ.सी बैंक और आरोह फाउंडेशन का यह प्रयास सुकमा जिले को समग्र विकास की मुख्यधारा में शामिल करने और ग्रामीण समाज को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस पहल के माध्यम से एक उज्जवल और सशक्त भविष्य की ओर कदम बढ़ाया गया है।

## उल्लास नव भारत कार्यक्रम में दिया गया प्रशिक्षण



**सुकमा, 4 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत् नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के त्वरित क्रियान्वयन हेतु स्त्रोत व्यक्तियों का राज्य स्तरीय प्रशिक्षण राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण व राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् के सयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण प्राप्त स्त्रोत व्यक्तियों द्वारा जिला स्तर पर विकासखंड स्त्रोत केन्द्र के सभाकक्ष में 02 दिवसीय विकासखंड जोन स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण 02 सितम्बर से 03 सितम्बर 2024 तक मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण कक्षा संचालन, तथा सीखने सीखाने की नवाचारी गतिविधि पर केन्द्रित था।

जिला-सुकमा अंतर्गत विकासखंड सुकमा 03 में विकासखंड कोंटा 07 में तथा विकासखंड छिन्दगढ़ 06 में कुल 16 जोन स्तर पर 2-2 मास्टर ट्रेनर्स कुल 32 ट्रेनर्स ने जिला स्तर पर प्रशिक्षण प्राप्त किये उक्त मास्टर ट्रेनर्स 723 ग्राम प्रभारी शिक्षको को प्रशिक्षण जोन स्तर आयोजित किया जाएगा। तत्पश्चात् ग्राम प्रभारी शिक्षक द्वारा स्वयंसेवी शिक्षकों को ग्राम स्तर पर प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।

## संपूर्णता अभियान के तहत निकाली जागरूकता रैली




**सुकमा, 4 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नीति आयोग अन्तर्गत संपूर्णता अभियान के तहत सुकमा जिले में 6 इंडिकेटर को संतृप्त करने कलेक्टर श्री हरिस एस के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नम्रता जैन के कुशल मार्गदर्शन में निरंतर प्रयास कर रही है। इसी परिपेक्ष में आंकाक्षी ब्लॉक कोंटा अंतर्गत ग्राम मराइगुड़ा, गोलापल्ली में साक्षरता अभियान, पर्यावरण संरक्षण, हेल्थ चेकअप, पोषण सप्ताह, व स्व सहायता समूह गठन और रिवॉल्विंग फण्ड प्रदाय पर चर्चा किया गया। इसके साथ ही जागरूकता रैली में आंगनवाड़ी केन्द्रों पर पोषण आहार, बच्चों के स्वास्थ्य की मॉनिटरिंग के लिए कार्यकर्ताओं द्वारा नियमित रूप से उनके वजन व ऊंचाई का नाप लेने तथा पोषण ट्रेकर सहित विभिन्न पोर्टल पर नियमित रूप से डाटा अपडेट करने पर जानकारी दी गई। बैठक और रैली में स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, विकासखंड स्तर के अधिकारी-कर्मचारी, आँगनबड़ी कार्यकर्ता, स्व सहायता समूह की दीदियाँ , स्कूल के और आंगनबाड़ी के बच्चे उपस्थित थे।

## धान में जीवाणुजनित झुलसा रोग के लक्षण व प्रबंधन की जानकारी दी

**सुकमा, 4 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कृषि विज्ञान केन्द्र, सुकमा के पौध रोग वैज्ञानिक श्री राजेन्द्र प्रसाद कश्यप, कीट वैज्ञानिक डॉ योगेश कुमार सिदार व चिराग परियोजना के एस.आर.एफ. यामलेशवर भोयर ने धान में लगने वाले झुलसा रोग के बारे में जिले के किसानों को जानकारी दी कि इस रोग को जीवाणु जनित झुलसा रोग या बैक्टीरियल लीफ ब्लाइट रोग भी कहते हैं। यह रोग के प्रारंभिक लक्षण पत्तियों पर रोपाई या बुवाई के 20 से 25 दिन बाद दिखाई देते है। पौधों की छोटी अवस्था से लेकर परिपक्व अवस्था तक यह बीमारी कभी भी लग सकती है। इस रोग में पत्तिया नोंक अथवा किनारों से शुरू होकर मध्य भाग तक सूखने लगती हैं। सूखे हुए किनारे अनियमित एवं झुलसे हुये दिखाई देते हैं। इन सूखे हुये पीले पत्तों के साथ-साथ राख के रंग के चकत्ते भी दिखाई देते हैं। संक्रमण की उग्र उवस्था में पत्ती सूख जाती है। रोग ग्रसित पौधे कमजोर हो जाते है और उनमें कंसा कम निकलता है। दाने पूरी तरह नही भरता है व पैदावार कम हो जाती है। संक्रमित पत्तियों को काट कर पानी से भरे काँच के गिलास में डुबाने से पत्तियों में तरल जैसे पदार्थ (ऊज) निकलता है जिससे सुनिश्चित हो जाता है कि यह जीवाणु जनित रोग है।इसके नियंत्रण के लिए प्रभावी उपाय अपनाना चाहिए जिसमें खेतो को खपतवार मुक्त रखे व पुराने फसल अवशेष को नष्ट कर दे। प्रमाणित बीजों का चयन करें।समय पर बुवाई करें व रोग प्रतिरोधी किस्म का चयन करें। संतुलित मात्रा में पोषक तत्वों का उपयोग करें। झुलसा रोग के प्रकोप की स्थिति में नाइट्रोजन उर्वरक का प्रयोग न करें। धान में जीवाणु जनित झुलसा रोग के लक्षण दिखने पर यदि पानी उपलब्ध हो तो खेत से अनावश्यक पानी निकालकर 3 से 4 दिन तक खुला रखें तथा 25 किलो पोटाश प्रति हेक्टेयर कि दर से छिड़काव करें। कोई रासायनिक उपचार इस बिमारी के लिए प्रभावकारी नहीं है अधिक जानकारी के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिको व कृषि विभाग के अधिकारियों से संपर्क करें।

**एक नजर**

## कलेक्टर ने जिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण



**बीजापुर 4 सितम्बर ।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने जिला अस्पताल बीजापुर का औचक निरीक्षण किया इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार भी उपस्थित थे।कलेक्टर ने जिला अस्पताल में पदस्थ विशेषज्ञों, डॉक्टरों स्वास्थ्य अमला एवं रिक्त पदों की जानकारी ली।इस दौरान सीएमएचओ डॉ. बीआर पुजारी एवं सिविल सर्जन डॉ. रत्ना ठाकुर ने अस्पताल के मूलभूत सुविधाओं एवं समस्याओं से अवगत कराया।कलेक्टर सभी वार्डो का बारी-बारी से अवलोकन कर वस्तुस्थिति से अवगत हुए कैंसर वार्ड, महिला वार्ड एवं शिशु वार्ड में पहुंचकर मरीजों एवं उनके परिजनों से अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं से अवगत हुए तथा एनआरसी में भर्ती हुए बच्चों की माताओं को डाक्टरों की सलाह पर घर में भी पौष्टिक आहार, हरी सब्जी एवं अन्य प्रोटीन युक्त भोजन खिलाने के लिए प्रेरित किया।ब्लड बैंक एवं हमर लैब पहुंचकर वहां की कार्यों एवं गतिविधियों की जानकारी ली अस्पताल का बेहतर संचालन करने डॉक्टरों विशेषज्ञों एवं उपकरणों की कमी को दूर करने के लिए हर संभव प्रयास करने की बात कही।इस दौरान जिला चिकित्सालय के डॉक्टर एवं स्वास्थ्य अमला मौजूद थे।

## चिंताबागू नदी में बह गया ग्रामीण

**भोपालपटनम, 4 सितंबर।** भोपाल पटनम क्षेत्र के बामनपुर पंचायत के चिंता बागू नदी मे एक ग्रामीण के बह जाने की घटना हुई है बताया जा रहा है कि गोरगुंडा निवासी गोटे चंद्रैया चिंता बागू नदी पार करते हुए अचानक पानी के तेज बहाव के चलते नदी मे डूब गया घटना मंगलवार के दोपहर के आसपास की बताई गई हैं गोटे चंद्रैया कम पानी होने से नदी मे उतरा था लेकिन जैसे ही वह नदी पार कर पाता पानी के तेज बहाव से वह.नदी मे डूब गया घटना के बाद बाढ बचाव दल ने खोज बीन शुरू की पर अब तक बहे ग्रामीण गोटे चंद्रैया का पता नही चल पाया है। शासन के महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ जिले के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने आपसी समन्वय के साथ कार्य करें - कलेक्टर श्री संबित मिश्रा

## कलेक्टर ने नियद नेल्लानार सहित अन्य महत्वपूर्ण एजेंडों की समीक्षा की

**बीजापुर 4 सितम्बर।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा अपने पहले साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेते हुए सभी अधिकारियों को आपसी तालमेल एवं समन्वय के साथ शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर करने एवं अंतिम व्यक्ति को लाभान्वित करने के लिए प्रेरित किया।समय-सीमा की बैठक नियद नेल्लानार योजना की विस्तृत समीक्षा करते हुए आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड की प्रगति की समीक्षा करते हुए तकनीकी समस्याओं से अवगत होकर कार्य में प्रगति लाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं नियद नेल्लानार योजना के तहत चिन्हित सभी 33 गांवों में किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, जनधन योजना, व्यक्तिगत वनाधिकार पत्र, पीएम विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना सहित सभी योजनाओं का समुचित क्रियान्वयन कर हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। सर्व अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को व्यक्तिगत वनाधिकार पत्र की प्रगति का ग्राम स्तर से जिलास्तर तक भेजने हेतु मानिटरिंग करने के निर्देश दिए। जिले के सभी बच्चों को जन्म के बाद निर्धारित समय-सीमा में 5 आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने समय-सीमा निर्धारित करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जिसमें जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, राशन कार्ड में नाम एंट्री, आयुष्मान कार्ड एवं जाति प्रमाण पत्र सुलभ कराने के निर्देश दिए। इसके लिए स्वास्थ्य, राजस्व, खाद्य एवं पंचायत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए।राजस्व विभाग अंतर्गत आरबीसी 6-4 के प्रकरणों का त्वरित निराकरण, फौती-नामांकन, बटवारा, कैफियत कालम में त्रुटि सुधार तथा रिकार्ड दुरूस्थ रखने के निर्देश दिए। समय-सीमा के बाहर प्रकरण लंबित न हो इसका कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए।मुख्यमंत्री जनदर्शन के लंबित प्रकरणों की जानकारी लेते हुए कलेक्टर जनदर्शन जो प्रत्येक सोमवार को आयोजित होगा उसका व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जनदर्शन के प्रकरणों का त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। आश्रम, छात्रावास एवं पोटाकेबिन का नियमित मॉनिटरिंग कर प्रतिवेदन समय-सीमा में उपलब्ध कराने और निरीक्षण के दौरान कमी पाए जाने पर तत्काल अवगत कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए एवं नीति आयोग द्वारा संचालित संपूर्णता अभियान की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार ने शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन संबंधी जानकारी से अवगत कराया।बैठक में एसडीएम बीजापुर श्री जागेश्वर कौशल सहित जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारीगण, सभी अनुभाग के एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार, सीईओ जनपद पंचायत एवं सीएमओ नगरीय निकाय उपस्थित थे।

## नियद नेल्लानार योजना के तहत पालनार में विद्युतीकरण तेजी पर

**बीजापुर 4 सितम्बर।** मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना नियद नेल्लानार योजना से पहुंचविहीन सुदूर गांवों में सभी तरह बुनियादी सुविधाएं देकर गांवो का विकास किया जा रहा है। सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित सभी प्रकार से मूलभूत सुविधाओं का विस्तार तीव्रगति से हो रहा है।

इसी क्रम में ग्राम पालनार में डीएमएफ से स्वीकृत राशि से विद्युतीकरण का कार्य प्रगति पर है। कार्यपालन अभियंता छ.रा.वि.वि. कं. ने बताया कि जिला निर्माण समिति बीजापुर के द्वारा 23 अगस्त 2024 को प्राप्त कार्यादेश के तहत पालनार के तुन्गलवाया पारा को 31 अगस्त 2024 को विद्युतीकरण किया गया है। ग्राम पालनार के शेष पारा/मजराटोला का विद्युतीकरण कार्य प्रगति पर शेष मजराटोला, पारा का विद्युतीकरण अक्टूबर माह तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

# पीआईसी की बैठक में 33 प्रस्तावों पर चर्चा,करों में कोई वृध्दि नहीं



**महासमुंद,4 सितंबर।** नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग की अध्यक्षता में मंगलवार को नपाध्यक्ष सभाकक्ष में पीआईसी (प्रेसिडेंट इन काउंसिल) की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कुल 33 प्रस्ताव पर चर्चा हुई और सभी प्रस्ताव को सर्वसम्मति से निर्णय लेकर पारित किया गया।

बैठक में सर्वप्रथम पालिका द्वारा लिए जाने वाले सम्पत्तिकर, समेकितकर, जलकर, भवनकर व्यावसायिक कर के प्रस्ताव पर चर्चा की गई। जिसमें जनता को राहत देते हुए करो में किसी भी प्रकार की वृद्धि नहीं किए जाने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा लाए गए प्रस्तावों में प्रमुख रूप से भवन एवं भूमि नामांतरण प्रकरण के संबंध में विचार व निर्णय। सामुदायिक / सांस्कृतिक भवन के किराया निर्धारण बाद निविदा प्रकिया पर निर्णय लिया गया। सिवर सेक्शन मशीन का सेवा शुल्क पर विचार व निर्णय। भवन अनुज्ञा में विकास शुल्क निर्धारण पर विचार व निर्णय। निकाय सीमा क्षेत्र में एटीएम/ मोबाईल टॉवर पेट्रोल पम्प पर सम्पत्तिकर अधिरोपण पर विचार व निर्णय। निकाय सीमा क्षेत्र में अण्डरग्राउण्ड केबल स्थापना पर वार्षिक दर निर्धारण पर विचार एवं निर्णय। सम्पत्तिकर अधिरोपण के संबंध में शासन द्वारा जारी अधिसूचना एवं दिशा निर्देशो के अनुपालन पर विचार एवं निर्णय। यूजर चार्ज की एक मुश्त वार्षिक वसूली पर विचार व निर्णय। प्लेसमेन्ट श्रमिक संबंधी निविदा का समय विस्तार पर विचार एवं निर्णय। शहर के समस्त पानी टंकियों की सफाई पर विचार एवं निर्णय बाबत। स्वच्छता दीदीयों/ सफाई कर्मचारियों को वर्दी खरीदी पर विचार एवं निर्णय।एलईडी लाईट क्रय, पालिका को समयमान वेतनमान का लाभ। अध्यक्ष/अन्य मद से वार्ड 29 में सामुदायिक भवन में शौचालय निर्माण शहर के श्रीराम वाटिका कालोनी को वैध किए जाने पर निर्णय। तुमगांव रोड ओव्हर ब्रिज हस्तांतरण। संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास द्वारा 3 अगस्त 2024 को जारी पत्र में नहर लिंक रोड के संबंध में विचार व निर्णय। सुभाष नगर, सरस्वती राईस मिल के पीछे स्थित तालाब सफाई व गहरीकरण कार्य की देयक भुगतान समेत कुल 33 प्रस्तावों पर चर्चा कर सर्वसम्मति से निर्णय लेकर पारित किया गया।बैठक में सभापति बबलू हरपाल, सरला गोलू मदनकार, पवन पटेल, अमन चंद्राकर, डमरूधर मांझी, सीएमओ विजय पांडेय, उप अभियंता दिलीप कश्यप, स्वच्छता निरीक्षक दिलीप चंद्राकर, जल प्रभारी सीताराम चेलक, करण यादव, नौशाद बक्श समेत अन्य उपस्थित रहें।

### शहर की गणेश प्रतिमा व पंडालों को मिलेगा पुरस्कार

नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग ने बताया कि इस वर्ष शहर में सभी छोटे-बड़े पंडालों में विराजित की जाने वाली गणेश प्रतिमाओं के लिए पुरुस्कार दिया जाएगा। शहर में सबसे अच्छा पंडाल सजाने और प्रतिमा विराजित की जाने वाली समिति को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार दिया जाएगा। इसके लिए पालिका अध्यक्ष द्वारा एक समिति गठित की गई है जिसमें नपाध्यक्ष के साथ सभापति और पार्षद शहर में विराजित पंडालों में जाकर सजावट और प्रतिमा का अवलोकन करेंगे और बाद निर्णय लेकर समितियों को पालिका कार्यालय में पुरुस्कार दिया जाएगा।

# महिला सुरक्षा को लेकर कांग्रेसी कर रहे अनर्गल,मिथ्या प्रलाप:रमेश साहू

**महासमुंद,4 सितंबर।** भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य व पूर्व व्यापारी प्रतिनिधि रमेश साहू ने कहा कि प्रदेश में लगातार हो रहे विकास कार्यो, अपराधिक कृत्यों पर कार्रवाई तथा कांग्रेस शासन काल में पोषित माफियाओं पर कार्रवाई से कांग्रेस के तमाम नेता बौखलाए हुए हैं। राजनैतिक वनवास झेल रहे कांग्रेसी मुद्दा विहीन हो चुके हैं, और आज महिला सुरक्षा को लेकर अनर्गल तथा मिथ्या प्रलाप का ढोंग रच रहे हैं।

श्री साहू ने कहा कि कांग्रेस को अपने 5 सालों के कार्यकाल पर एक नजर डाल लेना चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यकाल में फरयादियों को आत्महत्या तक करना पड़ता था। कांग्रेसी कार्यकाल में अनेक दुष्कर्म, बेटियों के अपहरण की घटनाएं सामने आती रही, आज कांग्रेस के जो नेता महिला सुरक्षा के नाम पर छाती पीट रहे हैं, पिछले 5 साल अपने कार्यकाल में इस मुद्दे को लेकर मुंह में दही जमाए बैठे थे। यहां तक कांग्रेस सरकार के एक मंत्री ने प्रदेश में महिलाओं के साथ होने वाले दुष्कर्म की घटनाओं को मामूली और छोटी बताया था और जिस घटना का कांग्रेसी उल्लेख कर रहे हैं, तथा राजनीति चमकाने का कार्य कर रहे हैं, यह उन्हें शोभा नहीं देता।श्री साहू ने कहा कि कांग्रेसियों को याद होना चाहिए कि कैसे कांग्रेस के राज में रक्षाबंधन के दिन दो बहनों के साथ दरिंदगी हुई और उसके आरोपियों को राजनीतिक संरक्षण प्रदान किया गया। यही नहीं, भूपेश राज में ही शिक्षक दिवस के दिन एक आदिवासी शिक्षिका सामूहिक यौन दुष्कर्म की शिकार हुई, जिसमें एक आरोपी कांग्रेस का नेता शामिल था। महिला दिवस के दिन राजधानी में महिलाओं पर अत्याचार-अनाचार की पराकाष्ठा की गई। राजधानी रायपुर में सरेराह खून से लथपथ एक नाबालिग युवती के बाल खींचते हुए हाथ में कटार लिए एक अधेड़ घूमता रहा। ये सब इन्हें तब दिखाई नहीं दी जब इनके हाथ में पावर था। यहां तक इनके अपनी पार्टी की महिला नेत्री भी सुरक्षित नहीं रही। राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेड़ा इसका प्रमाण है, न्याय पाने के लिए शीर्ष स्तर के नेताओं से भी उन्हें निराशा मिलने पर राधिका ने भाजपा का दामन थामा था।

## अवैध रूप से सागौन लकड़ी के फर्नीचर बनाने पर वनविभाग की संयुक्त कार्रवाई



**बीजापुर,4 सितंबर।** बीजापुर जिले के मद्देड वन परिक्षेत्र मे अवैध रूप सागौन लकडी के फर्नीचर बनाये जाने की सूचना पर वनविभाग की संयुक्त टीम ने आज नेशनल हाईवे सडक से महज 25 मीटर की दूरी पर छापेमारी करते हुए सागौन के फर्नीचर बरामद किया है इस कार्यवाही मे मद्देड परिक्षेत्र एंव इंद्रावती टाईगर रिजर्व की संयुक्त टीम शामिल रही बताया जा रहा है कि लगभग 19 घनमीटर सागौन के फर्नीचर जप्त हुई है यहां बतादे अवैध रूप से आरा मशीन के जरिए ये काम किया जा रहा था आरोपी से पूछताछ किया जा रहा है

## देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी के खिलाफ भोपालपटनम में युवा कांग्रेस ने निकाली मशाल रैली



**बीजापुर,4 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विगत दिनों भिलाई के विधायक देवेंद्र यादव की हुई गिरफ़्तारी के विरोध में भोपालपटनम युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने मशाल रैली निकालकर अपना विरोध दर्ज कराया है। युवा कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा है कि भाजपा सरकार प्रदेश में बदले की भावना से काम कर रही है। और कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं को षड्यंत्र पूर्वक गिरफ्तारियां कर रही है जो कि निंदनीय है भाजपा को लोकतंत्र में विश्वास नहीं है इसलिए कांग्रेस के नेताओं को अवैधानिक तरीक़े से गिरफ़्तार कर जेल में डाला जा रहा है मशाल रैली के दौरान युवा कांग्रेस के ज़िला अध्यक्ष कामेश मोरला, संतोष बोरे उपाध्यक्ष नगर पंचायत भोपालपटनम, सालिक नागवंशी महामंत्री भोपालपटनम, वल्वा मदनैया वरिष्ठ नेता, अनिश सेवादल, विजार खान,शेख रज्जाक, रवि पेरमल, नीरज सोनरकर,मिच्चा सम्मैया,मडे अशोक, बिच्मैया मिच्चा, अशोक करतम, श्रीनिवास पीरला, रितेश आलम, संजय झाड़ी, समेश्वर बीरा, एवं युवा कांग्रेस के कार्यकता गण मौजूद रहे।

## ग्रामीणों ने आक्रोश रैली निकाल ज्ञापन सौंपा



**भोपालपटनम, 4 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सेंड्रा क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों आज रैली के शकल मे भोपाल पटनम पहुंच कर इंद्रावती टाईगर रिजर्व क्षेत्र में बसे लोगों को हटाने के फैसले के विरोध मे रैली निकाली और तहसीलदार भोपाल पटनम को ज्ञापन सौंपा ज्ञापन मे साफ कहा गया है कि हम रिजर्व क्षेत्र से नहीं हटेगें और न ही हमे मुआवजा चाहिए यहां बतादें हजारों की संख्या मे ग्रामीण सेंडा इलाके से पैदल यहां पहुंचे हैं उनकी पांच शुत्रिय मांग है यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि पहले भी क्षेत्र के रहवासी इंद्रावती टाईगर रिजर्व क्षेत्र से हटने का विरोध करते रहे है शासन ने वहां बसे ग्रामीणों के लिए मुआवजा राशि भी जारी की है बावजूद सैकड़ों ग्राम के ग्रामीण वहां से हटना नहीं चाहते आगे इस पर कया रूख.शासन का रहता है यह देखने की बात होगी

# पोषण आहार दिवस पर पोषण का जीवन में महत्व बतलाया गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गरियाबंद, 4 सितंबर।** पोषण आहार दिवस के रूप में आज राजिम विधायक रोहित साहू जिलाधीश दीपक अग्रवाल नगर पालिका अध्यक्ष गफ्फू मेमन जनपद अध्यक्ष निलिमा ठाकुर के साथ ही अनेक जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में आज पोषण आहार दिवस के रूप में अक्शन हाल गरियाबन्द में आयोजित कर पोषण आहार की महत्वता को बतलाया गया इस अवसर पर महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी अशोक पांडे ने विस्तृत जानकारी दी साथी उपस्थित जनों को राजिम विधायक रोहित साहू जिलाधीश दीपक अग्रवाल ने भी संबोधित किया जिसमें सभी वक्ताओं ने कहा पोषण जैव रासायनिक और शारीरिक प्रक्रिया है जिसके द्वारा जीव अपने जीवन को सहारा देने के लिए भोजन का उपयोग करता है । जीवों को पोषक तत्व प्रदान करता है , जिन्हें ऊर्जा और रासायनिक संरचना बनाने के लिए किया जा सकता है । आवश्यक मात्रा में पोषक तत्व प्राप्त न होने से कुपोषण होता है । पोषण विज्ञान पोषण का अध्ययन है, हालांकि यह आम तौर पर मानव पोषण पर जोर देता है ।जीव का प्रकार निर्धारित करता है कि उसे किन पोषक तत्वों की आवश्यकता है और वह उन्हें कैसे प्राप्त करता है। जीव कार्बनिक पदार्थ , अकार्बनिक पदार्थ, प्रकाश को अवशोषित करके या इनमें से कुछ संयोजन का उपभोग करके पोषक तत्व प्राप्त करते हैं। कुछ मूल तत्वों का उपभोग करके आंतरिक रूप से पोषक तत्व उत्पन्न कर सकते हैं, जबकि कुछ को पहले से मौजूद पोषक तत्व प्राप्त करने के लिए अन्य जीवों का उपभोग करना पड़ता है। जीवन के सभी रूपों में कार्बन , ऊर्जा और पानी के साथ-साथ विभिन्न अन्य अणुओं की आवश्यकता होती है। जानवरों को जटिल पोषक तत्व जैसे कार्बोहाइड्रेट , लिपिड और प्रोटीन की आवश्यकता होती है, उन्हें वे अन्य जीवों का उपभोग करके प्राप्त करते हैं। मनुष्यों ने चारागाह को बदलने और मानव पोषण को आगे बढ़ाने के लिए कृषि और खाना पकाने का विकास किया है। पौधे मिट्टी और वातावरण के माध्यम से पोषक तत्व प्राप्त करते हैं। कवक अपने आसपास के पोषक तत्वों को तोड़कर और माइसेलियम के माध्यम से अवशोषित करके अवशोषित करते हैं ।

# कलेक्टर ने सहकार से समृद्धि के कार्यों की जानकारी ली

**गरियाबंद, 4 सितंबर।** जिला सहकारी विकास समिति की द्वितीय बैठक आयोजित किया गया। कलेक्टर ने जिले में सहकारिता से संबंधित कार्यों एवं केन्द्र सरकार द्वारा संचालित सहकार से समृद्धि कार्यक्रम के तहत किये जा रहे कार्यो की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिये।कलेक्टर दीपक अग्रवाल की अध्यक्षता में बैठक रहा जिसमे मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गरियाबंद, अतिरिक्त कलेक्टर जिला गरियाबंद, उप संचालक कृषि, उप संचालक पशुपालन, सचिव एवं संयोजक सदस्य सहायक आयुक्त सहकारिता जिला गरियाबंद, सहायक संचालक मत्स्य पालन विभाग, नोडल अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित रायपुर प्रक्षेत्र गरियाबंद भी शामिल हुए।बैठक में सचिव एवं संयोजक सदस्य सहायक आयुक्त सहकारिता जिला गरियाबंद द्वारा भारत सरकार द्वारा संचालित किये जा रहे सहकार से समृद्धि के अंतर्गत जिले में क्रियान्वित किये जा रहे योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गयी। जिले में पैक्स कम्प्यूटरीकरण के तहत सभी 67 पैक्स वर्तमान में गो-लाईव हो चुके है। आमजन तक सुलभ बनाने के लिए पैक्स में सीएससी की स्थापना कर 39 प्रकार की सेवायें प्रारंभ की गयी है। बैंकिंग लेन-देन को सुलभ बनाने के लिए सभी पैक्स में माईक्रो एटीएम की स्थापना की गयी है। जहाँ एक बार में राशि 10 हजार रूपये जमा एवं निकासी की सुविधा उपलब्ध है, जिससे शाखाओं में जाने की जरूरत नही है। पैक्स को बहुआयामी समिति के रूप में विकसित की जा रही है। प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केन्द्र योजना की विस्तृत चर्चा के साथ-साथ आरआईडीएफ योजना के तहत 21 पैक्स में कार्यालय सह गोदाम निर्माण पूर्ण होने की जानकारी दी गयी। जिलें में जल जीवन मिशन योजना के तहत पैक्स बारूला समिति को योजना के संचालन एवं संधारण कार्य हेतु नामित किया गया है।

### कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर उल्लास रथ को किया रवाना

रायगढ़, 4 सितम्बर। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने उल्लास कार्यक्रम के अंतर्गत उल्लास रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिसके माध्यम से जन-जन साक्षरता का प्रचार-प्रसार होगा। ज्ञात हो कि जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के अंतर्गत जिले में शिक्षा से वंचित 15 वर्ष एवं अधिक आयु वर्ग के लोगों के लिए उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम कलेक्टर एवं अध्यक्ष के कुशल मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक जारी है। छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार जिले में उल्लास साक्षरता सप्ताह का आयोजन 1 से 8 सितंबर तक किया जा रहा है। जिसके लिये अलग-अलग दिवसों में अलग अलग कार्यक्रम निर्धारित है।निर्धारित कार्यक्रम अनुसार प्रत्येक दिवस की गतिविधियां शैक्षणिक संस्थानों में की जा रही है। जिसका उद्देश्य उल्लास कार्यक्रम के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाना एवं शिक्षा का प्रचार-प्रसार करना है। इसी कड़ी में 3 सितम्बर को उल्लास नवभारत साक्षरता के पांच महत्वपूर्ण घटकों एवं कार्यक्रम के उद्देश्यों को प्रदर्शित करते हुए उल्लास रथ को कलेक्ट्रेट परिसर से कलेक्टर एवं अध्यक्ष, जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

## तेंदूपत्ता संग्राहकों ने बोनस दिलाने विधायक मंडावी को सौंपा ज्ञापन



**बीजापुर,4 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मंगलवार को जिला मुख्यालय बीजापुर में चेरपल्ली समिति के अंतर्गत ग्राम चेरपल्ली, भट्टीगुड़ा और मोदकपाल के तेंदूपत्ता हितग्राहियों ने तेंदुपत्ता संग्रहण के बोनस की बकाया राशि दिलाये जाने की मांग करते हुए बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी को ज्ञापन सौंपा है। विधायक विक्रम मंडावी ने तेंदूपत्ता संग्राहकों को जल्द से जल्द बोनस की शेष राशि का भुगतान दिलाये जाने का भरोसा दिलाया है। इस दौरान ग्राम पंचायत चेरपल्ली की सरपंच, पंच और पटेल समेत बड़ी संख्या में तेंदूपत्ता हितग्राही उपस्थित थे।

## अधिकारी ने बच्चों को शिक्षा व कौशल विकास की जानकारी दी



**बीजापुर,4 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 85 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के जिम्मेदारी के क्षेत्र के निकटवर्ती गांवो में मीडिया योजना (प्लान) स्कीम के तहत जागरुकता अभियान चलाया गया। दिनांक 03 सितम्बर 2024 को श्री. सुनील कुमार राही कमाण्डेंट 85 वाहिनी के निर्देषन में श्री नरेन्द्र सिंह उप कमाण्डेंट 85 वाहिनी एवं अन्य कर्मियों द्वारा नयापारा में स्थापित 85 वाहिनी के मुख्यालय के आस पास के गॉव के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विधालय स्कूल (चेरपाल) एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृश्ट माध्यम 30 मा0 विधालय स्कूल (बीजापुर) के लगभग 150 बच्चों एवं शिक्षको को बुलाया गया, स्कूल के छात्रो को श्री नरेन्द्र सिंह उप कमाण्डेंट 85 वाहिनी द्वारा शिक्षा का महत्व, कौशल विकास एवं स्वास्थ्य संरक्षण के बारे में बताया, साथ ही उनको रोज स्कूल जाने के लिए प्रोत्साहित किया एवं कार्यक्रम में उपस्थित वन विभाग के अधिकारी श्री राम सहाय सहानी (वनपाल) एवं लोकेश रेड्डी (वन रक्षक) द्वारा जल संरक्षण, जैविक खेती, दालो एवं बाजरा की खेती, जलवायु परिवर्तन तथा वनरोपण, बांस की खेती, जंगल में रहने वाले निवासियों की आय का साधन तेंदु पत्ता, जंगल में लगने वाली आग से होने वाले नुकसान एवं जंगल से प्राप्त होने वाली बहुमूल्य जड़ी-बूटियों के बारे में बताया एवं लगभग 150 बच्चों और शिक्षको को दोपहर में भोजन कराया गया जिससे भविष्य में आने वाली पीढ़ियों और सुरक्षा बलो के मध्य अच्छे रिश्ते कायम हो सके, जागरुकता अभियान के समापन के दौरान श्री नरेन्द्र सिंह उप कमाण्डेंट 85 वाहिनी, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ने सभी छात्रो को आश्वस्त किया कि इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन भविष्य में समय समय पर किया जाता रहेगा।

# विधायक निवास में तीजा-पोरा त्योहार पर रही पारंपरिक खेलों की धूम



**महासमुंद।** मंगलवार को महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के निवास में तीजा - पोरा त्योहार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास मंत्री छत्तीसगढ़ शासन लक्ष्मी राजवाड़े थीं। कार्यक्रम में पारंपरिक खेलों का आयोजन किया गया। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा व मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने आयोजन में शामिल हुई महिलाओं को उपहार भेंट किया। साथ ही खेल में जीतने वाली महिलाओं को पुरस्कृत भी किया गया।इस अवसर पर मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि सोमवार को मुख्यमंत्री निवास में तीजा - पोरा धूमधाम से भव्य रूप में मनाया गया। वहां मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपनी बहनों के लिए आयोजन किया था ठीक इसी प्रकार विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने अपनी बहनों के लिए तीजा - पोरा का कार्यक्रम आयोजित किया है। उन्होंने इस आयोजन के लिए विधायक को बहुत बहुत बधाई दी। उन्होंने कहा कि तीजा - पोरा हमारी संस्कृति से जुड़ी हुई है। खासकर महिलाओं के लिए यह त्योहार काफी महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की माताओं बहनों के लिए हमारी सरकार महतारी वंदन योजना क्रियान्वित कर रही है। हर महीने 70 लाख से अधिक महिलाओं के खाते में राशि पहुंच रही है। सोमवार को इस योजना की 7वी किस्त जारी की गई है, जिससे तीजा - पोरा का उत्साह और बढ़ गया।

पूर्व संगठन महामंत्री रामप्रताप सिंह ने कहा कि तीजा - पोरा का त्योहार राज्य की संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। महिलाओं से जुड़े होने के कारण यह पर्व और भी खास हो जाता है। कार्यक्रम के आयोजन के लिए उन्होंने विधायक को बधाई दी एवं कार्यक्रम में शामिल हुई महिलाओं को भी बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि पोरा त्योहार हमारी संस्कृति की पहचान है। यह त्योहार हमारे किसान भाइयों के साथ भी जुड़ा हुआ है। उन्होंने पोरा त्योहार मनाने के प्राकृतिक और धार्मिक दोनों कारणों को बताया। साथ ही उन्होंने तीजा के पर्व के संबंध में कहा कि यह हमारी माताओं बहनों का त्योहार है। हमारा कर्तव्य है कि उनकी खुशी में हम भी शामिल हों इसलिए इस आयोजन के माध्यम से मैं आज अपनी बहनों के साथ यह त्योहार मना पाया। कार्यक्रम में आई हुई महिलाओं को उन्होंने धन्यवाद दिया।

**विजेताओं को किया गया पुरस्कृत**तीजा - पोरा त्योहार मनाने पहुंची महिलाओं के लिए खेलों का आयोजन किया गया। सबसे पहले कुर्सी दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें सुनिता शर्मा प्रथम, संगीता गोस्वामी द्वितीय व शीतल कुर्रे तृतीय स्थान में रहीं। इसी प्रकार फुगड़ी में रामेश्वरी निषाद प्रथम व श्यामा साहू द्वितीय स्थान में रहीं। वहीं मटकी फोड़ प्रतियोगिता की विजेता गीता रहीं। सभी विजेताओं को मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने पुरस्कृत कर सम्मानित किया।

# कलेक्टर ने जिला स्तरीय अधिकारियों को दिलाई उल्लास साक्षरता शपथ

## 1 से 8 सितम्बर तक साक्षरता सप्ताह एवं अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस का होगा आयोजन



**बलौदाबाजार,4 सितम्बर।** कलेक्टर श्री दीपक सोनी ने मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय के प्रगति कक्ष में समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को उल्लास साक्षरता शपथ दिलाई। साक्षरता के प्रति वातावरण निर्माण किये जाने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों को परस्पर सहयोग से कार्य विभाजित किया गया।

जिला शिक्षा अधिकारी एवं सदस्य सचिव जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण बलौदाबाजार-भाटापारा हिमांशु भारतीय ने बताया कि केन्द्र प्रवर्तित योजना उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत 01 से 08 सितम्बर 2024 तक देशव्यापी साक्षरता सप्ताह एवं अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस का आयोजन कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार जिले में भी किया जाएगा।राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (छम्च) द्वारा अनुशंसित समाज में सभी के लिए शिक्षा पर केन्द्र प्रायोजित योजना उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम लागू किया गया है। इस योजना के पाँच घटक अर्थात् बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता 2 महत्वपूर्ण जीवन कौशल 3 बुनियादी शिक्षा 4 व्यावसायिक कौशल 5 सतत् शिक्षा है। राज्य द्वारा जिला को 25000 शिक्षार्थियों तथा 2500 स्वयंसेवी शिक्षकों के सर्वे और उल्लास एप्प में प्रविष्ट का लक्ष्य दिया गया था जिसे समय पर पूर्ण कर पूरे छ.ग. राज्य में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।इस कार्यक्रम के प्रति जनमानस का ध्यान आकर्षित करने व सभी वर्गों के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए 1 से 8 सितम्बर 2024 तक देशव्यापी साक्षरता-सप्ताह का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है जिसका समापन 8 सितम्बर 2024 को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के रूप में होगा। उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम सप्ताह भर चलने वाले साक्षरता अभियान की गतिविधियों की एक श्रृंखला होगी जिसे पूरे देश के साथ हमारे जिले में भी आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन जिला, विकासखण्ड, नगरीय क्षेत्रों तथा ग्राम पंचायतों के साथ-साथ जिले के सभी शासकीय, अनुदान प्राप्त एवं निजी शैक्षणिक संस्थाओं में किया जाना है। गुरुवार को समस्त शैक्षणिक संस्थाओं, महाविद्यालयों एवं विद्यालयो में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस की थीम ''बहुभाषावाद के माध्यम से साक्षरता को बढ़ावा देने पर भाषण व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन, शुक्रवार को समस्त शैक्षणिक संस्थाओं में नवाचारी शिक्षकों द्वारा उल्लास के शिक्षार्थियों के सीखने सिखाने के लिए मनोरंजन शैक्षणिक सामाग्रियों का प्रदर्शन नवाचारी गतिविधि, जादुई पिटारा, सब्जी, रेत, गिट्टी इत्यादि का प्रयोग उल्लास केन्द्र की सजावट,शनिवार को समस्त शैक्षणिक संस्थाओं में सतत् शिक्षा पर केन्द्रित कार्यक्रम खेल व सांस्कृतिक कार्यक्रम, उल्लास साक्षरता रैली, उल्लास साक्षरता गीत, बैनर तख्तियों यथासम्भव लाउड स्पीकर, स्काउट गाइड, एनसीसी, एनएसएस बैंड के साथ साक्षरता रैली तथा अंत में उल्लास शपथ व नुक्कड़ नाटक का आयोजन,रविवार को देशव्यापी साक्षरता सप्ताह का समापन एवं अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय आयोजन किया जावेगा। सभी शैक्षणिक संस्थाओं में सभी वर्गों की भागीदारी लेखक, साहित्यकार, पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता, साक्षरता कार्यक्रम से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति, स्वयंसेवी शिक्षक, शिक्षार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

## एक नजर

### प्राणघातक चोट पहुंचाने वाले फरार आरोपी गिरफ्तार



**बलौदाबाजार 4 सितंबर।** विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 08.07.2024 को प्रार्थी दीपक वर्मा को आरोपी अरविंद, अक्षय कुमार एवं अन्य के द्वारा फोन कर ग्राम ढाबाडीह, ठेलकी, चौक पर बुलाया गया, जिसमें पुरानी रंजिश की बात पर आरोपियों द्वारा एक राय होकर जान से मारने की धमकी देते हुये अश्लील गाली गलौच कर हाथ मुक्का, डण्डा और पाईप से मारपीट किये हैं। मारपीट करने से मेरे दाहिने पैर के पिंडली एवं बांये चेहरा में चोट आया है और मेरे साथी यशवत, किशन एवं भीम को भी चोट आया है। कि रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 442/24 धारा 296,351(2),115(2),3(5), 109 बी.एन.एस. 25, 27 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इस दौरान प्रकरण में शामिल आरोपी अरविंद फरार हो गया था, जिसकी थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा सरगर्मी से पता तलाश किया जा रहा था। कि इसी क्रम में फरार आरोपी अरविंद को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ पर उसके द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर, प्रार्थी एवं उसके दोस्तों को चाकू, लाठी, पाइप आदि से मारपीट कर प्राण घातक चोट पहुंचाना स्वीकार किया गया है। पुलिस द्वारा आज दिनांक 03.09.2024 को आरोपी अरविंद उम्र 23 वर्ष निवासी सिविल लाइन बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

# सीएसआर के तहत शाउमा विद्यालय बहेसर में किया पौधारोपण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**तिल्दा नेवरा 4 सितंबर।** अल्ट्राटेक सीमेंट बैकुंठ के द्वारा सी एस आर के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बहेसर में वृक्षारोपण किया गया सर्वप्रथम अल्ट्राटेक सीमेंट बैकुंठ एच आर प्रमुख शिखा राठी ने अशोक का पेड़, सरपंच श्रीमती किरण सोहन वर्मा ने बादाम का पेड़ ,प्राचार्य सुन्दर लाल डहरिया ने नीम का पौधा लगाया । इस दौरान विद्यायल के परिसर में छात्र-छात्राओं ने 500 वृक्ष लगाए है ।अल्ट्रा टेक सीमेंट बैकुंठ एच आर हेड शिखा राठी ने कहा की पेड़ एक देश की बहुमूल्य संपदा होते हैं, जहां पर पेड़ अधिक मात्रा में होते हैं। वहां की जलवायु स्वच्छ होती है। पेड़ हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं और इनकी रक्षा करना हमारा दायित्व है। जब तक पृथ्वी पर पेड़ों का अस्तित्व है तब तक ही मानव सभ्यता का अस्तित्व है। इसलिए हमें पेड़ों की सुरक्षा करनी होगी।उन्होंने आगे बताया की पिछले वर्ष विद्यालय के पीछे एक हजार पौधे लगाया गया था जिसमे से नौ सौ पेड़ जीवित है

ग्राम पंचायत बहेसर की सरपंच श्रीमती किरण सोहन वर्मा ने बच्चों को पेड़ों का महत्व बताते हुए कहा कि पर्यावरण को हरा भरा रखने के लिए हमें वृक्षारोपण करना चाहिए। बच्चों को पूर्ण रुप से यह सिखाया जाना चाहिए कि हमें प्रति सप्ताह या महीने में एक ना एक पौधा अपने घर के आस-पास जरूर लगाना चाहिए। अगर हम इस बात को तेजी से नहीं सोचेंगे तो हम पृथ्वी और पर्यावरण की रक्षा नहीं कर पाएंगे।प्राचार्य सुन्दर लाल डहरिया ने कहा की यह पेड़ जब बड़े ,होगे तो हमारे लिए उपयोगी होगे। उन्होंने कहा कि नीम के वृक्ष से निवोली होगी जो हमारे स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक होगी। उन्होंने कहा कि हम सभी को हर वर्ष कम से एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। एवं जब तक वह पौधा बड़ा नहीं हो जाता है। तब तक उस पौधे की एक बच्चे की तरह सेवा करते रहे। अल्ट्रा टेक सीमेंट बैकुंठ के एचआर सेक्शन हेड जनार्दन सिंह ने कहा कि पृथ्वी पर वृक्षों का होना बहुत आवश्यक है। हम सभी धीरे-धीरे वृक्षों का विनाश करने में लगे हुए है और यदि समय रहते हमने इस पर रोक नहीं लगाई तो आगामी समय में हम सभी को तथा हमारी आने वाली पीढी को इसके भयाभह परिणाम भुगतने पडेगे।

## समाचार संक्षेप

### मनरेगा श्रमिकों का नहीं हो रहा है भुगतान कार्यालयों के चक्कर लगाने को मजबूर: पुनितराम ठाकुर



**छुरा 4 सितंबर।** युवा नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता पुनितराम ठाकुर ने बताया कि गरियाबंद जिला सहित प्रदेश भर में मनरेगा श्रमिकों को उधारी में रोजगार तो मिल गया पर परिवार को रोटी नहीं मिल पा रहा है। मनरेगा श्रमिकों को छत्तीसगढ़ में पिछले काफी समय से भुगतान नहीं मिल रहा पा रहा है इससे श्रमिकों के सामने परिवारों के पालन-पोषण को लेकर समस्या खड़ी हो गई है।भुगतान को लेकर श्रमिक ग्राम पंचायतों व जनपद पंचायत जिला पंचायत कार्यालयों के चक्कर लगाने को मजबूर है पर उनकी समस्या कोई समाधान नहीं हो रहा। मजदूरों के सामने बच्चे पालने का संकट है लेकिन डबल इंजन की सरकार और छत्तीसगढ़ में भाजपा सांसदों को इसे कोई फर्क नहीं पड़ता।पुनितराम ठाकुर ने कहा प्रधानमंत्री ने पहले मनरेगा को कांग्रेस की असफलता को स्मारक बताया उसे बंद करने की कोशिश की लेकिन जब जमीनी सच्चाई से रुबरू हुए तो इसे बंद नहीं कर पाए मगर लगातार बजट घटाया अब मनरेगा मजदूरों को नहीं दे रहा है।कांग्रेस सरकार मनरेगा लाई था ताकि आम ग्रामीणों,गरीबों,मजदूरों के हाथ में पैसा आए और उनका घर चले।ठाकुर ने आरोप लगाया कि सरकार मनरेगा को कमजोर करके देश की मजदूरों के साथ अन्याय कर रहा है।मनरेगा मजदूरी नहीं मिलने से मजदूरों को और परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।डबल इंजन की सरकार से हर वर्ग दुखी है, छत्तीसगढ़ मनरेगा मजदूरों को न मजदूरी मिल रहा है न बेरोजगार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता नहीं दे रहा साय सरकार ने ही भूमिहीन मजदूरों को आगे की किस्त दे रहा है।

### शासकीय नौकरी लगाने के नाम पर बेरोजगार युवकों से ठगी करने वाले गिरफ्तार

**बलौदाबाजार 4 सितंबर।** प्रार्थी दीपक कुमार निवासी टुण्डरा द्वारा, थाना कसडोल में लिखित आवेदन प्रस्तुत करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि आरोपी बाबूलाल द्वारा स्वयं का मंत्रालय रायपुर में बड़े लोगों से पहचान होने का दिखावा करते हुए एवं शासकीय नौकरी लगाने के नाम पर मुझसे ठगी किया है। प्रार्थी द्वारा आरोपी को कुल ?2,50,000 अलग-अलग किस्तों में दिया गया, किंतु प्रार्थी का शासकीय नौकरी नहीं लगा। इस पर प्रार्थी दीपक द्वारा रुपए वापस करने के लिए आरोपी को बार-बार कहा गया, किंतु आरोपी द्वारा पैसा वापस ना कर केवल आश्वासन देते हुए बहाने बनाकर बार-बार घुमाया गया। इस प्रकार आरोपी द्वारा मंत्रालय में शासकीय नौकरी लगने के नाम पर प्रार्थी को झांसा देते हुए ?2,50,000 ठगी किया गया है। की रिपोर्ट पर थाना कसडोल में अपराध क्र. 362/2024 धारा 420 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# सर्व आदिवासी समाज के पदाधिकारियों ने ली शपथ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भखारा 4 सितंबर।** सर्व आदिवासी समाज तहसील कुरूद के नवनिर्वाचित पदाधोकारियो का शपथ ग्रहण एवम डा. भवर सिंह पोर्ते की जयंती व समाज में समाज के प्रति उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाज के वरिष्ठ नागरिक को सम्मान समारोह कोड़ेबोड स्थित समरसता भवन में रविवार को आयोजित किया गया तहसील स्तरीय सर्व आदिवासी समाज के इस कार्यक्रम में सामान्य प्रभाग एवं युवा प्रभाग के सभी नवमनोनित पदाधिकारियों,अध्यक्ष देवनाथ नेताम व उनकी टीम को मुख्य अतिथि बी एस रावटे,अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज छतीसगढ़ रूढ़ी जन्य परंपरा ने शपथ दिलाया इस अवसर पर सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष जीवरखन लाल मराई,कार्यकारी अध्यक्ष महेश,गोंडवाना गोंड महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अकबर राम कर्राम, उपाध्यक्ष विनोद नागवंशी, आदिवासी

नगारची समाज के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रूपेंद्र नगारची,गोंड समाज के तहसील अध्यक्ष ललित ठाकुर संतोष सोरी सहित समस्त नव मनोनीत पदाधिकारियों एवं अतिथियो को सफेद पगड़ी बांध, कर ताज पोशी व सम्मान किया गया कार्यक्रम का संचालन फलेंद्र ध्रुव एवं भूपेंद्र नेताम ने किया इस अवसर पर समाज के प्रतिनिधि, झागेश्वर ध्रुव,कुलंजन सिंह मंडावी,हरिश्चंद मंडावी,बीरबल कुंजाम,विजय कुंजाम,काशी राम कंवर,नन्हू कंवर,बसंत ध्रुव जिला मीडिया प्रभारी सर्व आदिवासी समाज धमतरी,पदमन नगारची,संजय नेताम,खिलावन नेताम,ठाकुर राम नेताम,होमन सिंह,कतलाम बरसन परधी,निखिल मंडावी,डी एस ठाकुर,गायत्री नेताम,बिदेश्वरी ओटी,उतरा मरकाम,पुन्नी मरकाम ,दशोदा मरकाम,योगेश्वरी मंडावी,उषा नेताम,अशोक कंवर,साधू राम कंवर,अमितेष चेदहिया,छन्नू नगारची सहित बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित रहें।

### दुर्ग से कुरूद तक बस सेवा शुरू,ग्रामीणों में हर्ष

**कुरुद 4 सितंबर।** लंबे समय से दुर्ग से कुरुद ब्लॉक मुख्यालय तक बस सेवा की मांग अब पूरी हो गई है।बस सेवा प्रारंभ होने से क्षेत्र के ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है। मालूम हो कि दुर्ग से व्हाया गाड़ाडीह,रानीतराई ,सेमरा,भखारा बगदेही होते हुए कुरुद तक यात्री बस नही चलने से ग्रामीणों को यात्रा करने में भारी परेशानी होती थी।कभी कभी तो आवश्यक कार्यो के लिए प्राइवेट वाहन किराया कर कुरुद, दुर्ग आना जाना पड़ता था।जिसे देखते हुए क्षेत्र के लोगों ने बस सेवा की बाट जोह रहे थे।साथ ही मांग भी कर रहे थे।जिसे देखते हुए लक्ष्मी ट्रैवल्स के संचालक वेदप्रकाश वर्मा ने बस सेवा प्रारंभ कर दी है।जिससे ग्रामीणों में हर्ष है। लक्ष्मी ट्रेवल्स के संचालक वेदप्रकाश वर्मा ने बताया कि लगातार क्षेत्र में यात्री बस सुविधा की मांग उठ रही थी। क्षेत्र में कोविड़ के समय बहुत से बस बन्द हो गई थी। उसे देखते हुए रानीतराई से दुर्ग तक,तथा दुर्ग से व्हाया उतई, मरोदा, सेलूद,गाड़ाड़ीह , आमालोरी, बेलौदी पांहदा होते हुए रानीतराई और सेमरा ,भखारा, सिहाद, चोरभट्ठी,बगदेही होते हुए कुरूद पहुंचेगी। जिसकी समय रानीतराई से सुबह 7:00 बजे से दुर्ग 8:30 बजे पहुंचेंगी। तत्पश्चात दुर्ग से 9:00 बजे कुरूद के लिए रवाना होकर रानीतराई 11:00 बजे ,जो भखारा होते हुए 12:30 बजे कुरूद पहुंचेगी।जहां से 12:30 बजे वापसी करेगी। वह भखारा होते हुए 4:00 बजे दुर्ग पहुंचेंगी।

# वाणी से होती है व्यक्तित्व की पहचान:मुनि सुधाकर



**रायपुर 4 सितंबर।** श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा, रायपुर द्वारा आयोजित पर्युषण महापर्व के अंतर्गत आध्यात्मिक प्रवचनमाला के चौथे दिन वाणी संयम दिवस पर प्रवचन करते हुए मुनि सुधाकर ने कहा - शब्द संसार के रचयिता हम स्वयं है। शब्दों में अद्भुत शक्ति होती है। ये हम पर निर्भर करता है, हम उस शक्ति से कौन सा इतिहास लिखते है नायक या खलनायक का। एक शब्द स्वर्ग जैसा नजारा बता सकता है, वही एक शब्द नरक से बद?तर हालात भी पैदा कर सकता है। सच कहा गया है - पत्थर तो हड्डियां तोड़?ते है पर शब्द तो दिल भी तोड़ देते हैं। मुनिश्री रायपुर स्थित श्री लाल गंगा पटवा भवन, टैगोर नगर में जय समवशरण में विशाल जनमैदनी को संबोधित कर रहे थे। मुनिश्री ने आगे कहा- वाणी में सत्यता, उच्चता, उत्कृष्टता, सौम्यता और मधुरता का समावेश होता चाहिए। याद रखे- बन्दुक से निकली गोली और मुंह से निकली बोली अपना परिणाम लेकर ही वापस लौटती है। मुनिश्री ने भगवान महावीर की भव परम्परा का भी विवेचन किया। मुनिश्री ने आगे कहा- वाणी के द्वारा व्यक्तित्व की पहचान होती है। वाणी में हो मिठास, माधुर्य तो व्यक्ति लोकप्रिय बन जाता है। वाणी संयम के लिए वाणी को दृष्ट, मिष्ट और शिष्ट बनाए । वाणी ऐसी हो जो किसी के दिल को चीरे नहीं, दिल में शान्ति की फुआर बहाए। वाणी के द्वारा हर समस्या का समाधान संभव है। मुनिश्री ने आगे कहा- कब, कहाँ, कैसे, क्यों कितना बोलना बोलने से पूर्व इस पर भी चिन्तन करना चाहिए। मुनिश्री नरेश कुमार जी ने सुमधुर गीतिका का संगान किया।

# गायत्री मंत्र पर अभद्र टिप्पणी को लेकर सिर्री में गरजा श्रीराम युवा हिंदू संगठन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भखारा 4 सितंबर।** कुरूद क्षेत्र के ग्राम सिर्री में गायत्री मंत्र एवं उसके भावार्थ को लेकर सोशल मीडिया में अभद्र टिप्पणी करने का मामला गरमाया हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सिर्री के ही एक युवा द्वारा गांव के उपतहसील ऋषिग्राम सिर्री नामक व्हाट्सएप ग्रुप में 31 अगस्त की रात 8 बजकर 47 मिनट पर गायत्री मंत्र को लेकर अश्लील पोस्ट करते हुए गलत शब्दों का प्रयोग करके उसका अश्लील अर्थ निकाला जाता है और उसे सही बताया जाता है। गांव के ही व्हाट्सएप ग्रुप में ऐसे अश्लील पोस्ट को देखते हुए ग्रुप में विवाद शुरू हो जाता है और ग्रुप के एडमिन रामनाथ शर्मा और गांव के श्रीराम युवा हिंदू संगठन के सदस्य सहित ग्रामीण तुरंत हरकत में आते हैं और इसका पुरजोर विरोध करते हैं। ग्रुप के एडमिन रामनाथ शर्मा, श्रीराम युवा हिंदू संगठन के अध्यक्ष घनश्याम पटेल,संरक्षक अभिषेक त्रिपाठी,सचिव रोशन विश्वकर्मा,कोषाध्यक्ष चंद्रकांत देवांगन ने बताया कि सोशल मीडिया में गायत्री माता एवम मंत्र के प्रति अश्लीलता फैलाने और अश्लील पोस्ट माता के प्रति उनकी गहन आस्था एवम भावनाओं को भारी आहत की है। और कहा कि हिंदू की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया गया है। गरमाया मामला यहां शांत नहीं हुआ। पश्चात 2 सितंबर की शाम 7 बजे सैकड़ों की संख्या में हिंदू संगठन सहित ग्रामीणों ने नारेबाजी के साथ विरोध प्रदर्शन करते एवं गरजते हुए दहकती मशाल रैली निकाल दी और गायत्री मंत्र और उसके भावार्थ को लेकर किए अभद्र टिप्पणी पर भारी विरोध किया और नारेबाजी भी हुई। उक्त मामले को लेकर बिरेझर पुलिस शेषनारायण पांडे ने बताया कि अभी मामले की जांच जारी है। मौके पर श्रीराम युवा हिंदू संगठन के अध्यक्ष घनश्याम पटेल,उपाध्यक्ष पोषण तारक, संरक्षक रोहित निर्मलकर, जागेश्वर सिन्हा,अभिषेक त्रिपाठी, सचिव रोशन विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष चंद्रकांत देवांगन, सहसचिव राधेरमन साहू, संगठन मंत्री देशांत सिन्हा सहित सदस्यगण व ग्रामीण संदीप सिन्हा,अनुपम विश्वकर्मा,भूपेंद्र साहू,रामनाथ शर्मा,ऋतुराज, देवेंद्र सिन्हा,मोहन पटेल,नवदीप तारक, सागर साहू, साकेत साहू, भारत सिन्हा, मनीष बोयर, विक्रम ध्रुव, मोनेश सिन्हा, खिलेश्वर साहू, नागार्जुन साहू, अरुण विश्वकर्मा, लक्की टंडन, हरी तारक, मनीष कंडरा, सालिक तारक, मेघराज साहू, नीलकमल साहू, पुष्पेंद्र साहू, टेमन साहू, पुनेश्वर मानिकपुरी, सत्यनारायण साहू मौजूद रहे।

### स्वच्छता सर्वेक्षण की करें तैयारी, राजस्व प्रकरण के निराकरण में लाएं तेजी: दीपक सोनी

**बलौदाबाजार,4 सितंबर।** कलेक्टर दीपक सोनी ने आज सँयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में समय सीमा के तहत विभागीय कार्यो की काम काज की समीक्षा किए.जिसमें उन्होनें केंद्रीय सहित राज्य के महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित जानकारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सर्वोच्च प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है।

## बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव को मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

# डीएड डिग्रीधारियों ने न्यायालय के आदेश का पालन कराने खोला मोर्चा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा 4 सितंबर।** वर्ष 2023 के सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षा में डीएड डिग्री की जगह बीएड डिग्रीधारियों को प्राथमिकता दिए जाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा राज्य सरकार की समस्त याचिकाओं को खारिज कर हाईकोर्ट के आदेश को यथावत रखते हुए 45 दिन के अंदर डीएड डिग्रीधारियों की भर्ती किए जाने संबंधी आदेश का पालन कराने के लिए डीएड डिग्रीधारियों ने मोर्चा खोलते हुए विधायक जनक ध्रुव को ज्ञापन सौंपा है।डीएड डिग्रीधारियों ने बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव को सौंपे गया ज्ञापन में बताया कि वर्ष 2023 में राज्य शासन द्वारा शुरु की गई सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षा में डीएड डिग्रीधारियों की जगह बीएड डिग्रीधारियों की भर्ती की गई थी जिसे लेकर डीएड डिग्रीधारियों ने उच्च न्यायालय बिलासपुर में याचिका दायर कर राज्य शासन के आदेश को चुनौती दी थी। जिसपर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट बिलासपुर ने 2 अगस्त 2024 को राज्य सरकार को आदेशित किया कि बीएड डिग्रीधारियों की सहायक शिक्षक पद पर नियुक्ति अवैधानिक है अतएव मेरिट सूची को 2019 भर्ती नियम अनुरुप केवल योग्य डीएड अभ्यर्थियों की नई चयन सूची पुनः निर्धारित करते हुए नियुक्ति दी जाए। साथ ही यह समस्त प्रक्रिया जारी आदेश के 6 सप्ताह के भीतर पूरी की जाए लेकिन विभाग ने आदेश का पालन नहीं किया और समय समाप्त होने के बाद हाईकोर्ट के आदेश को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी गई। साथ ही पांच अलग अलग याचिका अलग अलग समय पर लगाई गई थी। वहीं डीएड डिग्रीधारियों की ओर से सर्वोच्च न्यायालय में अपना पक्ष रखा गया था जिसपर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 15 जुलाई 2024 को राज्य शासन की याचिका पर निर्देशित किया था कि हाईकोर्ट के आदेश का पालन किया जाए। जिसे भी विभाग द्वारा नजर अंदाज किया गया। माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने 28 अगस्त को राज्य शासन द्वारा जारी समस्त याचिकाओं पर अंतिम सुनवाई की और 2 अगस्त 2024 को हाईकोर्ट के आदेश को सही ठहराते हुए समस्त पेडिंग याचिकाओं को खारिज कर अंतिम रुप से निरस्त कर दिया है और अब तक सर्वोच्च न्यायालय के इस आदेश के बाद भी सरकार की ओर से आदेश को पालन कराने के लिए कोई कदम नहीं उठाए गए हैं।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव, (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र . 202408092100018
अ/6 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक सुनीता यादव पिता प्रभुलाल यादव जाति यादव, निवासी बुधवारी पारा, वार्ड नंबर 15, डोंगरगढ़ पोस्ट थाना तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छ.ग. के द्वारा प्रभुलाल पिता थनवार जाति यादव, निवासी बुधवारी पारा, वार्ड नंबर 13 डोंगरगढ़ पोस्ट थाना तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छ.ग. के स्वामित्व की भूमि नजूल शहर डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ में स्थित शीट कमांक 06 भूखण्ड क्रमांक 1690 क्षेत्रफल 621 वर्गफुट भूमि को पंजीकृत विक्रयपत्र के द्वारा दिनांक 24/07/2024 को क्रय किया हूं। उक्त भूमि को अपने नाम से राजस्व अभिलेखों में दर्ज किये जाने का निवेदन किया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 09/09/2024 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14/08/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डोंगरगढ़ (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव, (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र . 202408092100019
अ/6 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक तलविन्दर कौर भाटिया/पति तजिन्दर सिंग भाटिया जाति-सिक्ख निवासी वार्ड नंबर 12. बुधवारी पारा, डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाव (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि आवेदक के द्वारा सरदार सुरेन्द्र सिंह पिता सरदार सिंह जाति सिक्ख, निवासी मकान नंबर 3. वार्ड नंबर 19 कक्कड़ कॉप्लेक्स, अनुपम नगर, राजनांदगांव छ.ग. के स्वामित्व की भूमि नजूल शहर डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ में स्थित शीट कमांक 06 भूखण्ड कमांक 1869/2(अ), 1879/3 क्षेत्रफल 1235, 152 वर्गफुट कुल 1387 वर्गफुट भूमि को पंजीकृत विक्रयपत्र के द्वारा दिनांक 27/6/2024 को क्रय किया हूं। उक्त भूमि को अपने नाम से राजस्व अभिलेखो में दर्ज किये जाने का निवेदन किया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक09/09/2024 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है. नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14/08/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डोंगरगढ़ (छ.ग.)



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड - बीजापुर (छ.ग.) (जल जीवन मिशन)**

**"ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना" ( निविदा आमंत्रण सूचना)**

जिला बीजापुर के विभिन्न विकासखण्डों के ग्रामों में नलजल प्रदाय योजना अन्तर्गत कार्य पाईप लाईन एवं घरेलू नल कनेक्शन के लिए एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु प्रपत्र 'ए' में ऑनलाईन (Online) निविदा (प्रमुख अभियंता, लो.स्वा.यां.विभाग रायपुर छ.ग. के यु.एस.ओ.आर. दिनांक 01.06.2020 में Amedment date 01.07.2022 से प्रभावशील एवं निविदा जारी होने की तिथि तक समस्त संशोधन सहित दरों पर) आमंत्रित की जाती है। ठेकेदार निविदाएँ साईट में अपलोड ड्राफ्ट एन.आई.टी. के नियम एवं शर्तो के आधार पर ही निविदा में भाग लेवें। आमंत्रित निविदाएँ निम्नानुसार है-

| क्र. | निविदा क्रमांक/दिनांक | सिस्टम क्रमांक | विकासखण्ड | ग्राम | कॉल | कार्य की लागत (रू.लाख) | अमानत राशि (रू. में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 40/23.08.2024 | 158035 | Usoor | BELANENDRA | 6th Call | 16.33 | 12248/- |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की अंतिम तिथि दिनांक (Bid due date) **18.09.2024** तक आमंत्रित की जाती है। निविदाएँ डाउनलोड करने की तिथि (Bid start date) **30.08.2024** से है। निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

जी- 242502150/3

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बीजापुर

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ में 6 महीने में दूसरी बार बढ़े शराब के दाम

**रायपुर, 4 सितंबर।** छत्तीसगढ़ में शराब के शौकीनों के लिए बुरी खबर है। 6 महीने में दूसरी बार सरकार ने शराब के दामों में वृद्धि की है। जहां अलग-अलग ब्रांड के क्वार्टर(पौवा) की कीमत 40 रुपए तक बढ़ा दी गई है। जम्मू डीलक्स विस्की के क्वॉर्टर में 40 रुपए का इजाफा किया गया है तो वहीं सिंबा एडिशन बीयर का रेट 30 रुपए बढ़ गया है। ये बढ़ी हुई दरें 1 सितंबर से लागू कर दी गई हैं। नए रेट लिस्ट को देखने के बाद आम आदमी में निराशा है। इससे पहले अप्रैल में शराब के दाम बढ़ाए गए थे। मदिरा प्रेमी के मुताबिक शराब के बोतलों में दाम बढ़ाकर सरकार उन्हें परेशान कर रही है। अब पीने की लत लग चुकी है तो कुछ भी करके पीएंगे। सजीवन जीवन हरदर का कहना था कि वह हर दिन शराब पीता है। शराब की आदत लग गई है तो हर दिन पीना ही पड़ता है, लेकिन सरकार इस तरह दाम बढ़ाती जाएगी तो रोजी मजदूरी करने वाले कैसे करेंगे। सहायक आयुक्त आबकारी के मुताबिक 130 रुपए से ऊपर के अंग्रेजी शराब के क्वार्टर, हाफ बोतल और कुछ बीयर के दाम बढ़ गए हैं। उनका कहना है कि ब्रांड रेट ऑफर नहीं होने के कारण कई ब्रांड के शराब नहीं मिल पा रहे हैं। जारी आदेश व्हाइट एंड ब्लू, फ्रंटलाइन, विडंसर, रॉयल पैशन, आपटर डार्क, ऑल सीजन, वाइट रैबिट, ब्लैक एंड व्हाइट, 100 पाइपर्स डिलक्स, एसी ब्लैक, डबल ब्लैक के साथ ही जम्मू डिलक्स विस्की के रेट बढ़ाये गए हैं।

### पाँच वर्ष बाद आईएएस अमित कटारिया लौटे छत्तीसगढ़

**रायपुर, 4 सितंबर।** पांच वर्ष की केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पूरी होने के बाद 4 बैच के आईएएस अमित कटारिया छत्तीसगढ़ लौट आए हैं। उन्होंने मंगलवार को मंत्रालय में ज्वाइनिंग के बाद सीएस अमिताभ जैन से मुलाकात की । वहीं दो दिन बाद 05 बैच के आईएएस रजत कुमार ज्वाइनिंग करेंगे। उनके बाद इनके अतिरिक्त 02 बैच के आईएएस डॉ.रोहित यादव भी लौट रहे। यहां उल्लेख है कि कटारिया राज्य प्रशासन में सबसे धनाढ्य अफसर हैं। उनका परिवार काफी संपन्न है। वे वेतन के रूप में एक रूपए का लेते रहे हैं।रजत कुमार अगस्त 19 में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर गए थे। डॉ. यादव भी अगस्त 18 से दिल्ली में रहे हैं। कटारिया उनसे पहले जुलाई 17 में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर गए थे। इन तीनों की वापसी से राज्य प्रशासन को सचिव स्तर के अफसर मिल जाएंगे।

### छत्तीसगढ़ में दो दिन में हो सकती है झमाझम बारिश

**रायपुर, 4 सितंबर।** छत्तीसगढ़ में इन दिनों मानसूनी सिस्टम कमजोर हो गया है। इससे प्रदेश में बारिश की गतिविधि कम हो गई है। प्रदेश के अधिकांश जिलों में बारिश थम गई है। इसके प्रभाव से गर्मी और उमस से लोग परेशान हैं। आगामी दो दिनों के बाद प्रदेश में फिर बारिश की गतिविधि बढ़ेगी। हालांकि इस बीच कुछ जगहों पर हल्की मध्यम बारिश हो सकती है। वहीं एक दो जगह पर गरज चमक के भी संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, छत्तीसगढ़ में आगामी तीन दिनों के दौरान बारिश की गतिविधि में कमी आने की संभावना है। मानसूनी सिस्टम कमजोर होने की वजह से बारिश थम गई है। इसके प्रभाव से गर्मी और उमस बढ़ने लगी है। हालांकि इस बीच कुछ जगहों पर हल्की मध्यम बारिश हो सकती है। साथ ही एक दो जगह पर गरज चमक होने की भी संभावना है।

### खरोरा पुलिस ने शराब कोचिया के घर मारी रेड

**रायपुर, 4 सितंबर ।** खरोरा पुलिस ने शराब कोचिया के घर रेड मारी। एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि खरोरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम केशला स्थित एक मकान में एक व्यक्ति अपने पास अवैध रूप से शराब रखा है तथा बिक्री करने की फिराक में है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना खरोरा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मुखबीर द्वारा बताये मकान में जाकर रेड कार्यवाही किया गया। रेड कार्यवाही के दौरान मकान में एक व्यक्ति उपस्थित था जिसने पूछताछ में अपना नाम लोकनाथ देवांगन होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा मकान की तलाशी लेने पर मकान के कमरे में थैलों में देशी शराब रखा होना पाया गया। लोकनाथ देवांगन से शराब रखने के संबंध में वैध दस्तावेज की मांग करने पर उसके द्वारा किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत न कर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा था। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी लोकनाथ देवांगन को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखें 237 पौवा देशी शराब कीमती लगभग 43,000/- रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना खरोरा में अपराध क्रमांक 588/24 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया। गिरफ्तार आरोपी - लोकनाथ देवांगन पिता स्व राम चरण देवांगन उम्र 45 साल निवासी वार्ड क्र0 16 पंचायत भवन के पास केशला थाना खरोरा जिला रायपुर।

### आरडीए कॉलोनी में पीलिया का कहर जारी

**रायपुर, 4 सितंबर ।** राजधानी रायपुर के बोरियाखुर्द स्थित आरडीए कॉलोनी में इस समय पीलिया का कहर जारी है। इस बीच कॉलोनी के बी-ब्लॉक में पानी से कीटाणु निकल रहे हैं। कॉलोनी के एक घर में कीड़ा निकला है. जिससे कॉलोनी में अफरा-तफरी का माहौल बन गया. इसके साथ ही पानी के साथ कीड़ों का वीडियो भी इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है, जबकि कॉलोनी में इस समय 10 से ज्यादा लोग पीलिया से पीड़ित हैं. 200 से ज्यादा लोगों के प्रभावित होने की आशंका है।



रायपुर। गणेशोत्सव की तैयारी राजधानी में जोर-शोर से चल रही हैं। शहर में गणेश प्रतिमाओं की बिक्री शुरु हो चुकी है। गणेश स्थल सजावट के किए पंडाल सजाए जा रहे हैं. वहीं इस बार विद्युत सजावट भी देखने लायक रहेगी।

# प्रदेश में धान का ठीक से रखरखाव नहीं होने से 1 हजार करोड़ का नुकसान

**भाजपा सरकार पर नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने लगाया आरोप**

**रायपुर 4 सितंबर।** नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने विष्णुदेव सरकार पर आरोप लगाया है कि करोड़ों की राष्ट्रीय क्षति की भाजपा जिम्मेदार है विष्णु देव सरकारसमर्थन मूल्य पर उपार्जित संपूर्ण धान की मिलिंग कराने तथा सुरक्षा एवं रख रखाव में राज्य सरकार के असफल रहने के कारण एक हजार करोड़ से अधिक का धान नष्ट हो गया है।



खरीफ फसल 2023 के धान की खरीदी के दौरान ही भारतीय जनता पार्टी की सरकार आ गई थी। कांग्रेस की सरकार के सुशासन के कारण प्रदेश के किसानों के द्वारा इतिहास का सर्वाधिक धान उत्पादन किया गया। इसीलिए समर्थन मूल्य पर अब तक की सर्वाधिक 144 लाख 92 हजार मैट्रिक टन धान की खरीदी हुई। जो अनुमानित मात्रा 130 लाख मैट्रिक टन से 15 लाख मैट्रिक टन अधिक थी। राज्य सरकार द्वारा धान की इस मात्रा के भंडारण, मीलिंग तथा चावल के उपार्जन एवं भंडारण की कोई कार्ययोजना नहीं बनाई गई।भारतीय जनता पार्टी की लचर सरकार के कुशासन के कारण इस संपूर्ण धान की न तो समय पर मीलिंग हुई और न ही खरीदी केन्द्रों तथा संग्रहण केन्द्रों पर बचे हुए धान की सुरक्षा एवं रखरखाव की समुचित व्यवस्था की गई। इसका दुष्परिणाम यह हुआ है कि दिनांक 02 सितंबर 2024 की स्थिति में धान खरीदी केन्द्रों से 4 लाख 16 हजार 410 क्विंटल धान का उठाव तथा संग्रहण केन्द्रों से 21 लाख 77 हजार 470 क्विंटल धान का उठाव नहीं किया जा सका है। खरीदी केन्द्रों पर जो 4 लाख 16 हजार 410 क्विंटल धान शेष दिख रहा है वह पूरी तरह से नष्ट हो चुका है, इस धान की कुल लागत 166 करोड़ 56 लाख रूपये होती है। यह शुद्ध रूप से राष्ट्रीय क्षति है। संग्रहण केन्द्रों में शेष धान 21 लाख 77 हजार 470 क्विंटल की कुल लागत 870 करोड़ 99 लाख रूपये होती है, इसमें से भी अधिकांश धान पानी से डैमेज हो चुका है, इसलिए कस्टम मीलिंग के लिए राईस मिलर्स इसका उठाव नहीं कर रहे हैं। कुल मिलाकर 1 हजार 37 करोड़ 55 लाख रूपये का धान खराब हुआ है।इसी प्रकार विपणन संघ के जिला बस्तर, दुर्ग, राजनांदगांव, बलौदाबाजार, धमतरी तथा गरियाबंद में बड़ी मात्रा में धान शेष है जो कि वर्षा के पानी से बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है और इस धान की मिलिंग करके यदि चावल बनाया जाएगा तो वह मानव के खाने योग्य नहीं होगा, वह चावल या तो पशु आहार बनाने के काम आएगा अथवा शराब बनाने के काम आएगा। उपार्जित धान में से कुल 142 लाख 32 हजार 735 मैट्रिक टन धान कस्टम मीलिंग करने के लिए राइस मिलर्स को जारी किया गया है। धान की इस मात्रा का 67 प्रतिशत अर्थात् 95 लाख 35 हजार 932 मैट्रिक टन अरवा चावल एफ.सी.आई. तथा नागरिक आपूर्ति निगम में जमा हो जाना चाहिए था, परंतु 02 सितम्बर 2024 तक 68 लाख 21 हजार 77 मैट्रिक टन चावल ही जमा हुआ था ।

# राजधानी में गणेश उत्सव को लेकर गाइडलाइन जारी

**रायपुर 4 सितंबर।** रायपुर जिला प्रशासन ने कलेक्टोरट स्थित रेडक्रास सभागार में गणेश उत्सव समितियों की बैठक आयोजित की. इस बैठक में सभी समितियों के पदाधिकारी मौजूद रहे. इस दौरान स्थानीय प्रशासन और गणेश उत्सव समितियों के प्रतिनिधियों को समय पर आवश्यक रिपोर्ट प्रस्तुत करने और एनजीटी के दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रतिमाओं की विसर्जन प्रक्रिया और पॉलिथीन के उपयोग को लेकर विशेष निर्देश दिए गए. जिला प्रशासन ने गणेश विसर्जन और पंडाल निर्माण को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किया है. जारी निर्देशों के तहत गणेश पंडाल निर्माण और विसर्जन के आदेश दिए गए हैं. निर्धारित स्थानों पर गणेश विसर्जन किया जाए.सभी पंडालों पर सीसीटीवी कैमरे के साथ वांलटियर रखे बायोडिग्रेडेबल सामग्रियों का उपयोग किया जाए. पॉलिथीन थैलियों का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा. समितियों के बैठक में एडीएम देवेंद्र पटेल ने गणेश उत्सव समितियों के पदाधिकारियों से



शांतिभंग नहीं करने और यातायात बाधित न हो इसके लिए सड़क किनारे पंडाल नहीं लगाने की बात कही गई है. उत्सव के दौरान स्वच्छता अभियान भी चलाया जाएगा और किसी भी उल्लंघन के मामले में संबंधित समितियों को जिम्मेदार ठहराया जाएगा. साथ ही प्रदूषण और गंदगी फैलाने पर सख्त कार्रवाई की भी चेतावनी दी गई है. बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ओपी शर्मा सहित जिला प्रशासन के अधिकारी और पदाधिकारी मौजूद रहे।

### एसटीपी के कार्यों में देरी, निगम आयुक्त ने जताई नाराजगी

**रायपुर 4 सितंबर।** नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने एसटीपी का कार्य धीमी गति से होने पर नारागजी व्यक्त करते हुए स्मार्ट सिटी के ठेकेदारों को फटकार लगाई है। दरअसल रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अधिकारियों सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विकास योजनाओं के अनुबंधित ठेकेदारों को बुलवाकर कार्यो की समीक्षा बैठक ली गई। इसमें स्मार्ट सिटी के महत्वपूर्ण कार्य योजनाओं के अनुबंधित ठेकेदार उपस्थित हुए। महाराजबंध तालाब में 3 एमएलडी एसटीपी, नरैय्या तालाब एवं खो-खो तालाब में 1-1 एमएलडी एसटीपी के निर्माण के कार्य में अत्यंत धीमी गति को लेकर निगम आयुक्त ने अपनी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित अनुबंधित एजेंसी समृद्धि वाटर वर्कस को फटकार लगाते हुए अनुबंधित ठेकेदार को तीनों तालाबों में एसटीपी के कार्य को तत्काल प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिया। इसके अलावा 24 घंटे पेयजल आपूर्ति, शास्त्री मार्केट, मटन मार्केट, संबंधित कार्य योजनाओं को शीघ्रता से मॉनिटरिंग करके तय समय सीमा के भीतर पूरा करने के भी निर्देश दिए।



## 8 माह में साइबर ठगो ने 15 सौ 48 लोगों से 11 करोड़ से अधिक की ठगी की

**रायपुर, 4 सितंबर।** साइबर धोखाधड़ी के मामले कितनी तेजी से बढ़ रहे हैं, इसका अंदाजा रिपोर्ट किए गए अपराधों के आंकड़ों को देखकर लगाया जा सकता है। महज 8 महीने में साइबर ठगों ने 1548 लोगों से 11 करोड़ रुपये से ज्यादा की ठगी की है. शिकायत के बाद पुलिस ने अब तक इस साइबर ठग के चंगुल से डेढ़ करोड़ से ज्यादा रुपये बरामद कर लिए हैं. इनमें से कुछ धनराशि लाभार्थियों को लौटाने की प्रक्रिया में है। जिले में साइबर ठगी के शिकार लोगों की संख्या डेढ़ हजार से अधिक हो गयी है. बिलासपुर जिले के थाने में साइबर ठगी के शिकार 150 48 लोगों ने मामला दर्ज कराया और ऑनलाइन ठगी में 11 करोड़ 5 लाख 42 हजार 871 रुपए गंवा दिए। धोखाधड़ी के मामलों की जांच कर रही बिलासपुर पुलिस ने कई खातों की पहचान की और रुपये बरामद किए। 1.5 करोड़ से ज्यादा पर कब्ज़ा करने में सफ्लता हासिल की. पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, आरोपियों द्वारा चिह्नित खातों से अब तक ठगी के शिकार लोगों के खातों में कुछ पैसे वापस भी आ चुके हैं। कुछ मामले कोर्ट में लंबित हैं, जिनके निपटारे के बाद कोर्ट द्वारा पीड़ित के खाते में रकम वापस कर दी जाएगी।धोखाधड़ी में 2 हजार से ज्यादा अकाउंट का इस्तेमाल किया गया है साइबर धोखाधड़ी के मामलों की जांच कर रही बिलासपुर पुलिस धोखाधड़ी की शिकायत के आधार पर उन खातों की पहचान करने में जुट गई है, जिनमें पीड़ित के खाते से पैसे ट्रांसफर किए गए हैं।

## भाजपा सरकार माता-बहनों को सुरक्षा देने में नाकाम : बैज

**रायपुर 4 सितंबर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रवार्ता में यह आरोप लगाया कि 9 महीने की विष्णुदेव सरकार छत्तीसगढ़ के माता बहनों को सुरक्षा देने में नाकाम साबित हुई। दीपक बैज ने यह भी सवाल उठाया की प्रदेश की सरकार कौन चला रहा है। यह सरकार दिल्ली से चल रही है या नागपुर से चल रही है। हम लगातार सवाल पूछ रहे है कि सरकार चला कौन रहा है। छत्तीसगढ़ में जबसे डबल इंजन की सरकार आयी है, भाजपा की सरकार आयी है तब से महिला शक्ति पर दुराचार और अत्याचार बढ़ा है, महिला अपराध की संख्या आठ महिने में ही चार हजार है जबसे भारतीय जनतापार्टी की सरकार आयी है भारतीय जनतापार्टी की कार्यकर्ता खुले आम पुलिस को धमकाने का काम करते है। थानों में पहुंचकर धमकाते है और कहते है की कानून व्यवस्था और पुलिस हम चला रहे है यह शर्मनाक स्थिति है। अगर भारतीय जनता पार्टी की कार्यकर्ता खुले आम कानून व्यवस्था तोड़ने लगे तो जनता का भरोसा उठना लाजमी है। सरकार अपराधियों को संरक्षण दे रही है यह आरोप दीपक बैज ने लगाया। दीपक बैज ने रक्षा बंधन के दीन रायगढ़ में आदिवासी बेटी के साथ गैंग रेप की घटना, रायपुर बस स्टैण्ड में गैंग रेप की घटना, बिलासपुर जिले का उल्लेख करते हुए कहा कि अकेले बिलासपुर जिले में महिला अत्याचार दुराचार की 135 घटनाएं घटी जो शर्म का विषय है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रवार्ता में भाजपा शासन पर तंज कस्ते हुए कहा कि जब जब भाजपा सरकार प्रदेश में होती है तब स्वास्थ्य महकमे में महिलाओं संबंधी घटनाएं घटती है। बिलासपुर का नसबंदी कांड, अखफोड़वा कांड, गर्भाषय कांड रमन सरकार के कार्यकाल में हुआ था और आज विष्णु देव सरकार के कार्यकाल में कोटा विधानसभा क्षेत्र पटैता ग्राम में टीकाकरण के दौरान दो शिशुओं की टीकाकरण के पश्चात मौत हो जाती है, पांच शिशुओं का इलाज जारी है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग जिसको लेकर कांग्रेस ने लगातार विधानसभा में विधायकों के माध्यम से प्रश्न उठाये लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है कोटा की घटना इसका प्रमाण है। एक परिवार जिसको दस साल के बाद पुत्र रत्न की प्राप्ति होती है और वह दो दिन भी खुशी नहीं मना सका। लापरवाह गैर जिम्मेदार इस सरकार के स्वास्थ्य विभाग के टीकाकरण लापरवाही से खुशियां खत्म हो गई यह चिंता का विषय है। कांग्रेस ने जांच कमेटी कोटा विधायक के नेतृत्व में बनायी है।

## विकसित भारत के लिए युवाओं को हुनरमंद होना होगा: अजय भसीन

**रायपुर 4 सितंबर।** छ ग चेंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज भिलाई इकाई अपने कार्यक्रम जिंदगी न मिलेगी दोबारा के माध्यम से युवा छात्र छात्राओं के बीच उत्प्रेरक संगठन के रूप में चर्चित हो रहा है। जिंदगी न मिलेगी दोबारा कार्यक्रम आज के पी एस नेहरू नगर में छात्रों को प्रेरित करने पहुँचा। महामंत्री अजय भसीन ने विकसित भारत यात्रा का बखान करते हुए कहा कि भारत का यह स्वर्णिम काल है विकसित भारत मे हुनरमंद युवा की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने कहा कि युवा संकल्पित हो देश आत्मनिर्भर बनेगा जब युवा अपनी ऊर्जा और अपना सम्पूर्ण समर्पण देगा।राष्ट्रहित में युवा अपनी स्किल का भरपूर योगदान दे। सी ए प्रदीप पाल ने युवा छात्रों को संदेश दिया कि उच्च शिक्षा के बाद विदेश में नॉकरी की सोच न करे भारत देश मे ही बहुत बेहतर अवसर है।बेहतर स्वास्थ्य के लिए शरीर को संतुलित भोजन ग्रहण करना चाहिए जिसमे प्रोटीन, मिनरल ,विटामिन हो ।उपरोक्त बात सुमन कनोजे ने कही।

जिला पुलिस अधीक्षक श्री जितेंद शुक्ला ने युवाओ को अपने मन की सुनो का संदेश दिया।उन्होंने कहा सफलता दृढ विश्वास से मिलती है सफलता की राह में आपका सकारात्मक व सार्थक प्रयास महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम में ट्रैफिक नियमो की जानकारी राजमणि जी ने दी। कार्यक्रम में विशेष अतिथि श्री कैलाश बत्रा ने भी युवाओ को बताया कि सफलता का कोई शार्टकट नही है ,मेहनत व ईमानदारी ही कामयाबी का मार्ग है। विशेष अतिथि श्री करमजीत बेदी ने युवाओ को उद्यमिता से जोड़कर कहा कि अपना व्यवसाय व उद्योग स्थापित करें ,स्वालंबन व स्वरोजगार से देश आत्मनिर्भर होगा। कार्यक्रम में विशेष अतिथि श्री दिनेश सिंघल, राकेश मल्होत्रा,चित्रा राव,प्रेम गहलोत,रवि बत्रा उपस्थित थे। सभी अतिथियों ने वृक्षारोपण भी किया ।मंच संचालन सुनील मिश्रा ने किया।



रायपुर 4 सितंबर। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बसाए गए स्वास्तिक नगर में असुविधाओं के विरोध में वहां के निवासियों ने आक्रोश रैली निकाली।

## शीतल चौरड़िया व ऋचा बरलोटा की युगल प्रभुभक्ति

**रायपुर 4 सितंबर।** आचार्य श्री जिनमणिप्रभ सूरीश्वर जी द्वारा प्रतिष्ठित श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर भैरव सोसायटी में महावीर जन्मवांचन के अवसर पर पालना महोत्सव व 14 स्वप्नों का पूजन धूमधाम से किया गया । श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि जब भगवान महावीर स्वामी मातारानी त्रिशला के गर्भ में आते हैं उस रात्रि माता 14 महास्वप्न देखती है । 14 स्वप्नों के साथ कल्प वृक्ष व महावीर स्वामी के पालना जी का प्रभुभक्ति में पूजन कर महोत्सव मनाया गया । श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर में पालना जी को बधाने के लाभार्थी स्व डॉ हेमराज जी बरड़िया के आत्मश्रेयार्थ मातुश्री विमला देवी की प्रेरणा से अशोक जी किशोर जी मनीष जी बरडिया



,-3 आम्रपाली सोसाइटी रायपुर परिवार ने लिया । श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी भैरव सोसाइटी से परमात्मा के पालना जी गाजे बाजे के साथ किशोर बरड़िया परिवार के निवास स्थल आम्रपाली सोसायटी शोभायात्रा श्रीसंघ सह बधाए गए । सी ए किशोर बरड़िया , आम्रपाली निवास में भगवान महावीर स्वामी के पालना जी की भक्ति रात्रि 8 बजे से होगी जिसमें रायपुर सकल श्रीसंघ भाग लेगा । चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी में कल सुमधुर भजन गायिका दीप्ती बैद ने भजनों से श्रद्धालुओं का मनमोह लिया । दीप्ती ने बताया कि वर्तमान में महाविदेह क्षेत्र से ही मोक्ष जाना संभव है सो भजन सीमंधर स्वामी के पास हमें जाना है , संयम लेके केवल पाके मोक्ष हमें जाना है , गाते हुए श्रावक श्राविकाओं ने मोक्ष की कामना की ।भजन संध्या के लाभार्थी जयकुमार पंकज भारत बैद जिनकुशल ज्वेलर्स हैं । पर्युषण पर्व के पांचवे दिन 4 सितम्बर को शीतल चोरड़िया व ऋचा बरलोटा की युगल प्रस्तुति होगी । जिसके लाभार्थी राजेश जी करुणा जी सिंघी परिवार हैं । प्रतिदिन दादागुरुदेव इक्तिसा जाप व प्रभु भक्ति कार्यक्रम का संयोजन खरतरगच्छ महिला परिषद राष्ट्रीय संगठन मंत्री मंजू कोठारी द्वारा किया जा रहा है ।

### 5 सितम्बर को कैट का विद्युत बचत एवं अक्षय ऊर्जा पर कार्यशाला

**रायपुर 4 सितंबर।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि आज कैट एवं युवा टीम के पदाधिकारियो की मिटिंग हुई जिसमें आगामी 5 सितम्बर को कैट का विद्युत बचत एवं अक्षय ऊर्जा पर कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी ने कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) एवं सिटीजन कंज्यूमर एंड सिविक एक्शन ग्रुप (सीएजी) चेन्नई, के संयुक्त तत्वावधान में विद्युत बचत व अक्षय ऊर्जा विषय पर दिनांक 5 सितम्बर दिन गुरुवार को शाम 4:00 बजे कैट के प्रदेश कार्यालय में उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।



कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26